★ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

★ रजि.नंबर : 52290/90 ★ वर्ष : 36 ★ अंक: 353 ★ पृष्ठ: 12 ★ औरंगाबाद, शनिवार, 26 जुलाई 2026 ★ मूल्य : 3.00 रुपये ★ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ★ www.navbihartime.com



शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिया इस्तीफा



# बिहार को टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप हब बनाने की दिशा में तीन रणनीतिक रिपोर्ट जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली बिहार सरकार के 'सेवा, संकल्प, समर्पण' के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उद्योग विभाग ने बिहार की नई अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी आधारित विकास की दिशा तय करने वाली तीन महत्वपूर्ण रणनीतिक पुस्तिकाओं का विमोचन किया। विमोचित पुस्तिकाओं में स्टार्टअप और नई अर्थव्यवस्था पर कार्य समिति की रिपोर्ट, बिहार को वैश्विक बैकएंड हब एवं वैश्विक कार्यस्थल के रूप में स्थापित करने संबंधी कार्य समिति की रिपोर्ट तथा बिहार को पूर्वी भारत का प्रौद्योगिकी केंद्र बनाने संबंधी कार्य समिति की रिपोर्ट शामिल हैं। उद्योग विभाग के अनुसार इन रिपोर्टों में बिहार को स्टार्टअप, नवाचार, डिजिटल अर्थव्यवस्था, सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाओं, वैश्विक क्षमता केंद्र, बैक-ऑफिस सेवाओं तथा उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए विस्तृत दृष्टि, नीतिगत सुझाव और कार्ययोजना प्रस्तुत की गई है। विभाग का कहना है कि ये रणनीतिक दस्तावेज राज्य में निवेश आकर्षित करने, उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार सृजित करने, उद्यमिता को बढ़ावा देने और बिहार को ज्ञान आधारित तथा प्रौद्योगिकी संचालित अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार नई अर्थव्यवस्था, नवाचार और प्रौद्योगिकी आधारित विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन रणनीतिक रिपोर्टों के माध्यम से राज्य ने स्टार्टअप, सूचना प्रौद्योगिकी, वैश्विक क्षमता केंद्र और डिजिटलीकरण के क्षेत्र में अपनी दूरदर्शी विकास नीति को स्पष्ट किया है। उनके अनुसार इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से बिहार निवेश, उद्यमिता और गुणवत्तापूर्ण रोजगार सृजन का राष्ट्रीय केंद्र बनकर उभरेगा। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने कहा कि रिपोर्ट व्यापक परामर्श, विशेषज्ञों के सुझाव और भविष्य की औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि विभाग इन रणनीतिक पहलों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित हितधारकों के साथ समन्वित रूप से कार्य करेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# बिहार विधानसभा सचिवालय में डिजिटल मुद्रणालय स्थापित करने की तैयारी

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा सचिवालय में आधुनिक डिजिटल मुद्रणालय (प्रिंटिंग प्रेस) स्थापित करने की दिशा में शुक्रवार को महत्वपूर्ण पहल की गई। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा स्थित उनके कार्यालय कक्ष में सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों, गुलजारबाग प्रेस के प्रतिनिधियों तथा बिहार विधान परिषद के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सचिवालय में मुद्रणालय स्थापित करने से जुड़े विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि वर्तमान में विधानसभा से संबंधित औपचारिक कार्यक्रम पुस्तिका, अल्पसूचित प्रश्न, तारांकित प्रश्न, बजट संबंधी कटौती प्रस्ताव, अनुमोदन मांगों पर वाद-विवाद, महत्वपूर्ण विपत्र, समिति प्रतिवेदन, लंबित आश्वासनों की सूची, दलगत सूची, मेमो पैड, बड़े-छोटे लिफाफे, सदस्यों की उपस्थिति पंजी और कैलेंडर सहित अनेक दस्तावेजों का मुद्रण बिहार सचिवालय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना में कराया जाता है। वहीं लेटर पैड, डायरी, दूरभाष निर्देशिका, कार पास, विभिन्न प्रकार के बीटीसी प्रपत्र, वेतन रजिस्टर और अन्य सामग्री का मुद्रण स्थानीय एजेंसियों के माध्यम से कराया जाता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में आकस्मिक और अत्यावश्यक दस्तावेजों की समय पर छपाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साथ ही मुद्रणालय दूर होने के कारण मुद्रित सामग्री उपलब्ध होने में भी अनावश्यक विलंब होता है। इसे देखते हुए सचिवालय परिसर में ही बिहार सचिवालय मुद्रणालय, गुलजारबाग के अनुरूप डिजिटल प्रेस स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है। बैठक के दौरान गुलजारबाग प्रेस के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस प्रकार की प्रेस की स्थापना के लिए लगभग 2,500 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले भवन तथा स्टोर की आवश्यकता होगी। इस पर डॉ. प्रेम कुमार ने सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों को उपयुक्त स्थान का चयन करने के निर्देश दिए। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि डिजिटल प्रेस स्थापित होने से ए-3 आकार तक के रंगीन और श्वेत-श्याम दस्तावेजों की छपाई और बाइंडिंग सचिवालय परिसर में ही संभव होगी। इससे प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी, लागत कम होगी, संवेदनशील और गोपनीय सरकारी दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी तथा प्रिंट ऑन डिमांड सुविधा के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज तत्काल उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

# राज्य के 5,446 भूमिहीन परिवारों को मिला बंदोबस्ती प्रमाण पत्र : डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल

## गया, नालंदा और पटना में सर्वाधिक प्रमाण-पत्र वितरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार भूमिहीन परिवारों को सम्मानजनक जीवन और सुरक्षित आवास का अधिकार सुनिश्चित करने के अपने संकल्प को तेजी से साकार कर रही है। अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत 25 जुलाई को राज्यभर के 5,446 पात्र भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त तक 30,000 पात्र भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित है जिसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा है। मंत्री ने बताया कि गया जिले में सर्वाधिक 407 बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इसके बाद नालंदा में 378, पटना में 363, औरंगाबाद में 296, बांका में 282, कटिहार में 222, बेगूसराय में 210, किशनगंज में 209, मुंगेर में 204, समस्तीपुर में 189, गोपालगंज में 187, वैशाली में 178, मधुबनी में 175, भागलपुर में 172, खगड़िया में 161, नवादा में 157, सारण में 151, सहरसा में 147, मुजफ्फरपुर में 138, रोहतास में 130, दरभंगा में 119, जमुई में 111, मधेपुरा में 99, सुपौल में 98, कैमूर में 81, पूर्वी चंपारण में 70, अररिया में 69, लखीसराय में 61, भोजपुर में 57, शेखपुरा में 57, जहानाबाद में 56, सीतामढ़ी में 48, पश्चिमी चंपारण में 47, शिवहर में 28, सीवान में 25, पूर्णिया में 24, बक्सर में 23 तथा अरवल में 17 पात्र भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि कोई भी पात्र भूमिहीन परिवार वास भूमि के अधिकार से वंचित न रहे। अभियान बसेरा-2 के माध्यम से गरीब एवं वंचित परिवारों को आवासीय भूमि उपलब्ध कराकर उन्हें सामाजिक सुरक्षा, स्थायित्व और सम्मानजनक जीवन का आधार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल भूमि आवंटन तक सीमित नहीं है, बल्कि हजारों परिवारों के सुरक्षित भविष्य और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# बिहार बंद पूरी तरह फ्लॉप : मंगल पांडेय



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आज का बिहार बंद पूरी तरह असफल रहा। जनता ने इसे नकार दिया है। उन्होंने कहा कांग्रेस, राजद एवं अन्य विपक्षी दल मिलकर सरकार और सत्ता पक्ष को बदनाम करने की साजिश में लगे हैं। ये वही ताकतें हैं जो हमेशा बिहार को भ्रम और अराजकता में धकेलना चाहती है। श्री पांडेय ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार युवाओं के साथ खड़ी है।

# बी.डी. कॉलेज में एनसीसी कैडेटों का टीबी उन्मूलन जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना की एनसीसी इकाई के तत्वावधान में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत पेंटिंग-पोस्टर प्रतियोगिता और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एनसीसी कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना था कि टीबी पूरी तरह इलाज योग्य बीमारी है और समय पर जांच, नियमित दवा तथा उचित पोषण के माध्यम से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। कैडेटों ने आकर्षक पोस्टरों और प्रभावशाली स्लोगनों के जरिए टीबी के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी। साथ ही समाज में टीबी को लेकर फैली भ्रांतियों और भेदभाव को समाप्त करने का संदेश भी दिया। कैडेटों ने अपने स्लोगनों के माध्यम से टीबी से प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूति रखने, उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करने तथा सही जानकारी के व्यापक प्रचार-प्रसार की अपील की। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक भागीदारी से ही संभव है। कार्यक्रम के दौरान कैडेटों द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों और स्लोगनों का अवलोकन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिवाकर प्रसाद तथा अन्य शिक्षकों ने किया। इस अवसर पर डॉ. दिवाकर प्रसाद ने एनसीसी कैडेटों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन के राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य संबंधी चेतना विकसित करने और लोगों को गंभीर बीमारियों के प्रति सचेत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में डॉ. अमित कुमार (बरसर), डॉ. विशाल विजय (राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी), डॉ. बिनोद कुमार, डॉ. शत्रुघ्न शरण सिंह, डॉ. राजीव कुमार, लेफ्टिनेंट राहुल कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एसबीआई लेडीज क्लब ने वार्षिक उत्सव 'उल्लास 2026' का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लेडीज क्लब, पटना द्वारा अपने वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'उल्लास 2026' का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन 25 जुलाई 2026 को किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि अनुराग जोशी, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल रहे। पूजा जोशी, अध्यक्ष, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लेडीज क्लब, पटना एवं मुख्य अतिथि अनुराग जोशी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में एसबीआई लेडीज क्लब, पटना परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। समारोह का मुख्य आकर्षण 'वैदेही' शीर्षक पर आधारित एक भावपूर्ण एवं विषयगत नाट्य-सांस्कृतिक प्रस्तुति रही। इस विशेष प्रस्तुति में माता सीता (वैदेही) के जीवन के विभिन्न आयामों–त्याग, धैर्य, आत्मसम्मान, नारी शक्ति एवं मर्यादा–को नृत्य, संगीत, अभिनय एवं प्रभावशाली मंचन के माध्यम से अत्यंत मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया तथा सभी ने कलाकारों की सराहना करते हुए जोरदार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान क्लब की सदस्यों द्वारा मनमोहक समूह एवं एकल नृत्य, मधुर गीत, हास्य एवं सामाजिक संदेशों से परिपूर्ण नाटक तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। प्रत्येक प्रस्तुति ने प्रतिभा, समर्पण, रचनात्मकता एवं टीम भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। 'उल्लास 2026' केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम ही नहीं, अपितु एसबीआई लेडीज क्लब, पटना परिवार के बीच आपसी स्नेह, एकता, सांस्कृतिक मूल्यों तथा महिला सशक्तिकरण की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम भी बना।

# जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां भारत की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती : डॉ. बी एस राजपूत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** सोशल एंड इकोनॉमिक सस्टेनेबिलिटी रिसर्च फाउंडेशन अनुसंधान एवं ज्ञान मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित स्पार्क हेल्थ डायलॉग में देश के वरिष्ठ चिकित्सक और स्टेम सेल शोधकर्ता डॉ बी एस राजपूत ने कहा कि भारत में लाइफस्टाइल डिजीज और नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज का लगातार बढ़ता बोझ देश की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से एपिडेमियोलॉजिकल ट्रांजिशन के दौर से गुजर रहा है। संक्रामक रोगों की तुलना में क्रॉनिक डिजीज, डिजेनरेटिव डिजीज और लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए अधिक बड़ी चुनौती बन रही है। स्टेम सेल थेरेपी, सेलुलर थेरेपी और रिजेनरेटिव मेडिसिन पर चर्चा करते हुए डॉ. राजपूत ने स्पष्ट किया कि ये उभरती हुई चिकित्सा पद्धतियां पारंपरिक उपचार का विकल्प नहीं, बल्कि चयनित मरीजों के लिए एक अतिरिक्त चिकित्सीय विकल्प हो सकती है।

# बांकीपुर में अहंकार बनाम संस्कार की लड़ाई : ऋतुराज सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के जनसंपर्क अभियान के दौरान कहा कि यह चुनाव केवल एक सीट का नहीं, बल्कि अहंकार बनाम संस्कार की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता सदैव विनम्रता, सम्मान और लोकतांत्रिक मूल्यों को प्राथमिकता देती है तथा अभद्र राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करती। श्री सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है और चुनाव के समय प्रत्याशी याचक के रूप में आशीर्वाद मांगने जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशांत किशोर चुनाव प्रचार में ऐसी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं जो लोकतांत्रिक मर्यादा के विपरीत है। चुनावी सभा में उनका यह कहना कि पिछले चुनाव में आपने भाजपा को वोट दिया था, इस बार हमें वोट नहीं देंगे तो पछताना पड़ेगा, जनसम्मान और संवाद के सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा कार्यकर्ता संस्कार और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखते हैं। किसी प्रतिद्वंद्वी पर अशोभनीय टिप्पणी करना हमारी संस्कृति नहीं है। श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के विरुद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग लाखों संघर्षशील युवाओं का अपमान है। किसी की आर्थिक पृष्ठभूमि या शिक्षा का उपहास उड़ाना भारतीय संस्कृति के सर्वथा विपरीत है। बिहार भगवान बुद्ध, महावीर और चाणक्य की पावन भूमि है जिसने विश्व को शालीनता का संदेश दिया है। बांकीपुर की जनता अहंकार नहीं, बल्कि संस्कार और विकास के पक्ष में जनादेश देगी।

# रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा नेक्स्टजेन का इंस्टॉलेशन समारोह संपन्न

## अभिषेक बिदासरिया ने अध्यक्ष पद संभाला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पाटलिपुत्रा नेक्स्टजेन का इंस्टॉलेशन समारोह एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के आधिकारिक क्लब दौरे का आयोजन शुक्रवार को होटल पनाश, पटना में 'क्षितिज' थीम के साथ संपन्न हुआ। समारोह में रोटरी के जिला पदाधिकारी, क्लब के सदस्य, विशिष्ट अतिथि एवं अन्य आमंत्रित लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गान, दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वंदना से हुई। इसके बाद अतिथियों का सम्मान किया गया तथा निवर्तमान पदाधिकारियों ने अपने कार्यकाल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कॉलर एक्सचेंज सेरेमनी के माध्यम से वर्ष 2026-27 के लिए नए नेतृत्व ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया। समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अनु नारंग मुख्य अतिथि तथा पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन संदीप नारंग विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

# बाजार प्रांगणों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए दिया गया निर्देश : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी सह विशेष पदाधिकारी, कृषि बाजार समिति (वि.) को उनके क्षेत्राधिकार अंतर्गत स्थित सभी बाजार प्रांगणों का नियमित निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि बाजार प्रांगण में किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा संगठन द्वारा बिना विधिवत अनुमति के किसी प्रकार का अवैध हाट, मेला अथवा अन्य अनाधिकृत गतिविधि संचालित न हो। साथ ही बाजार प्रांगण में कोई अतिक्रमण न हो, यदि ऐसी कोई गतिविधि संज्ञान में आती है तो उसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल बंद कराना सुनिश्चित किया जाय। श्री सिन्हा के कहा कि ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि बाजार समिति के प्रांगणों में विभिन्न प्रकार का आयोजन बिना अनुमति किया जा रहा है। कृषि विपणन निदेशालय के अधीनस्थ बाजार प्रांगणों में बिना सक्षम प्राधिकार की अनुमति के किसी भी प्रकार का अवैध हाट, मेला, अस्थायी बाजार अथवा अन्य अनाधिकृत व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन किया जाना अनुमान्य नहीं है। उन्होंने कहा कि निरसन अधिनियम की धारा-4 के अन्तर्गत विशेष पदाधिकारी को बाजार समिति की सभी अचल सम्पत्तियों का जिनमें भूमि भवन शामिल है का प्रभार लेना है। साथ ही उनको बाजार समिति की चल सम्पत्तियों, जिनमें बैंक या अन्य स्थानों पर जमा अथवा हाथ में रखी गयी नगद राशि, गाड़ियां, उपकरण, संयंत्र, उपस्कर आदि शामिल है, का प्रभार भी ले लेना है। विशेष पदाधिकरी इस प्रकार प्रभार में ली गयी सभी चल एवं अचल सम्पत्तियों को राज्य सरकार की ओर से तथा राज्य सरकार के लिए अपने प्रभार में रखेंगे तथा बाजार पर्षद के प्रशासक एवं सरकार के निदेशों के अनुसार कार्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि इन सम्पत्तियों का उपयोग कृषि तथा किसानों से संबंधित कार्यों में ही किया जा सकता है जिसमें कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना, बागवानी, कृषि सेवा, कृषि विपणन, कृषि उत्पादन, भंडारण आदि शामिल होंगे। कृषि मंत्री ने निर्देश दिया कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय की किसी अन्य प्रयोजनार्थ इनका व्यवहार गैर कानूनी होगा।

# धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा विपक्षी दलों के दबाव का नतीजा : राजद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा छात्र आंदोलन और विपक्षी दलों के दबाव का नतीजा है। इन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इतना किरकिरी करवा कर छात्र आंदोलनकारी पर अत्याचार और अन्यायपूर्ण व्यवहार करवा कर जिस तरह से छात्र आंदोलन को बदनाम करवाने की साजिश की गई थी, उसकी परवाह किए बिना छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर जो जनआक्रोश और एकता दिखाया और जिस तरह से विपक्षी दलों ने आंदोलनकारी छात्रों का साथ दिया उससे नरेंद्र मोदी सरकार घबरा गई और केंद्र सरकार ने आंदोलन को दबाने के लिए जितना भी दबाव बनाया और आंदोलन को बदनाम करने के लिए चाहे जो भी कार्य किया हो उसकी परवाह किए बिना आंदोलन चलता रहा।

# शिक्षा सुधार आंदोलन में इस्तीफा के बाद भी न्याय अधूरा : राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक, सीबीएसई परीक्षा में अनियमितता और देश में लीक प्रूफ परीक्षा प्रणाली और बेहतर शिक्षा की मांग को लेकर चल रहे छात्र आंदोलनों और देश के नेता विपक्ष राहुल गांधी के द्वारा प्रधानमंत्री को सदन में बैकफुट पर डालने से विवश होकर केंद्र की दंभी और अहंकारी मोदी सरकार के अकर्मण्य शिक्षा मंत्री ने अंततः इस्तीफा दे दिया। ये बातें प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित विजय मार्च बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि 22 नीट अभ्यर्थियों को आत्महत्या के लिए विवश करने वाली यह सरकार लगातार पेपर लीक के मुद्दे पर मौन धारण किए रही और छात्रों की वाजिब मांगों को लगातार दरकिनार करती रही। भाजपा सरकार के नेतृत्व वाली सरकार ने रोजगार और शिक्षा के मामले में छात्रों की हकमारी की है। लगातार छात्रों ने बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए आंदोलन किया और उसे देश के नेता प्रतिपक्ष ने छात्रों की गूंज के माध्यम से व्यापक फलक प्रदान किया।

# मंडल अध्यक्ष ही भाजपा में विधायक उम्मीदवार बन सकता है : मिथिलेश तिवारी

## मातृ शक्ति के आशीर्वाद से भाजपा बेहतर परिणाम के साथ जीतेगी प्रो. रणवीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जहां एक मंडल अध्यक्ष भी विधायक का उम्मीदवार बन सकता है यही बीजेपी और अन्य पार्टियों में अंतर है। श्री तिवारी बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए बुद्धा कॉलोनी स्थित मॉडर्न कॉम्पिटेटिव स्कूल परिसर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बात बांकीपुर के लोगों का सेना तब गर्व से चौड़ा हो जाता है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं नितिन नवीन इज माय बॉस। उन्होंने कहा कि बांकीपुर के क्षेत्र में युद्ध के लिए यहां विरोधियों के द्वारा द्वारा एक उम्मीदवार लाया गया है जो पैसा लेकर नेताओं के लिए पहले काम करता था उसे उम्मीदवार के द्वारा बंगाल में हिंदुओं को प्रताड़ित करने वाले पार्टी के लिए काम किया गया था। इसलिए बांकीपुर के लोगों से आग्रह है कि वे लोग मतदान में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेकर भाजपा के उम्मीदवार नीरज सिंह को विजयी बनाएं। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रोफेसर रणवीर नंदन ने कहा कि मतदान में सबसे अधिक महिलाएं सक्रिय होती है उनका मतदान अनुपात पुरुषों की तुलना में तीन से चार परसेंट हर चुनाव में ज्यादा होता है।

# पांच वर्ष में डीएल बनवाने वाली महिलाओं की संख्या में डेढ़ गुना की बढ़ोतरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य में महिलाएं अब दोपहिया और चारपहिया वाहनों की कमान बेझिझक संभालते हुए शिक्षा, नौकरी, व्यवसाय और अन्य गंतव्यों पर पहुंच रही हैं। परिवहन विभाग के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले पांच वर्षों में एक लाख से अधिक महिलाओं ने ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) बनवाया है। यह संख्या हर वर्ष बढ़ती जा रही है जो महिलाओं में बढ़ती जागरूकता और सशक्तिकरण का प्रमाण है। आंकड़ों के अनुसार इन पांच वर्षों में महिलाओं के डीएल लेने की संख्या में डेढ़ गुना बढ़ोतरी हुई है। प्रति वर्ष कुल डीएल में महिलाओं की हिस्सेदारी अब 3 प्रतिशत के करीब पहुंच गई है। परिवहन विभाग के सचिव राज कुमार ने कहा कि बिहार की महिलाएं अब अधिक आत्मविश्वासी होकर वाहनों का संचालन कर रही है। महिलाओं के डीएल की संख्या में निरंतर वृद्धि सरकार की महिला सशक्तिकरण नीतियों का प्रत्यक्ष परिणाम है। आगे बताया कि वर्ष 2021 में जनवरी से दिसंबर के बीच 18 हजार से अधिक महिलाओं ने ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया है। वर्ष 2022 और 2023 में यह संख्या लगभग 20-20 हजार रही। वर्ष 2024 में आंकड़ा 21 हजार 400 था।

# चार माह से बंद केवाइपी केंद्र खोलने की मांग को लेकर जन्दाहा में प्रदर्शन, सरकार से तत्काल निर्णय की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**जन्दाहा (वैशाली)।** कुशल युवा कार्यक्रम के चार माह से बंद पड़े प्रशिक्षण केंद्रों को पुनः शुरू करने की मांग को लेकर शनिवार को जन्दाहा में छात्र-छात्राओं, प्रशिक्षकों, केंद्र संचालकों एवं युवाओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। 'केवाईपी बचाओ अभियान' के तहत आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेते हुए सरकार से प्रशिक्षण व्यवस्था तत्काल बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के अध्यक्ष एवं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के निदेशक डॉ. आनन्द रंजन झा ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्रों के बंद रहने से हजारों युवाओं की पढ़ाई और कौशल प्रशिक्षण प्रभावित हो रहा है। नए नामांकन भी पूरी तरह बंद है जिससे बड़ी संख्या में छात्र योजना का लाभ लेने से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि केवाईपी योजना ने वर्षों तक ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने का कार्य किया है। वर्तमान स्थिति से न केवल विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हुआ है, बल्कि प्रशिक्षकों एवं केंद्र संचालकों के सामने भी आर्थिक संकट गहरा गया है। प्रदर्शन के दौरान प्रतिभागियों ने सरकार के समर्थन में कौशल विकास को मजबूत करने तथा बंद केंद्रों को शीघ्र चालू करने की मांग उठाई।

★ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

★ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

★ रजि.नंबर : 52290/90 ★ वर्ष : 37, ★ अंक: 59 ★ पृष्ठ: 12 ★ औरंगाबाद, रविवार, 26 जुलाई 2026 ★ मूल्य : 3.00 रुपये ★ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ★ www.navbihartime.com



बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीएम सम्राट चौधरी

# गया में स्टील प्लांट हब होगा विकसितः सम्राट

## 'सेवा, संकल्प और समर्पण' के 100 दिन पर मुख्यमंत्री ने विकास को लेकर किये कई बड़े ऐलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सरकार के 'सेवा, संकल्प और समर्पण' के 100 दिन पूरे होने पर बीआईटी मेसरा, पटना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विकास का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और निवेश से जुड़े कई बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि सरकार का हर निर्णय जनहित, सुशासन और विकसित बिहार के संकल्प को समर्पित रहा है तथा राज्य को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने 11,464 करोड़ की लागत वाली 2,476 विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने बताया कि सभी 534 प्रखंडों में आयोजित सहयोग शिविरों में अब तक सात लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें लगभग 90 प्रतिशत मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से लंबित मामलों की सुनवाई



स्वयं प्रत्येक माह की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक जिले में उद्योग स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है और 20 नवंबर तक बिहार में 5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। पीपीपी मॉडल पर सड़क, उद्योग और मेडिकल कॉलेज विकसित किए जाएंगे। अगले तीन वर्षों में करीब 200 किलोमीटर मरीन ड्राइव का निर्माण किया जाएगा। गया के इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) में लगभग तीन हजार एकड़ क्षेत्र में स्टील प्लांट हब विकसित होगा, जबकि वैशाली के राजापाकर में इलेक्ट्रॉनिक्स पार्क स्थापित किया जाएगा, जहां 20 से 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश और करीब एक लाख रोजगार सृजित होने की संभावना है। अगले पांच वर्षों में 25 नई चीनी मिलें स्थापित करने की भी घोषणा की गई। शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एक साथ 211 नए डिग्री कॉलेज शुरू किए गए हैं तथा 551 विद्यालयों को मॉडल स्कूल बनाया गया है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर एआई एवं कंप्यूटर साइंस विश्वविद्यालय तथा शहीद जुब्बा सहनी के नाम पर आर्किटेक्चर एवं इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय स्थापित किए जाएंगे। विक्रमशिला विश्वविद्यालय के विकास के लिए 220 एकड़ भूमि उपलब्ध करा दी गई है। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त के बाद जिला एवं अनुमंडल अस्पतालों से सामान्य मरीजों को अनावश्यक रेफर करने की व्यवस्था समाप्त की जाएगी। पीपीपी मॉडल के माध्यम से आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा, ताकि लोगों को अपने जिले में ही बेहतर उपचार मिल सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि गंडक और कोसी नदी के किनारे कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे।

पटना में जीविका टावर का निर्माण महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए आधुनिक केंद्र के रूप में होगा। साथ ही एक करोड़ नए लाभुकों को राशन कार्ड से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हेली-टूरिज्म विकसित किया जाएगा तथा दरभंगा, सोनपुर और सुल्तानगंज में हवाई अड्डा परियोजनाओं पर भी कार्य तेज किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सरकार की 100 दिनों की उपलब्धियों पर आधारित पत्रिका एवं कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण किया। साथ ही विभिन्न विभागों की उपलब्धियों पर आधारित लघु फिल्मों का भी प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर मंत्रिमंडल के सदस्यगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह सहित अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

## एक नजर

### ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज राजवंशी नगर स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण (एल०एन० जे०पी०) अस्पताल परिसर में नवनिर्मित 400 बेड क्षमता वाले हड्डी रोग अति विशिष्ट अस्पताल के नये भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत मुख्यमंत्री ने अस्पताल के विभिन्न विभागों, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया तथा भर्ती मरीजों से संवाद कर उन्हें मिल रही चिकित्सा सेवाओं और उपचार की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य बिहार के नागरिकों को अपने ही राज्य में विश्वस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत, सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया, विधान पार्षद नवल किशोर यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल से जुड़े चिकित्सकगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

### बिहार को 400 इलेक्ट्रिक बसों की स्वीकृति

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को पटना स्थित वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में परिवहन विभाग द्वारा आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत संचालित होने वाली इलेक्ट्रिक बसों तथा बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) के नए डीलक्स बस बेड़े को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समारोह में भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत बिहार को स्वीकृत 400 इलेक्ट्रिक बसों (200 बसें 12 मीटर एवं 200 बसें 9 मीटर श्रेणी) में से पहली इलेक्ट्रिक बस का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही बीएसआरटीसी के 149 डीलक्स बसों के प्रस्तावित बेड़े में से 76 बसों का संचालन शुरू किया गया, जिनमें तीन एसी और 73 नॉन-एसी बसें शामिल हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, परिवहन मंत्री दामोदर रावत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, परिवहन विभाग के सचिव राज कुमार, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा सहित परिवहन विभाग एवं निगम के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### बीसी-इबीसी कन्या +2 आवासीय विद्यालयों में जल्द होगी 478 शिक्षकों की बहाली

**पटना।** पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से संचालित बीसी-ईबीसी कन्या +2 आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाएगा। विभाग ने कुल 478 पदों पर नियुक्ति के लिए बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) को अधियाचना भेज दी है। इन पदों पर बहाली टीआरई-4 (शिक्षक भर्ती परीक्षा-4) के माध्यम से की जाएगी।


विभाग की तरफ से भेजी गई अधियाचना के अनुसार उच्च माध्यमिक शिक्षक के 230 पद, माध्यमिक शिक्षक के 129 पद, प्रारंभिक शिक्षक (कक्षा 6 से 8) के 103 पद तथा प्रधानाध्यापक के 16 पद शामिल हैं। इस मामले में पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती रमा निषाद का कहना है कि 'टीआरई-4 के तहत 478 शिक्षकों की नियुक्ति से आवासीय विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था और मजबूत होगी। विभाग का प्रयास है कि प्रत्येक विद्यालय में पर्याप्त संख्या में योग्य शिक्षक उपलब्ध हो, ताकि छात्र-छात्राएं अपने सपनों को नई उड़ान दे सकें।

### धर्मेंद्र प्रधान का शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफ़ा, सीजेपी बोली- 'हमने कर दिखाया'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद आंदोलनरत प्रदर्शनकारियों से धरना समाप्त कर घर लौटने की अपील की गई है। शनिवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह के साथ तीसरे दौर की वार्ता के बाद सीजेपी के प्रवक्ता अभिषेक रांका ने कहा कि संगठन की प्रमुख मांगें स्वीकार कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि चार सप्ताह बाद सरकार के साथ फिर बैठक होगी, जिसमें शेष मांगों और शिक्षा व्यवस्था में सुधार के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर युवाओं का आंदोलन जारी था। पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने इस मांग के समर्थन में 26 दिनों तक भूख हड़ताल की। आंदोलन में विभिन्न छात्र संगठनों ने भी भागीदारी की। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के तीन छात्र भी 23 दिनों तक अनशन पर रहे।

### धूमधाम से संपन्न हुई घुरती रथ यात्रा

**रांची।** नौ दिनों तक मौसीबाड़ी में प्रवास के बाद शनिवार को भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की घुरती रथ यात्रा (बहुदा यात्रा) श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। गाजे-बाजे और जयकारों के बीच तीनों देव विग्रहों को वापस मुख्य मंदिर लाया गया। रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे मार्ग में "जय जगन्नाथ" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। भक्तों ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ अपने भाई और बहन के साथ नौ दिनों के प्रवास के बाद रथ पर सवार होकर मंदिर लौटे। घुरती रथ यात्रा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास भी शामिल हुए। उन्होंने भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचकर आस्था प्रकट की।



# 110 परिवारों को मिला बंदोबस्ती पर्चा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। नई सरकार के 'सेवा, संकल्प एवं समर्पण' के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर शनिवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीआरडीए सभागार सहित जिले के सभी प्रखंडों, नगर निकायों और पंचायतों में किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान सरकार के 100 दिनों की उपलब्धियों पर आधारित रिपोर्ट कार्ड बुकलेट और डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बीते 100 दिनों में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिनसे सुशासन, विकास और जनकल्याण को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धियों का लेखा-जोखा ही नहीं, बल्कि विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बिहार की मजबूत शुरुआत है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्यभर में 11,464 करोड़ की लागत से 2,476 विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन भी किया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम के बाद डीआरडीए सभागार में अभियान बसेरा-02 के तहत नवादा सदर अंचल के 15 लाभुक परिवारों को जिला पदाधिकारी ने बंदोबस्ती पर्चा वितरित किया। साथ ही विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड स्तर पर अकबरपुर, रजौली, नरहट, सिरदला, नारदीगंज, काशीचक एवं पकरीबरावां में पांच-पांच, जबकि गोविंदपुर, मेसकौर, रोह, वारिसलीगंज, हिसुआ एवं कौआकोल में 10-10 परिवारों को बंदोबस्ती पर्चा वितरित किया गया। इस प्रकार जिले में कुल 110 भूमिहीन परिवारों को भूमि का कानूनी अधिकार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, भूमि सुधार उप समाहर्ता, नवादा सदर, गोपनीय शाखा एवं स्थापना प्रभारी, प्रभारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, बीस सूत्री समिति के सदस्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्नातक महाविद्यालयों के पुनर्गठन प्रस्ताव का शिक्षकों व कर्मचारियों ने किया विरोध, आंदोलन की चेतावनी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। राज्य सरकार द्वारा स्नातक महाविद्यालयों के प्रस्तावित पुनर्गठन एवं विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन की योजना का विरोध तेज हो गया है। मगध विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई टीएस कॉलेज, हिसुआ में शिक्षक संघ एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ की संयुक्त बैठक आयोजित कर सरकार के प्रस्ताव को उच्च शिक्षा, अकादमिक स्वायत्तता और विद्यार्थियों के हितों के प्रतिकूल बताया गया। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार दुबे ने की। शिक्षक संघ के सचिव डॉ. संजय कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाएं नहीं हैं, बल्कि शिक्षण, शोध, पाठ्यक्रम निर्माण और गुणवत्ता नियंत्रण के प्रमुख केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि यदि स्नातक महाविद्यालयों को विश्वविद्यालयों के नियंत्रण से हटाकर सीधे उच्च शिक्षा विभाग के अधीन किया जाता है, तो विश्वविद्यालयों की भूमिका सीमित हो जाएगी और संबद्धता व्यवस्था कमजोर पड़ेगी। शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के सचिव मुकेश कुमार ने कहा कि प्रस्ताव लागू होने से विश्वविद्यालयों की अकादमिक परिषद, अध्ययन बोर्ड, संकाय एवं परीक्षा समितियों जैसी वैधानिक संस्थाओं की प्रभावशीलता प्रभावित होगी। साथ ही महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के बीच समन्वय, परीक्षा प्रणाली, मूल्यांकन प्रक्रिया तथा शोध गतिविधियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। शिक्षक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. एस.एन. प्रभाकर ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विश्वविद्यालय आधारित उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने पर बल देती है, जबकि यह प्रस्ताव उसकी भावना के विपरीत है। वहीं, मगध प्रक्षेत्र के संयुक्त सचिव डॉ. शेखर ने सरकार से छात्र एवं शिक्षा हित में इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रस्ताव वापस नहीं लिया गया तो महासंघ लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से चरणबद्ध आंदोलन करेगा। बैठक में शिक्षक एवं कर्मचारी संगठनों ने विश्वविद्यालय शिक्षक संघों और छात्र संगठनों से भी इस प्रस्ताव के विरोध में एकजुट होने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. नागेंद्र दास, डॉ. पीयूष मणि त्रिपाठी, डॉ. धनंजय कुमार, डॉ. चंदन कुमार, डॉ. दिव्या पांडेय, डॉ. प्रतिभा सिंह, डॉ. चंद्रशेखर, अनिल कुमार, शैलेंद्र कुमार, अजय कुमार शर्मा, किरण कुमारी, अमरनाथ गुप्ता, शंकर कुमार, विनय कुमार, राधारमण, रोशन कुमार, उमेश कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### साप्ताहिक जनता दरबार में भूमि विवाद के मामलों का निपटारा

**कौआकोल**। कौआकोल अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े चार मामलों की सुनवाई की गई। अंचलाधिकारी चंदन चौधरी, राजस्व अधिकारी अनीश कुमार एवं कौआकोल थाना के पुलिस पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से मामलों की सुनवाई की। प्राप्त चार मामलों में से दो का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। शेष दो मामलों में दूसरे पक्ष को अगले जनता दरबार में उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर राजस्व कर्मियों के अलावा लिपिक नीतीश कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### मारपीट मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**कौआकोल**। कौआकोल थाना पुलिस ने लालपुर गांव में फसल चराने को लेकर हुई मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के चार नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में प्रथम पक्ष के कामेश्वर यादव, उमेश यादव और पिंटू यादव तथा दूसरे पक्ष के मंटू यादव उर्फ गोलू यादव शामिल हैं। शुक्रवार को फसल चराने के विवाद में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी, जिसके बाद दोनों ओर से अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 'सेवा, संकल्प और समर्पण के 100 दिन' कार्यक्रम में उपलब्धियों का लाइव प्रसारण



**कौआकोल**। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को 'सेवा, संकल्प और समर्पण के 100 दिन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों का एलसीडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि पिछले 100 दिनों में विकास कार्यों, प्रशासनिक पारदर्शिता और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में लगातार कार्य किए गए हैं। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, जीविका दीदियों और ग्रामीणों ने राज्यस्तरीय समारोह का सीधा प्रसारण देखा तथा नई विकास योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। मौके पर कार्यपालक सहायक सत्येंद्र कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### विशेष शिविर में मिला भूमि बंदोबस्ती पर्चा

**कौआकोल**। कौआकोल अंचल कार्यालय परिसर में शनिवार को आयोजित विशेष शिविर में 12 भूमिहीन परिवारों के बीच भूमि बंदोबस्ती पर्चों का वितरण किया गया। पर्चा मिलने के बाद लाभुकों ने खुशी जताई और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। अंचलाधिकारी चंदन चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को जमीन का कानूनी अधिकार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार, राजस्व अधिकारी अनीश कुमार, प्रशिक्षु एसआई सोनु कुमार गुप्ता, राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू, आदित्य कुमार, दीपक कुमार, नितेश कुमार मिश्रा, प्रकाश कुमार, लिपिक नीतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिला परिवहन पदाधिकारी ने बस एवं तीन पहिया वाहन संचालकों के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिला परिवहन पदाधिकारी रंजीत कुमार की अध्यक्षता में जिला परिवहन कार्यालय में जिले के बस एसोसिएशन, बस मालिकों, बस संचालकों तथा तीन पहिया वाहन (टोटो, टेम्पो एवं ई-रिक्शा) संचालकों एवं मालिकों के साथ अलग-अलग बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं जनहितकारी बनाना तथा परिवहन विभाग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना था। बस संचालकों के साथ आयोजित बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने सभी संचालकों एवं वाहन मालिकों को निर्देश दिया कि परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप प्रत्येक बस में किराया तालिका यात्रियों को स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले स्थान पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें। साथ ही प्रत्येक बस में शिकायत पंजी का संधारण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि शहर में कहीं भी यत्र-तत्र बसों का ठहराव नहीं किया जाए तथा सभी बसों का परिचालन केवल निर्धारित बस स्टैंड से ही किया जाए। उन्होंने कहा कि अनधिकृत स्थानों पर बसों के ठहराव से यातायात बाधित होता है और आम लोगों को असुविधा होती है। सभी संचालकों से यातायात नियमों का पूर्णतः पालन करने तथा सुरक्षित एवं अनुशासित परिवहन व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित नगर निकायों, बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) एवं जिला परिषद के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि उनके प्रबंधनाधीन बस स्टैंडों पर यात्रियों के लिए स्वच्छ शौचालय, नियमित साफ-सफाई तथा शुद्ध पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके उपरांत जिला अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में संचालित तीन पहिया वाहन (टोटो, टेम्पो एवं ई-रिक्शा) संचालकों एवं मालिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में यातायात नियमों के पालन, परिवहन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किराया दर निर्धारण एवं आवश्यकता अनुसार संशोधन, निर्धारित मार्गों पर ही वाहनों का परिचालन तथा शहर में अनधिकृत स्थानों पर वाहनों के ठहराव पर रोक लगाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

# गोडसे नहीं गांधी की नीतियों पर चलेगा देश : प्रभाकर झा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। शनिवार को नवादा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर कहा कि यह गांधी का देश है, गोडसे का नहीं। यह देश गांधी जी के द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलेगा न कि तानाशाही के रास्ते पर। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए तानाशाही और क्रूर अंग्रेज सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका था और आज एक बार फिर नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा एवं राज्यसभा) क्रमशः राहुल गांधी जी और मल्लिकार्जुन खड़गे जी के नेतृत्व में विपक्ष के तमाम सांसदों ने गांधी जी के रास्ते पर संघर्ष करते हुए तानाशाह मोदी-शाह सरकार के शिक्षा मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान को नीट पेपर लीक के आरोप में इस्तीफ़ा देने के लिए मजबूर कर दिया। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी और देश के तमाम छात्र-छात्राओं एवं देश भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए प्रभाकर झा ने कहा कि यह उनके सामूहिक संघर्ष की जीत है। श्री झा ने कहा कि राहुल गांधी की तीन मांगों में एक मांग धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा तो हो गया लेकिन संबंधित विरोध प्रदर्शनों के दौरान छात्रों और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारी के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर और आपराधिक मामलों को तुरंत वापस लेने , तथा परीक्षा में हुई अनियमितताओं और व्यवस्थागत विफलताओं पर संसद में तत्काल चर्चा का मुद्दा अभी समाप्त नहीं हुआ है । श्री झा ने इन दोनों मुद्दों पर तथा जनता से जुड़े हुए जनमुद्दों पर कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा और गोडसे के राह पर चलनेवाले इस अहंकारी, निरंकुश सत्ता को हम कांग्रेस जन, राहुल गांधी जी के नेतृत्व में उखाड़ फेंकने का काम करेंगे।

# विज्ञान विषयों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया दम



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। ग्रेगर जॉन मेंडल की जयंती सप्ताह के अवसर पर मॉडर्न शैक्षणिक समूह के विद्यालयों में विज्ञान विषयों पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने जलवायु परिवर्तन, डिजिटल शिक्षा, सोशल नेटवर्किंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे समसामयिक विषयों पर पक्ष एवं विपक्ष में प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों के विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय-वस्तु, प्रस्तुति, भाषा, आत्मविश्वास और तार्किक क्षमता के आधार पर किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. अनुज ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आलोचनात्मक सोच और प्रभावी संचार कौशल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विज्ञान विभाग के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## नालंदा

# सेवा, संकल्प, समर्पण के 100 दिन पूरे होने पर नालंदा में विशेष कार्यक्रम, मेधावी छात्र व कर्मी सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के श्सेवा, संकल्प, समर्पण के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को पटना से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का नालंदा सहित सभी प्रखंडों में सजीव प्रसारण किया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों, विकासात्मक पहलों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आधारभूत संरचना, रोजगार, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। इस दौरान सरकार की उपलब्धियों से संबंधित पंपलेट वितरित किए गए तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। अभियान बसेरा-2 के तहत नूरसराय अंचल के पात्र महादलित, अनुसूचित जाति एवं अन्य लाभुकों के बीच भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र (पर्चा) वितरित किए गए। वहीं, नीट-2026 उत्तीर्ण छात्र जोरस्वी राय, आशीष रंजन तथा मैट्रिक-2026 के मेधावी छात्र आनंद कुमार, दिव्या कुमारी और सत्या राज को सांसद कौशलेंद्र कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष तनुजा कुमारी एवं जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने सम्मानित किया। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं और पोषण ट्रैकर कर्मियों को भी प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

# उर्मिला देवी की स्मृति में आंगनबाड़ी बच्चों को शैक्षणिक सामग्री व अल्पाहार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। सकूनत कला वार्ड संख्या 31 के वार्ड पार्षद अंजनी कुमार ने अपनी माता स्वर्गीय उर्मिला देवी की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर समाजसेवा की अनूठी मिसाल पेश की। इस अवसर पर वार्ड के सभी पांच आंगनबाड़ी केंद्रों के लगभग 150 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री, स्कूल बैग और वाटर बोतल का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों के लिए स्वादिष्ट अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। वार्ड पार्षद अंजनी कुमार ने बताया कि पिछले पांच वर्षों से उनकी माता की पुण्यतिथि पर पूरा परिवार समाज को सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से विभिन्न समाजोपयोगी कार्य करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व के वर्षों में वृद्धजनों के बीच साड़ी-धोती वितरण, गरीब परिवारों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इस अवसर पर स्वर्गीय उर्मिला देवी के बड़े पुत्र एवं नालंदा जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सचिव अजय कुमार गुप्ता तथा जल संसाधन विभाग के पूर्व कार्यपालक अभियंता अशोक कुमार ने लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और स्वच्छता अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने बुजुर्गों की स्मृति में छोटे-छोटे समाजोपयोगी कार्य करने का संकल्प ले, तो समाज की अनेक समस्याओं का समाधान स्वतः हो सकता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक बैग, पठन-पाठन सामग्री और वाटर बोतल प्राप्त की तथा अल्पाहार का आनंद लिया। इस मौके पर परिवार के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आशीष कुमार, अभिलाषा कुमारी, आर्यन लाल, क्षितिज भार्गव, वेदांत भार्गव, सुधा कुमारी, सुनीता सिन्हा, शालिनी कुमारी, डॉ. अरविंद कुमार सिन्हा, डॉ. इंद्रजीत कुमार, सुभाष प्रसाद सिंह, सुजीत कुमार, गोपाल प्रसाद, राकेश रंजन, शशिभूषण प्रसाद, महेंद्र प्रसाद सहित वार्ड संख्या 31 के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बिहार बंद को ले बिहारशरीफ पुलिस छावनी में तब्दील

**बिहारशरीफ**। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्रों के प्रस्तावित प्रदर्शन के मद्देनजर शनिवार को बिहारशरीफ शहर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थलों और वीआईपी इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक आवास के आसपास बैरिकेडिंग कर सुरक्षा और कड़ी कर दी गई। सदर एसडीपीओ अमरनाथ ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। जहानाबाद में हाल ही में हुए उग्र प्रदर्शन को देखते हुए अतिरिक्त एहतियात बरता गया है। पुलिस ने बिना अनुमति प्रदर्शन के मामले में करीब 500 अज्ञात छात्रों पर एफआईआर दर्ज की है। पूरे शहर में ड्रोन से निगरानी की जा रही है तथा सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।

### राजगीर जू सफारी में शुरू होगा 'जू एंबेसडर प्रोग्राम'

**राजगीर**। वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजगीर जू सफारी ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 'जू एंबेसडर प्रोग्राम' शुरू करने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम कक्षा 7, 8 एवं 9 के विद्यार्थियों के लिए होगा, जिसके तहत चयनित छात्र अपने विद्यालयों में वन्यजीव संरक्षण के युवा दूत की भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के लिए आवेदन जू सफारी की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन किए जाएंगे। इसके बाद विद्यालयों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी तथा विद्यालय स्तर पर आयोजित परीक्षा में प्रत्येक कक्षा के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एक-एक छात्र का चयन जू एंबेसडर के रूप में होगा। इनका कार्यकाल एक शैक्षणिक वर्ष का रहेगा। चयनित विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। जू सफारी के निदेशक राम सुंदर एम. ने कहा कि यह पहल विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़ने और भविष्य के जिम्मेदार पर्यावरण संरक्षक तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विद्यालयों से कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

# सोगरा हाई स्कूल की छात्राओं से डीएम का संवाद

## सुरक्षित तरीके से हक की आवाज उठाने का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिला पदाधिकारी ने सोगरा हाई स्कूल की छात्राओं के साथ आयोजित विशेष संवाद कार्यक्रम में उन्हें अपने अधिकारों के लिए निर्भीक होकर आवाज उठाने, लेकिन किसी भी हिंसक आंदोलन या उपद्रव से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना नागरिक अधिकार है, पर हिंसा में शामिल होने से कानूनी कार्रवाई और भविष्य के करियर पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।कार्यक्रम में छात्राओं ने अपना परिचय देते हुए डॉक्टर, शिक्षक और पुलिस अधिकारी बनने की इच्छा जताई। डीएम ने उनकी महत्वाकांक्षाओं की सराहना करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने विद्यालय में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन नहीं होने की समस्या उठाई, जिस पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मशीन स्थापित कराने का निर्देश दिया।संवाद के बाद छात्राओं को पुलिस कंट्रोल रूम और लोक शिकायत निवारण केंद्र का भ्रमण कराया गया। कंट्रोल रूम में उन्हें सीसीटीवी निगरानी, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली और डायल-112 की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। वहीं लोक शिकायत केंद्र में शिकायत दर्ज करने, उसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग तथा समयबद्ध निस्तारण की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# बिहार बंद का बिहारशरीफ में व्यापक असर



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, दोषियों पर कार्रवाई तथा आंदोलनरत छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में शनिवार को आइसा और आरवाईए के आह्वान पर बिहार बंद का बिहारशरीफ में व्यापक असर देखने को मिला। सैकड़ों छात्र-युवा सड़कों पर उतर आए और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। आरवाईए के जिलाध्यक्ष बिरेश कुमार के नेतृत्व में श्रम कल्याण केंद्र मैदान से मार्च निकाला गया। जुलूस सरकारी बस स्टैंड होते हुए भराव पर चैराहा पहुंचा और वहां से वापस श्रम कल्याण केंद्र मैदान लौटकर सभा में तब्दील हो गया। प्रदर्शन के दौरान धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो पेपर लीक बंद करो और छात्र विरोधी सरकार मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए गए। सभा को संबोधित करते हुए बिरेश कुमार ने आरोप लगाया कि नीट पेपर लीक देश का बड़ा घोटाला है, लेकिन दोषियों पर कार्रवाई के बजाय आंदोलन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज, गिरफ्तारी और फर्जी मुकदमे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते और पेपर लीक के दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बंद में ब्रह्मदेव प्रसाद, कमलेश पासवान, राजेश रविदास, धर्मेंद्र आजाद, बिरेन कुमार रविदास, दीपक कुमार, भज्जु दास, किशोर साव, जतन मांझी, मंगल यादव और पिंटू मांझी सहित बड़ी संख्या में छात्र-युवा शामिल हुए।

### बेकाबू टोटो की टक्कर से चार वर्षीय बच्ची की मौत

**इस्लामपुर**। इसलामपुर प्रखंड के रानीपुर पंचायत अंतर्गत विशुनपुर गांव में तेज रफ्तार और अनियंत्रित टोटो की टक्कर से चार वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। मृत बच्ची की पहचान विशुनपुर निवासी पंकज पासवान की पुत्री सानवी कुमारी उर्फ संध्या के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, बच्ची अपनी दादी के साथ सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान अनियंत्रित टोटो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर इसलामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा फरार चालक की तलाश में छापेमारी जारी है।

### एसयू कॉलेज में सभी विषयों में पीजी की पढ़ाई शुरू कराने की मांग

**हिलसा**। एसयू कॉलेज में सभी विषयों में स्नातकोत्तर (पीजी) की पढ़ाई शुरू कराने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) हिलसा इकाई का धरना-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर छात्रों की वर्षों पुरानी मांग की अनदेखी करने का आरोप लगाया। धरने को संबोधित करते हुए एबीवीपी के जिला संयोजक नीतीश कुमार ने कहा कि हिलसा और आसपास के हजारों विद्यार्थियों की लंबे समय से मांग है कि कॉलेज में सभी विषयों में पीजी की पढ़ाई शुरू की जाए, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने एमएससी के अंतर्गत जूलॉजी, केमिस्ट्री, बॉटनी, फिजिक्स, फिजियोलॉजी तथा पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू समेत अन्य विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम जल्द शुरू करने की मांग की। उनका कहना था कि कॉलेज में आवश्यक आधारभूत संसाधन और योग्य शिक्षक उपलब्ध होने के बावजूद पीजी की पढ़ाई शुरू नहीं होना विद्यार्थियों के हितों के विपरीत है।

# हथियार दिखाकर दहशत फैलाने वाला गिरफ्तार

**हरनौत/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। थाना क्षेत्र के रामसंग डिहरा गांव में ग्रामीणों को हथियार दिखाकर डराने-धमकाने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के घर से तलाशी के दौरान एक जंग लगा देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को देर शाम डायल-112 टीम को सूचना मिली कि रामसंग डिहरा गांव में एक व्यक्ति शराब के नशे में हंगामा कर रहा है और कई दिनों से अवैध हथियार दिखाकर ग्रामीणों में दहशत फैला रहा है। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी अपने घर में घुसकर छिप गया, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और घर के भीतर बिछावन के नीचे छिपे आरोपी को पकड़ लिया।पूछताछ में उसकी पहचान बीरन पंडित पिता स्व. जगेश्वर पंडित, निवासी रामसंग डिहरा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान बिछावन के नीचे काले प्लास्टिक में छिपाकर रखा गया एक जंग लगा देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।इस संबंध में पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर हरनौत थाना कांड संख्या 338/26 दर्ज किया गया है।छापेमारी दल में हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक मो. तसलीम तथा डायल-112 के चालक उमलेश यादव शामिल थे।

# बाजार समिति में जुआ का जाल तीन तसिया वालों के आतंक से सहमे किसान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। स्थानीय बाजार समिति में इन दिनों अवैध गतिविधियों के बढ़ने से किसानों में भय और नाराजगी का माहौल है। आरोप है कि समिति परिसर में खुलेआम जुआ और कथित तीन तसिया का खेल चल रहा है, जिसका सबसे अधिक शिकार अपनी मेहनत की फसल बेचने आने वाले सीधे-साधे किसान बन रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि यह सब पुलिस की कथित अनदेखी या संरक्षण में हो रहा है, जिससे व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।सूत्रों के अनुसार, बाजार समिति के कुछ हिस्सों में देर रात तक जुआडियों का जमावड़ा लगा रहता है। इनके कारण असामाजिक तत्वों की आवाजाही भी बढ़ गई है। किसानों से ठगी, जेब काटने और धमकाने जैसी घटनाओं की भी चर्चा है। कई किसानों का कहना है कि रात के समय फसल लेकर मंडी पहुंचने में अब डर लगने लगा है।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते जुआ और अवैध गतिविधियों पर रोक नहीं लगी तो किसानों का भरोसा बाजार समिति से उठ जाएगा। लोगों ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और मंडी परिसर को सुरक्षित बनाने की मांग की है।

# मध्य प्रदेश के सोना लूटकांड की जांच में इमामगंज में छापेमारी, प्रेम ज्वेलर्स के संचालक हिरासत में




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**इमामगंज।** मध्य प्रदेश में हुए चर्चित सोना लूटकांड की जांच के सिलसिले में शनिवार को मध्य प्रदेश पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) एवं इमामगंज पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के रानीगंज स्थित प्रेम ज्वेलर्स में छापेमारी की। इस दौरान दुकान से सीसीटीवी की हार्ड डिस्क समेत अन्य आवश्यक सामग्री जब्त की गई। वहीं, दुकान के संचालक मनोज सोनार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई पहले से गिरफ्तार एक आरोपित की निशानदेही पर की गई है। प्रारंभिक जांच में सोने के आभूषणों की खरीद-बिक्री से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं जिसके आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को भी मध्य प्रदेश पुलिस ने मैगरा गांव में एक आरोपित की तलाश में छापेमारी की थी। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह फरार हो गया। इस दौरान उसका भाई बाइक से भागने लगा जिसका पुलिस ने पीछा किया। बाद में वह मैगरा बाजार के समीप बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है। इधर, स्वर्ण व्यवसायी मनोज सोनार को हिरासत में लिए जाने की सूचना मिलते ही रानीगंज बाजार में हलचल मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं व्यवसायी इमामगंज थाना पहुंच गए। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने लोगों से शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। वहीं इस संबंध में एसडीपीओ धीरज कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मध्य प्रदेश के एक सर्राफा प्रतिष्ठान में भारी मात्रा में सोने की लूट हुई थी। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि लूटे गए कुछ आभूषण यहां मनोज सोनार के पास खपाए गए थे। इसी आधार पर मध्य प्रदेश और बिहार पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए छापेमारी की है। उन्होंने बताया कि मनोज सोनार से पूछताछ की जा रही है तथा मामले के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक जीतने पर झंडू कुमार को डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पैरा पावरलिफ्टिंग खिलाड़ी झंडू कुमार द्वारा कांस्य पदक जीतने पर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि झंडू कुमार के शानदार प्रदर्शन ने देश और बिहार का गौरव बढ़ाया है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पुरुष हैवीवेट 72 किलोग्राम पैरा पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर झंडू कुमार ने भारत के लिए कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 का पहला पदक हासिल किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व और खुशी का विषय है। उन्होंने कहा कि दुनिया के दिग्गज खिलाड़ियों के बीच झंडू कुमार का दमदार प्रदर्शन उनकी अदम्य इच्छाशक्ति, कठिन परिश्रम और खेल के प्रति अटूट समर्पण का प्रमाण है। विपरीत परिस्थितियों का सामना करते



हुए वैश्विक मंच पर देश के लिए पदक जीतना युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वास जताया कि झंडू कुमार की यह सफलता बिहार और देश के युवाओं को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि साबित करती है कि प्रतिभा अवसर मिलने पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी पहचान बना सकती है और देश का नाम रोशन कर सकती है।

# इंटर्नशिप शुल्क वसूली के संबंध में विद्यार्थी परिषद के आरोप निराधार एवं भ्रामक : प्रो. सतीश सिह चंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गया कॉलेज गया के प्राचार्य प्रो. डा. सतीश सिह चंद्र ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा इंटर्नशिप को लेकर दिए गए बयानों और लगाए गए आर्थिक शोषण के आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए कड़ा खंडन किया है। प्राचार्य ने स्पष्ट किया है कि छात्र-छात्राओं के बीच यह अफवाह उड़ाई जा रही है कि गया कॉलेज द्वारा इंटर्नशिप के नाम पर कोई अतिरिक्त शुल्क वसूला जा रहा है जो कि सरासर अनुचित, भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत है। प्राचार्य ने बताया कि नए पाठ्यक्रम के तहत पांच क्रेडिट प्वाइंट्स के लिए इंटर्नशिप की परीक्षा आयोजित की जानी है। वर्तमान समय में इंटर्नशिप के लिए किसी भी एजेंसी का चयन नहीं किया गया है। विश्वविद्यालय के



गाइडलाइंस के तहत ही पूरी पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी तय की जाएगी और उसके उपरांत ही इंटर्नशिप की व्यवस्था सुनिश्चित होगी। मगध विश्वविद्यालय के द्वारा जारी पत्र में यूजी सीबीसीएस पाठ्यक्रम के अंतर्गत पांचवें सेमेस्टर में पांच क्रेडिट प्वाइंट्स का इंटर्नशिप को अनिवार्य किया गया है। सभी कॉलेज को एजेंसी का चयन 14 अगस्त तक करके इसकी सूचना विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है। महाविद्यालय प्रशासन ने कहा कि बिना किसी ठोस जानकारी के इस तरह की बयानबाजी करना और छात्रों के बीच अनावश्यक भ्रम या भय का माहौल बनाना पूरी तरह से अनुचित है। गया कॉलेज हमेशा से छात्र हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विश्वविद्यालय के नियमों के दायरे में रहकर ही सभी शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जा रही है जब कार्यकारी एजेंसी का अभी तक चयन ही नहीं किया गया है तो इंटर्नशिप के नाम पर पैसे उगाही की बात कहां से आ गई। डा. चंद्र ने कहा कि एससी-एसटी और सभी छात्राओं से जीरो एडमिशन फीस पर नामांकन लिया जा रहा है। किसी विद्यार्थी से कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं मांगा जा रहा है। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्रों एवं अभिभावकों से इस तरह की भ्रामक खबरों और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

# 800 लीटर जब्त शराब का विनष्टीकरण, पांच थानों से बरामद की गई थी शराब



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को इमामगंज थाना परिसर में करीब 800 लीटर जब्त देसी एवं अंग्रेजी शराब को नष्ट किया गया। यह कार्रवाई सीआई गुड्डू कुमार एवं उत्पाद विभाग के एसआई ओमप्रकाश कुमार की देखरेख में संपन्न हुई। सीआई गुड्डू कुमार ने बताया कि नष्ट की गई शराब में लगभग 600 लीटर महुआ देसी शराब एवं 200 लीटर अंग्रेजी शराब शामिल है। यह शराब इमामगंज अनुमंडल के डुमरिया, छकरबंधा, भदवर, रौशनगंज और मैगरा थाना क्षेत्रों में विभिन्न मामलों में जब्त की गई थी। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अधिकारियों की मौजूदगी में शराब का विनष्टीकरण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# उपकारा शेरघाटी का न्यायिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शनिवार को उपकारा शेरघाटी का न्यायिक अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण कर जेल की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण ए.सी.जे.एम. प्रथम रंजीत कुमार सिंह, एस.डी.जे.एम. शेरघाटी शशांक कुमार तथा न्यायिक दंडाधिकारी प्रभात किशोर दास द्वारा दोपहर 1:30 बजे से 3:25 बजे तक किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल के सभी वार्ड, पाकशाला, अस्पताल, तरुण वार्ड, महिला सेल एवं वृद्ध बंदियों के वार्ड का अवलोकन किया। अधिकारियों ने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुविधाओं की



जानकारी ली जिन बंदियों को अब तक विधिक सहायता उपलब्ध नहीं हो सकी है, उनके आवेदन प्राप्त कर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से आवश्यक कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। न्यायिक अधिकारियों ने जेल प्रशासन को बंदियों के भोजन, दवा, चिकित्सा सुविधा, प्रशिक्षण एवं स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया गया तथा आवश्यक सुधार के लिए भी सुझाव दिए गए। इस अवसर पर उपकारा शेरघाटी अधीक्षक सतीश कुमार सिंह, कारा चिकित्सक, जेल कर्मी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भूमिहीनों के बीच भूमि पर्चों का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** बिहार सरकार के निर्देश पर खिजरसराय प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में विशेष शिविर लगाकर भूमिहीन परिवारों के बीच भूमि पर्चा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी केशव आनंद, अंचलाधिकारी केशव किशोर, सीडीपीओ सुरेंद्र सिंह, राजस्व अधिकारी नवल आनंद, राजस्व कर्मचारी उमेश शर्मा, बेंता पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सीता यादव एवं 20 सूत्री अध्यक्ष पिंकी देवी उपस्थित रहे। इस दौरान रूबी देवी, सुनीता देवी, पंपी देवी, रजंती देवी, सोना देवी, कारी देवी, सुधा कुमारी सहित कई लाभुकों को भूमि पर्चा प्रदान किया गया। अधिकारियों ने बताया कि आठ दिनों के विशेष अभियान में पात्र भूमिहीनों को पर्चा दिया जा रहा है तथा शेष लाभुकों को भी जल्द पर्चा उपलब्ध कराया जाएगा।

## प्रो. ताज अनवर का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** शहर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय मिर्जा गालिब कॉलेज के उर्दू विभाग के पहले अध्यापक प्रो. ताज अनवर का दिल्ली के होली फैमिली हॉस्पिटल में रात 12 बजे निधन हो गया। वे कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उन्होंने उर्दू में कई पुस्तकों का लेखन किया। विभिन्न पत्र- पत्रिकाओं में उन्होंने उच्च कोटि के शोध पत्रों का लेखन किया। उनके निधन की खबर से पूरा मिर्जा गालिब कॉलेज परिवार शोक में डूब गया। वह गया से निकलने वाली उर्दू की पत्रिका के प्रधान संपादक भी थे। वह बहुत अच्छे इंसान थे और विद्यार्थियों से बहुत ही प्रेमपूर्वक मिलते थे।

# महुआ शराब बरामद, टेंपो जब्त, तस्कर फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना पुलिस ने शनिवार को अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने चतुरी बिगहा मोड़ और गोह-गया मुख्य मार्ग पर छापेमारी कर एक टेंपो से 153 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की। गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष आलोक रंजन के नेतृत्व में एसआई संजय कुमार और पुलिस टीम ने ब्लॉक के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही तस्कर शराब और टेंपो छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने शराब और टेंपो को जब्त कर लिया है। फरार आरोपी की पहचान की जा रही है और गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार पर रोक लगाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# विधायक दीपा कुमारी की पहल से डुमरिया बाजार में लगी हाईमास्ट लाइट, लोगों ने जताई खुशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** गया जिले के नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड अंतर्गत डुमरिया बाजार में इमामगंज विधायक दीपा कुमारी की पहल पर हाईमास्ट लाइट लगाई गई है। इसके चालू होने से बाजार क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था बेहतर हुई है जिससे स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों एवं एनडीए कार्यकर्ताओं ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे जनहित का महत्वपूर्ण कार्य बताया। भाजपा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष राहुल कुमार सोनी ने कहा कि विधायक दीपा कुमारी क्षेत्र के विकास को लेकर लगातार सक्रिय हैं। हाईमास्ट लाइट लगने से बाजार आने-जाने वाले लोगों, दुकानदारों एवं राहगीरों को रात्रि के समय काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि विधायक के नेतृत्व में इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को निरंतर गति मिल रही है जिसका लाभ आम जनता को मिल रहा है। इस अवसर पर एनडीए कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने भी हर्ष व्यक्त किया।

# कीचड़ और जलजमाव में डूबे कोंच के गांव, बुनियादी सुविधाओं की बाट जोह रहे ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के दो गांवों में सड़क-नाली के अभाव से बारिश में जनजीवन अस्त-व्यस्त है। गलियां दल-दल बन गई है और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बिजहरा गांव की अधिकांश गलियां कीचड़ व जलजमाव से पट गई है। गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित विद्यालय तक का रास्ता पूरी तरह कीचड़मय है। स्कूली बच्चे जूते-चप्पल हाथ में लेकर किसी तरह पढ़ने जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण से पहले मिट्टी भराई और समतलीकरण नहीं हुआ। बिना फेवर ब्लॉक के बने रास्ते में जगह-जगह गड्ढे हैं जिनमें पानी जमा



रहता है। इससे गंदगी और मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है। कुछ लोग नाली का पानी भी सड़क पर छोड़ देते हैं। ग्रामीणों ने स्थायी समाधान की मांग की है। ग्राम पंचायत सिमरा अंतर्गत खैरा गांव के वार्ड संख्या-03 में आज तक पीसी ढलाई और नाली निर्माण नहीं हो सका। सालभर कीचड़ रहता है और बरसात में घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। सीपू कुमार, राधे यादव, ईश्वरी यादव, सुखेन्द्र यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि मुखिया और वार्ड सदस्य से कई बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जलजमाव से डेंगू-मलेरिया का डर बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रखंड से जिला प्रशासन तक हस्तक्षेप कर जल्द काम कराने की मांग की है।

# कोंच में 'सेवा, संकल्प, समर्पण के 100 दिन' पर विशेष कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच/गया।** बिहार सरकार के गठन के बाद सेवा, संकल्प और समर्पण के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को कोंच प्रखंड सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार ने की। इस दौरान सरकार के 100 दिनों की उपलब्धियों पर आधारित संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया जिसे प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवी वर्ग ने ध्यानपूर्वक सुना। प्रसारण में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और 100 दिनों की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बिहार के विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

# इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तत्वावधान में बालक-बालिका धीमी गति साइकिल रेस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** रामेश्वर प्लस टू उच्च विद्यालय बेलागंज गया में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तत्वावधान में बालक-बालिका धीमी गति साइकिल रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम के समन्वयक शारीरिक शिक्षा के शिक्षक दिवाकर कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत विद्यार्थियों को कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 2007-8 में साइकिल योजना आई थी यह योजना पहले बालिका वर्ग के लिए थी जो बाद में बालक को भी साइकिल योजना से जोड़ा गया। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में खासकर बालिकाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने का




था जो आज पूर्ण रूप से हो रहा है विद्यार्थी बालक हो या बालिका दूर दराज के गांव से आकर विद्यालय में अच्छी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं आज निर्भीकता के साथ लड़कियां साइकिल चला रही हैं और स्कूल कॉलेज में अच्छी शिक्षा ग्रहण कर रही है। उन्होंने कहा कि दो वर्गों में बताकर एक में बालक दूसरे में बालिका ने जो भी धीमी गति साइकिल रेस में प्रथम द्वितीय आएंगे उन्हें विद्यालय पुरस्कृत करेगा। इसी तरह विद्यालय में हर शनिवार को एक नए गतिविधियों के कार्यक्रमों का आयोजन रामेश्वर विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से करता रहा है। इसके लिए विद्यालय परिवार के शिक्षकगण भी बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में निर्णय की भूमिका निभाने वाले राजेश कुमार राजू, प्रदीप कुमार मौर्य, दीपक कुमार सिंह, मानस कुमार, रिंकी कुमारी, रिजवान, चंद्रमणि प्रसाद, मॉडल शिक्षक शारीरिक शिक्षा दिवाकर कुमार, सुनील कुमार, राजेश कुमार, प्रीति कुमारी, निशा कुमारी और अंतरीना कुमारी, मधुबाला, प्रेम रंजन कुमार, रवि प्रकाश मालवीय, तरुण कुमार, कन्हाई दास ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

# मुकदमों को तत्काल वापस लेकर गिरफ्तार युवाओं को रिहा करे सरकार : कौशल गणेश आजाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि छात्रों के आंदोलन के शुरुआती दौर में ही इस्तीफा दे दिया होता तो छात्रों को पुलिस की लाठियां, वाटर कैनन, अश्रुगैस के गोलों और पुलिस की क्रूरता-बर्बरता का सामना नहीं करना पड़ता। आंदोलन के आज 26वें दिन उन्होंने इस्तीफा दिया है। धर्मेन्द्र प्रधान ने नीट पेपर लीक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा नहीं दिया, बल्कि छात्रों के देश व्यापी आंदोलन के दबाव में दिया। सच तो यह है कि आंदोलनकारी युवाओं को वे 'दहशतगर्द' कह रहे थे। श्री



आजाद ने कहा कि शिक्षा मंत्री का इस्तीफा तो हो गया है, लेकिन आंदोलन के क्रम में जिन छात्रों पर तथ्यहीन आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है जिसमें हत्या का प्रयास जैसे गंभीर धाराएं लगाई गई है उस बारे में सरकार ने कुछ नहीं कहा है। सरकार को उन मुकदमों को तत्काल वापस लेकर गिरफ्तार युवाओं को रिहा करना चाहिए। यह भी कहा है कि सरकार को चाहिए कि प्रतियोगी परीक्षाओं को कदाचार मुक्त और पारदर्शी तरीके से कराने का सुनिश्चित करे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**निविदा सूचना संख्या – DWSD/SR/DT/Med-08/2026-27 (1st Call) दिनांक 23.07.2026**

कार्य का नाम:– Relocation of defunct tube well of 300mm dia x 115 mm dia GPT cum drilled tube well 60.00 M, 125x115 mm dia drilled tube well 90.00 M and 125x115mm dia drilled tube well 120.00 M depth drilled tube well with installation of IM-II/Extra deep well Hand Pump including 32mm dia G.I Medium c lass riser pipe by DTH (FDS/KPO/COPCO) Rig Machine/Reverse Rotary Machine with 125mm dia blue UPVC casing Pipe/Perforated including platform, drain and taken out old materials to be stored in departmental store etc. complete ("on turn key basis") under DW&S Division, Medininagar for the year 202 6-27 **(Zila Yojana Untied Fund Palamau)**

| क्र0 सं0 | योजना का नाम :– | ग्रुप एवं नलकूपों का पुर्नगठन की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पलामू जिला अन्तर्गत सदर मेदिनीनगर–पाँकी पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, मेदिनीनगर 300एम0एम0X115एम0एम0 व्यास का जी0पी0टी0 सहित ड्रिल्ड नलकूप 60.00 मी0 गहराई एवं हैण्ड पम्प अधिष्ठापन कार्य। | SR/GPT- 4 Nos. | 5,91,981.00 | 12,000.00 | 1250.00 | 02 (Two) Month |
| 2. | पलामू जिला अन्तर्गत सदर मेदिनीनगर–पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, मेदिनीनगर 125एम0एम0X 115एम0एम0X90.00 मी0 गहराई एवं हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | SR/M/DT-1 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/M/DT-2 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/M/DT-3 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/M/DT-4 23 Nos. | 23,43,720.00 | 47,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| 3. | पलामू जिला अन्तर्गत जपला–पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, जपला 125एम0एम0X 115एम0एम0X 90.00 मी0 गहराई एवं हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | SR/J/DT-1 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/J/DT-2 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/J/DT-3 20 Nos. | 20,38,018.00 | 41,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| 4. | पलामू जिला अन्तर्गत जपला–पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, जपला में 125एम0एम0X 115एम0एम0X 90.00 मी0 गहराई एवं हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | SR/J/DT-1 23 Nos. | 23,43,720.00 | 47,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/J/DT-2 22 Nos. | 22,41,819.00 | 45,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| 5. | पलामू जिला अन्तर्गत पाँकी–पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, पाँकी में 125एम0एम0X 115एम0एम0X 90.00 मी0 गहराई एवं हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | SR/P/DT-1 23 Nos. | 23,43,720.00 | 47,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/P/DT-2 23 Nos. | 23,43,720.00 | 47,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| 6. | पलामू जिला अन्तर्गत सदर मेदिनीनगर–पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, मेदिनीनगर में 125एम0एम0X 115एम0एम0X 120.00 मी0 गहराई एवं Extra Deep Well हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | SR/M/DT-1 19 Nos. | 24,82,637.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/M/DT-2 19 Nos. | 24,82,637.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/M/DT-3 19 Nos. | 24,82,637.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| 7. | पलामू जिला अन्तर्गत पाँकी–पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, पाँकी में 125एम0एम0X 115एम0एम0X 120.00 मी0 गहराई एवं Extra Deep Well हैण्ड पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | SR/P/DT-1 10 Nos. | 13,06,651.00 | 26,500.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| | | SR/P/DT-2 10 Nos. | 13,06,651.00 | 26,500.00 | 5000.00 | 03 (Three) Month |
| 8. | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 01.08.2026 / 02.30 बजे अपराह्न में। | | | | |
| 9. | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 07.08.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | | |
| 10. | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 07.08.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | | |
| 11. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 08.08.2026 / 05.00 बजे अपराह्न में। | | | | |
| 12. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। | | | | |
| 13. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9973742366 | | | | |
| 14. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 | | | | |

नोटः– 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR.NO.385836 Drinking Water and Sanitation(26-27):D


CMYK

संपादकीय

# बर्णवाल पर भरोसा

वरिष्ठ आईएएस अशोक बर्णवाल की कार्यवाहक मुख्य सचिव के रूप में नियुक्ति के बाद राज्य में नया सीएस कौन होगा, इन अटकलों पर विराम लग गया है। हालांकि बर्णवाल की नियुक्ति कार्यवाहक मुख्यब सचिव के रूप में हुई है, लेकिन जिस तरह उनके नाम पर मुख्यमंत्री और केन्द्र सरकार की सहमति बनी है, उससे यह तय माना जा रहा है कि वर्तमान सीएस अनुराग जैन के निवृत्त होते ही बर्णवाल काम संभाल लेंगे। अनुराग जैन केन्द्र सरकार की पसंद रहे हैं और उन्हें अब प्रतिष्ठित नीति आयोग का सीईओ बनाया गया है। वहां उनका कार्यकाल दो साल का होगा। वैसे भी अनुराग जैन दिल्ली जाने के मूड में थे। हालांकि वो रहने वाले ग्वालियर के हैं। दिल्ली से हरी झंडी मिलते ही अनुराग जैन स्वयं अशोक बर्णवाल को साथ लेकर मुख्यमंत्री से मिलाने ले गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बर्णवाल को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। अशोक बर्णवाल 1991 बैच के मप्र कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। दरअसल बर्णवाल की नियुक्ति से मप्र कैडर के कई वरिष्ठ अधिकारियों की सीएस बनने की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। इनमें पहला नाम डॉ. राजेश राजौरा का है। वो बर्णवाल से भी उम्र में वरिष्ठ हैं। उनके अलावा केंद्र में पदस्थ मनोज गोविल, पंकज अग्रवाल भी इस लिस्ट में शामिल थे। इसी तरह अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी मनु श्रीवास्तव और नीरज मंडलोई के नाम भी चर्चा में थे। अशोक बर्णवाल अनुराग जैन के सर्वाधिक भरोसे के अधिकारी बताए जाते हैं। माना जा रहा है कि अनुराग जैन की सिफारिश पर ही बर्णवाल को प्रदेश का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। अबतक बर्णवाल स्वास्थ्य, वन, पर्यावरण, कृषि, पिछड़ा वर्ग कल्याण और प्रशासन से जुड़े विभिन्न जटिल विभागों का बड़ी कुशलता के साथ संचालन करते आए हैं और इन जिम्मेदारियों पर उन्हें 35 साल का लंबा अनुभव भी है। तकनीकी और प्रबंधकीय योग्यता में भी उनकी महारत हासिल है। उन्होंने बीटेक (माइनिंग इंजीनियरिंग) के साथ-साथ पब्लिक पॉलिसी एंड मैनेजमेंट में उच्च शिक्षा प्राप्त की है। उनकी यही पृष्ठभूमि नीतिगत चुनौतियों को तकनीकी और रणनीतिक दृष्टिकोण से हल करने में मददगार साबित होती है। जटिल क्षेत्रों में पीपुल-फर्स्ट अप्रोच के चलते मौजूदा समय में वे अपर मुख्य सचिव (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा) के पद पर कार्यरत हैं। स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण, खाद्य सुरक्षा आयुक्त और भोपाल गैस त्रासदी राहत कार्यो जैसे संवेदनशील मामलों में भी उनके जनहित-प्रथम कार्यशैली के रिकॉर्ड को देखते हुए राज्य सरकार ने उन पर इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपने का भरोसा जताया है। अशोक बर्णवाल उन अधिकारियों में से एक हैं, जो अपने कार्यकाल के दौरान दो मुख्यमंत्रियों के प्रमुख सचिव भी रहे हैं। अगस्त 2016 में शिवराज सिंह चौहान ने उन्हें अपना प्रमुख सचिव बनाया गया तो 2018 में जब कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी तब कमलनाथ ने भी उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए अपना प्रमुख सचिव बनाए रखा। मुख्य सचिव पद पर स्थायी नियुक्ति होने के बाद अशोक बर्णवाल पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव तथा केन्द्र की मोदी सरकार की मंशा के अनुरूप मप्र के प्रशासन की गाड़ी कुशलता से आगे हांकने की जिम्मेदारी रहेगी। मोटे तौर वर्तमान सीएस अनुराग जैन और मुख्यमंत्री डॉ.यादव के बीच बेहतर तालमेल रहा है। अशोक बर्णवाल से भी यही उम्मीद रहेगी कि वो मप्र में विकास, निर्णय क्षमता में तेजी और सरकार के फैसलों का प्रभावी क्रियान्वयन कराने में सक्षम होंगे। यह इस बात पर भी निर्भर करेगा कि बर्णवाल अच्छे अधिकारियों को सही जगह कैसे तैनात करते हैं। उनके पास लगभग 1 साल का कार्यकाल रहेगा। काम अच्छा रहा तो आगे सेवा विस्तार भी मिल सकता है। फिलहाल उन्हें नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं।

# सामाजिक विश्वास से तय हो आर्थिक विकास

**लोकतंत्र की पहचान केवल चुनावों से नहीं होती; उसकी असली शक्ति संवाद में निहित होती है। चुनाव सत्ता तय करते हैं, लेकिन संवाद समाज को जोड़ता है। जब किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति व्यक्त करने वाले नागरिकों का सामना बातचीत से पहले बैरिकेड, कंक्रीट की दीवारों, पुलिस बंदोबस्त और हिरासत से होने लगे, तब प्रश्न केवल कानून-व्यवस्था का नहीं रह जाता, बल्कि लोकतंत्र की प्रकृति पर खड़ा हो जाता है।दिल्ली की सीमाओं पर एक बार फिर वही दृश्य दिखाई दिया, जो पिछले कुछ वर्षों में भारतीय राजनीति का स्थायी प्रतीक बन गया है। पंजाब और हरियाणा के किसान भारत-अमेरिका प्रस्तावित व्यापार समझौते के विरोध में राजधानी की ओर बढ़े। उनके हाथों में हथियार नहीं थे, बल्कि खेती, बाजार और आजीविका को लेकर गहरी आशंकाएं थीं। लेकिन शंभू बॉर्डर पर उनका स्वागत संवाद से पहले सीमेंट के ब्लॉकों, लोहे के बैरिकेडों और भारी पुलिस बल से हुआ। इस बार घटनाक्रम केवल प्रतीकात्मक नहीं था। 'देश बचाओ मोर्चा' के आह्वान पर पंजाब के विभिन्न जिलों से हजारों किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों, बसों और अन्य वाहनों में सवार होकर किसान घाट पर आयोजित महापंचायत में शामिल होने निकले। फतेहगढ़ साहिब, पटियाला, संगरूर, मानसा और बठिंडा से किसानों के जत्थे शंभू सीमा तक पहुंचे, लेकिन हरियाणा सरकार ने सीमा को लगभग अभेद्य बना दिया। घग्गर नदी के पुलों पर भी कंक्रीट के अवरोध रख दिए गए। कई किसानों को अपने वाहन छोड़कर पैदल आगे बढ़ने का प्रयास करना पड़ा।**

**कुमार कृष्णन**

किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों को राजधानी में अपनी बात रखने से रोक रही है। दूसरी ओर हरियाणा पुलिस का कहना है कि राजधानी की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। कई किसान नेताओं को एहतियातन हिरासत में लिया गया। यहीं से यह घटनाक्रम केवल प्रशासनिक कार्रवाई नहीं रह जाता। सवाल यह है कि किसी लोकतंत्र में असहमति का पहला उत्तर संवाद होना चाहिए या बैरिकेड?

सरकार का कहना है कि ये कदम कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाए गए हैं, जबकि किसान संगठनों का आरोप है कि शांतिपूर्ण विरोध के संवैधानिक अधिकार को सीमित किया जा रहा है। दोनों दावों के बीच भारतीय लोकतंत्र एक कठिन प्रश्न से जूझ रहा है—क्या असहमति अब प्रशासनिक चुनौती बन चुकी है?

इस बार का आंदोलन केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) या कर्जमाफी तक सीमित नहीं है। इसके केंद्र में भारत-अमेरिका प्रस्तावित व्यापार समझौता है। किसान संगठनों की आशंका है कि यदि कृषि और डेयरी क्षेत्र को पर्याप्त सुरक्षा दिए बिना यह समझौता लागू हुआ, तो सस्ते अमेरिकी कृषि उत्पाद भारतीय बाजार में बड़ी मात्रा में प्रवेश करेंगे। इससे सबसे बड़ा आघात उन छोटे और सीमांत किसानों को लगेगा, जो पहले ही बढ़ती लागत, जलवायु परिवर्तन और बाजार की अनिश्चितता से जूझ रहे हैं। भारत की कृषि को केवल व्यापार की दृष्टि से नहीं देखा जा सकता। यह करोड़ों लोगों की आजीविका, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। देश के अधिकांश किसान दो-तीन एकड़ भूमि पर खेती करते हैं। दूसरी ओर अमेरिका की कृषि विशाल व्यावसायिक फार्मों, उन्नत तकनीक और व्यापक सरकारी सहायता पर आधारित है। ऐसी असमान परिस्थितियों में खुली प्रतिस्पर्धा को लेकर किसानों की चिंता स्वाभाविक है। हालांकि दूसरी तस्वीर भी है। वैश्विक व्यापार



समझौते अवसर भी पैदा करते हैं। नए बाजार, कृषि निर्यात और प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग के विस्तार से किसानों को लाभ भी मिल सकता है। इसलिए मूल प्रश्न व्यापार समझौते का समर्थन या विरोध नहीं, बल्कि उसकी शर्तों की पारदर्शिता और कृषि हितों की सुरक्षा है।

यहीं सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी शुरू होती है। यदि किसानों की आशंकाएं निराधार हैं तो सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि कृषि और डेयरी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए कौन-से प्रावधान प्रस्तावित हैं। यदि कुछ जोखिम हैं तो उनके समाधान भी सार्वजनिक होने चाहिए। लोकतंत्र में विश्वास गोपनीयता से नहीं, पारदर्शिता से बनता है।

बीते वर्षों में एक चिंताजनक प्रवृत्ति उभरी है। किसी भी बड़े विरोध प्रदर्शन पर सबसे पहले धारा 144 लागू होती है, फिर बैरिकेड लगते हैं, नेताओं को हिरासत में लिया जाता है और उसके बाद संवाद की बात होती है। लोकतंत्र का स्वाभाविक क्रम इसका उलटा होना चाहिए। पहले बातचीत, फिर समाधान का प्रयास और अंत में आवश्यकता पड़ने पर प्रशासनिक उपाय।

शंभू बॉर्डर अब केवल पंजाब और हरियाणा की सीमा नहीं रह गया है। 2020-21 के किसान आंदोलन से लेकर आज तक यह सरकार और किसानों के बीच भरोसे के संकट का प्रतीक बन चुका है। इतिहास बताता है कि किसान आंदोलनों का समाधान कभी पुलिस व्यवस्था से नहीं निकला; अंततः रास्ता बातचीत से ही निकला है। भारत आज वैश्विक अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाने की आकांक्षा रखता है। मुक्त व्यापार समझौते उसकी आर्थिक रणनीति का हिस्सा हैं। लेकिन भारत की लगभग आधी आबादी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। इसलिए किसी भी व्यापार समझौते का मूल्यांकन केवल निर्यात, निवेश और विकास दर के आधार पर नहीं किया जा सकता। यह भी देखना होगा कि उसका प्रभाव खेत, किसान और गांव पर क्या पड़ेगा।दुनिया के विकसित देशों का अनुभव भी यही बताता है। अमेरिका, यूरोपीय संघ और जापान जैसे देश मुक्त व्यापार का समर्थन करते हुए भी अपने किसानों को संरक्षण और सहायता प्रदान करते हैं। भारत के लिए चुनौती यही है कि वह वैश्विक अवसरों और घरेलू कृषि सुरक्षा के बीच संतुलन कैसे स्थापित करे। इस पूरे विवाद का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष लोकतांत्रिक है। किसानों की हर आशंका सही हो, यह जरूरी नहीं। सरकार का हर निर्णय गलत हो, यह भी आवश्यक नहीं। लेकिन किसी भी लोकतंत्र की परिपक्वता इस बात से तय होती है कि वह असहमति से कैसे संवाद करता है। सरकार की जिम्मेदारी केवल शासन करना नहीं, बल्कि विश्वास पैदा करना भी है। किसान संगठनों की जिम्मेदारी भी तथ्यों और लोकतांत्रिक मर्यादा के साथ अपनी बात रखना है। दिल्ली की सीमाओं पर खड़े बैरिकेड केवल सड़कें नहीं रोकते; वे राज्य और समाज के बीच बढ़ती दूरी का प्रतीक भी बन जाते हैं। लोकतंत्र में यह दूरी जितनी बढ़ती है, संवाद उतना ही कठिन होता जाता है।

भारत की कृषि का प्रश्न केवल किसानों का प्रश्न नहीं है। यह खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण रोजगार, पर्यावरण और सामाजिक स्थिरता का भी प्रश्न है। इसलिए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के सभी संभावित प्रभावों पर संसद, किसान संगठनों, कृषि वैज्ञानिकों और अर्थशास्त्रियों के बीच खुली बहस होनी चाहिए। बड़े आर्थिक निर्णय व्यापक सामाजिक सहमति से ही स्थायी बनते हैं।

अंततः सवाल केवल एक व्यापार समझौते का नहीं है। सवाल यह है कि भारत किस तरह का लोकतंत्र बनाना चाहता है—वह जिसमें असहमति को सुरक्षा चुनौती माना जाए, या वह जिसमें विरोध को नीति सुधार का अवसर समझा जाए।शंभू बॉर्डर से किसान घाट तक की यह कहानी हमें याद दिलाती है कि लोकतंत्र की सबसे मजबूत दीवार कंक्रीट की नहीं, भरोसे की होती है। भरोसा टूटने लगे तो सबसे ऊंचे बैरिकेड भी व्यवस्था को स्थिर नहीं रख सकते। लेकिन यदि संवाद जीवित रहे तो सबसे कठिन मतभेद भी सुलझाए जा सकते हैं। भारत यदि वैश्विक अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका निभाना चाहता है, तो उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उसके किसान स्वयं को उस यात्रा का सहभागी महसूस करें, दर्शक नहीं। क्योंकि खेत केवल अन्न नहीं उगाते, वे लोकतंत्र की जड़ों को भी सींचते हैं। उन जड़ों को मजबूत रखने का रास्ता संवाद से होकर जाता है, बैरिकेडों से नहीं।

भारत यदि विश्व अर्थव्यवस्था में बड़ी भूमिका निभाना चाहता है, तो उसे यह भी सुनिश्चित करना होगा कि उसके किसान उस यात्रा के साझेदार हों, दर्शक नहीं। आर्थिक सुधारों की स्थिरता केवल समझौतों से नहीं, सामाजिक विश्वास से तय होती है। खेत केवल अन्न नहीं उगाते; वे लोकतंत्र की जड़ों को भी सींचते हैं। उन जड़ों तक यदि संवाद का पानी नहीं पहुंचेगा, तो विकास की सबसे ऊंची इमारत भी अविश्वास की जमीन पर खड़ी रह जाएगी। इसलिए आज सबसे बड़ा सवाल व्यापार समझौते का नहीं, लोकतांत्रिक विश्वास का है। और इस सवाल का उत्तर बैरिकेडों से नहीं, बातचीत की मेज से निकलेगा।

अध्यात्म

## सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास और कर्म करने से मिलती है

हर व्यक्ति सफल होना चाहता है, लेकिन अक्सर काम शुरू करने से पहले ही उसके मन में सवाल उठने लगते हैं कि क्या मैं सफल हो पाऊंगा? लक्ष्य पूरा होगा या नहीं? यही चिंता कई बार व्यक्ति की क्षमता को कमजोर कर देती है। महाभारत का एक प्रसंग बताता है कि सफलता का रहस्य परिणाम की चिंता में नहीं, बल्कि पूरे मन से कर्म करने में छिपा है। दुर्योधन चाहता था कि किसी भी तरह पांडवों का अंत हो जाए। इसी उद्देश्य से उसने लाक्षागृह का षड्यंत्र रचा, लेकिन विदुर की सूझबूझ से पांचों पांडव और कुंती इस संकट से बच निकले। अपनी पहचान छिपाने के लिए वे ब्राह्मणों का वेश धारण कर वन में रहने लगे। इसी दौरान पंचाल नरेश द्रुपद ने अपनी पुत्री द्रौपदी के स्वयंवर का आयोजन किया। देश-विदेश के अनेक राजा और योद्धा वहां पहुंचे। स्वयंवर की शर्त बेहद कठिन थी। प्रतियोगी को नीचे रखे पानी में प्रतिबिंब देखकर ऊपर घूम रही मछली की आंख पर निशाना लगाना था। जो इस परीक्षा में सफल होता, वही द्रौपदी का वरण करता। ब्राह्मण वेश में पहुंचे अर्जुन भी इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आगे बढ़े। वहां श्रीकृष्ण भी उपस्थित थे उन्होंने अर्जुन को एकाग्रता, धैर्य और लक्ष्य साधने की पूरी विधि समझाई। अर्जुन ने मुस्कुराकर पूछा, 'यदि सब कुछ मुझे ही करना है, तो फिर आपकी क्या आवश्यकता है? ' श्रीकृष्ण ने शांत स्वर में उत्तर दिया, 'तुम्हारा काम अपना श्रेष्ठ प्रयास करना है। जो तुम्हारे वश में है, उसे पूरी निष्ठा से करो। जो तुम्हारे नियंत्रण से बाहर है, उसकी चिंता मुझ पर छोड़ दो। मैं हिलते हुए पानी को स्थिर कर दूंगा, ताकि तुम्हारा ध्यान केवल लक्ष्य पर रहे। ' अर्जुन ने श्रीकृष्ण की बात को स्वीकार किया। उन्होंने परिणाम की चिंता छोड़कर अपना पूरा ध्यान केवल लक्ष्य पर केंद्रित किया। एकाग्रता और आत्मविश्वास के साथ उन्होंने धनुष उठाया और मछली की आंख पर सटीक निशाना लगा दिया। इस प्रकार वे स्वयंवर की कठिन परीक्षा में विजयी हुए। यह प्रसंग बताता है कि सफलता केवल प्रतिभा से नहीं, बल्कि सही सोच, निरंतर प्रयास और परिणाम की चिंता छोड़कर कर्म करने से मिलती है। जब व्यक्ति अपना सर्वश्रेष्ठ देता है, तब परिस्थितियां भी उसके पक्ष में बनने लगती हैं। इसलिए जीवन में हर कार्य पूरे समर्पण और ईमानदारी से करें, क्योंकि श्रेष्ठ कर्म ही अंततः श्रेष्ठ परिणाम का मार्ग बनाते हैं।

# राजनेता इसी दहाड़ से तो डरते हैं

**एक व्यंग्य के रूप में उपजी सोशल मीडिया द्वारा स्थापित कॉकरोच जनता पार्टी ने जिस प्रकार से आज देश में सत्ता के खिलाफ बिगुल फूंका है सत्ता पक्ष में बैठे लोगों ने उसकी कल्पना भी नहीं की होगी। इस सोशल मीडिया द्वारा उठाए गए सवाल और तूफान ने हमारे सामने तीन सवाल खड़े किए हैं। पहला जिम्मेदार पदों पर बैठे हुए लोग कब तक अमर्यादित भाषा का उपयोग करेंगे? दूसरा सत्ता में बैठे हुए लोग शिक्षा से कब तक मजाक करेंगे? और आखिरी, शिक्षित युवाओं के लिए सरकार कब संवेदनशील रहेगी?**

**डॉ.संजीव कुमार**

वर्तमान में जो जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी और उसके संस्थापक अभिजीत दीपके द्वारा आंदोलन खड़ा किया गया है उसकी बुनियाद 15 मई को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकान्त द्वारा दिए गये उस विवादित बयान से हुआ है जिसमें उन्होंने कहा था 'कुछ युवा कॉकरोच (तिलचट्टों) की तरह हैं, जिन्हें अपने पेशे में कोई जगह या रोजगार नहीं मिलता। इनमें से कुछ मीडिया, कुछ सोशल मीडिया और कुछ आरटीआई एक्टिविस्ट बन जाते हैं और हर किसी पर हमला करना शुरू कर देते हैं।' इसके साथ ही उन्होंने ऐसे लोगों को समाज का 'परजीवी' भी कहा था। उनके इस बयान से देश भर के युवा आक्रोशित हो उठे। विपक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस के बयान का कड़ा विरोध किया। दूसरी तरफ अमेरिका में बैठे अभिजीत दीपके ने व्यंग्य के रूप में कॉकरोच जनता पार्टी के नाम से एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बना दिया। देखते ही देखते देश भर में हफ्ते भर के अंदर इसके भारतीय जनता पार्टी से भी ज्यादा लोग फॉलोअर हो गए।

12 मई को नीट की परीक्षा खुद एनडीए द्वारा रद्द करने की घोषणा के बाद कुछ ही हफ्तों में देश भर से लगभग 12 विद्यार्थी आत्महत्या कर लेते हैं। इस घटना को कॉकरोच जनता पार्टी अपना मुद्दा बनती है और फिर अभिजीत दीपके अपने दो सहयोगियों सौरव दास एवं अनुराग रांका के साथ मिलकर 20 जून से जंतर मंतर पर आंदोलन की घोषणा करते हैं। एक हफ्ते तक इनका आंदोलन देशभर में यह संदेश पहुंचाने में कामयाब होता है कि वर्तमान सरकार किस तरह से शिक्षा तथा रोजगार पर अपनी जवाब देही नहीं तय कर पा रही है। पूरा देश देख रहा है कि वर्तमान सरकार शिक्षा के मायने में हर स्तर पर लगातार असफल हो रही है। ऐसी स्थिति में भी अगर कुछ युवा अपने उज्जवल भविष्य के लिए दिन-रात कड़ी परिश्रम करते हैं और जब कोई परीक्षा रद्द हो जाती है अथवा लीक हो जाती है तो इन 18 -19 साल के युवाओं की मनोदशा टूट जाती हैं।अभी जंतर मंतर पर जो गुस्सा दिखाई दे रहा है युवाओं का, दरअसल वह गुस्सा सिर्फ एक परीक्षा लिक को लेकर ही नहीं है, यह गुस्सा सरकार द्वारा लगातार भारतीय शिक्षा की स्थिति को खराब करने, नियुक्तियों में लगातार कमी, परीक्षा का समय पर नहीं होना, परीक्षाओं का टाल- मटोल करना, सरकार को खुद को कानून से ऊपर समझना, बुलडोजर से न्याय करना, दलितों पर देश में बढ़ते हमले, अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार, प्रधानमंत्री का देश और दुनिया में देश की किरकरी करवाना, 12 साल में प्रधानमंत्री द्वारा एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस ना करवाना, और वर्तमान में अयोध्या में राम मंदिर में दान की चोरी इत्यादि कई मामले शामिल है जो अब ज्वाला बन चुकी है। सरकार को लग रहा था कि यह आंदोलन सोशल मीडिया द्वारा एक मामूली प्रदर्शन हैं, इसलिए वह लगातार इसकी उपेक्षा कर रही थी। 28 जून को जब प्रख्यात वैज्ञानिक एवं समाजसेवी सोनम वांगचुक इस आंदोलन के साथ जुड़ जाते हैं तब इसकी गूंज देश के बाहर पहुंचने लगती है। न्यूयार्क लंदन और नीदरलैंड के शहरों से सोनम वांगचुक तथा कॉकरोच जनता पार्टी के पक्ष में वहां भी धरने होने लगते हैं। 16 जुलाई को कुछ पुलिसों द्वारा अभिजीत दीपके के साथ बदतमीजी की जाती है जिसके लिए अभिजीत प्रशासन कर्मियों से रियायत की मांग करते हैं। 17 जुलाई को आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर सोनम वांगचुक से मुलाकात करने जंतर मंतर पहुंचते हैं। वहां आंदोलन में बैठे छात्राओं तथा सोनम वांगचुक की हालत देखकर वें द्रवित हो उठते है और सोनम वांगचुक तथा अभीजित के सहयोगियों से पूछते है की आपके आन्दोलन को मजबूत करने के लिए कितने लोग चाहिए? आप 20 जुलाई को संसद मार्च कीजिए। अतः अभीजित के सभी सहयोगी 20 जुलाई को शांतिपूर्ण संसद मार्च की घोषणा करते इससे पहले 18 जुलाई को सुबह 4 बजे बर्बरता से वांगचुक जी को सादे कपडे में दिल्ली पुलिस के लोग उठा ले जाते है। सरकार द्वारा करवाया गया यह घृणित कार्य इस आंदोलन में जलते हुए हवन में घी का काम करता है। देशभर के युवाओं का गुस्सा सरकार के खिलाफ और उग्र हो उठता है। अतः 20 जुलाई को संसद मार्च की घोषणा की होते ही सरकार 19 जुलाई को रात से ही दिल्ली के चारों तरफ पहरेदारी मजबूत




करने लगती है। पर संसद मार्च इतना विशाल इतना ताकतवर होगा इसका उन्हें अंदाजा नहीं था। इस संसद मार्च के तीन प्रमुख चेहरे जो देश और दुनिया भर में प्रमुखता से छाए रहे उसमें अभिजीत के बाद पहला नाम चंद्रशेखर और दूसरा फ़िल्म कलाकार प्रकाश राज का आता हैं। यह तीनों लोग पूरे दिन संसद मार्च के समय दिल्ली में हो रहे लगातार बारिश और आंधी के बीच पुलिस की लाठियां के सामने डटे रहे। चन्द्रशेखर अभी भी संसद भवन के बाहर खुले आसमान के नीचे एक बोरे का तिरपाल बनाकर आन्दोलन को मजबूत किए हुए है। इस बीच दिल्ली पुलिस के द्वारा इन विद्यार्थियों, शोधार्थियों, समाजसेवियों से जो अभद्रता तथा हिंसात्मक कार्रवाई की गई उसकी पूरी दुनिया में चर्चा हैं। आन्दोलन में जाने माने अभिनेता नसरुद्दीन शाह, शबाना आज़मी और नेता डिम्पल यादव पूरा दिन बच्चों के साथ रहकर उन्हें साहस प्रदान करते दिखे थे। सरकार ने इस आंदोलन को दबाने के लिए जिस प्रकार से कायरतापूर्ण बिना वर्दी ,बिना नेम प्लेट के अज्ञात लोगों का सहयोग लिया है वह सरकार की मंसा पर बड़ा सवाल हैं।

इस पूरे आंदोलन की जो जान थी वह इसके दो नारों में शामिल है इंकलाब जिंदाबाद और जय भीम। इस पूरे आंदोलन ने यह साबित कर दिया है कि आज देश दो विचारों में बंटा हुआ है पहला जय श्री राम (राजनीतिक नारा) दूसरा जय भीम (तार्किक राष्ट्र)। एक दशक पहले तक अंबेडकर और जय भीम का नारा सिर्फ दलित समुदाय ही लगाते थे. इसलिए अंबेडकर की राजनीति और उनके सामाजिक न्याय की लड़ाई को सिर्फ दलित राजनीति तक ही समेट कर देखा जाता था। पर जब से राजनीति में चंद्रशेखर नाम का उदय हुआ है देश ही नहीं पूरी दुनिया में जय भीम का नारा अब हर वह व्यक्ति लगाता है जो लोकतंत्र में विश्वास रखता है, समानता और बंधुता में विश्वास रखता है, एक तार्किक और नैतिक राष्ट्र चाहता है। इसलिए आज अम्बेडकरवाद यानि लोकतंत,अम्बेडकर यानि सामाजिक न्याय,अम्बेडकर यानि स्त्री शिक्षा,अम्बेडकर यानि तार्किक शिक्षा, अम्बेडकर यानि समता,अम्बेडकर यानि समानता, अम्बेडकर यानि नैतिक नागरिक,अम्बेडकर यानि पाखंड से मुक्ति,अम्बेडकर यानि सत्ता से सवाल बन चुका है .इसलिए जो भी मानवता में यकीन रखता है वो अम्बेडकरवादी है। इस आंदोलन में पहले दिन से ही इंकलाब और जय भीम के नारे गूंजते दिखाई दिए हैं। धर्म और जाति की राजनीति करने वाले लोगों ने कई बार इस आंदोलन को दिशाहीन करने का प्रयास किया। युवाओं को जाति के नाम पर बांटने का प्रयास किया परंतु अंततः वें असफल हुए। आज के युवा अब समझ चुके हैं कि शिक्षा ही एकमात्र रास्ता है जिसमें उनकी और राष्ट्र दोनों की उन्नति तय हैं। इसलिए यह जेन जी अब किसी धार्मिक नारे के आगे अपना भविष्य दाव पर नहीं लगाने वाली क्योंकि वे शिक्षा का महत्व अब समझ चुके हैं। इसीलिए अंबेडकर ने कहा था 'शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो जितना पिएगा वह उतना दहाड़ेगा' और हमारे मूर्ख राजनेता इसी दहाड़ से डरते हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यपद्धति में परिवर्तन करने की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी को पर्याप्त समय देंगे। रिलेशनशिप सम्बन्धी समस्या दूर होगी। मित्रों के साथ चर्चा का आनन्द लेंगे।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। मनचाहा काम मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम मिलेगा।

**मिथुन**
दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। मन में अज्ञात भय परेशान कर सकता है। समय का दुरुपयोग करने के कारण अधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं।

**कर्क**
अपने शौक को पूरा करने में तत्पर रहेंगे। प्रेमीजन के प्रति विश्वास बनाये रखें। पीठ में जकड़न और दर्द की अनुभूति होगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करनी पड़ेगी।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन सराहनीय रहेगा। अपनी प्रतिभा को दिखाने का मौका मिलेगा। कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**कन्या**
सोच-समझकर ही गम्भीर मुद्दों पर प्रतिक्रिया दें। कला जगत से जुड़े लोगों की प्रशंसा होगी। घर के नवीनीकरण पर धन खर्च कर सकते हैं।

**तुला**
परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवविवाहित लोग कहीं घूमने का प्लान बना सकते हैं। महत्त्वपूर्ण विषयों को लेकर कन्फ्यूजन की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**वृश्चिक**
आप दिखावे में अत्यधिक धन खर्च कर सकते हैं। बजट का ध्यान रखकर ही कोई काम करें। आज आपको बुरे सपने परेशान कर सकते हैं।

**धनु**
आप अनुशासन को अत्यधिक महत्त्व देंगे। दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता बनाये रखें। बड़े भाई-बहनों का सहयोग प्राप्त होगा। सन्तान की उन्नति से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर**
कार्यक्षेत्र में अधिकारियों के साथ आपका तालमेल उत्तम रहेगा। पूरा दिन स्वयं को तरोताजा महसूस करेंगे। सकारात्मक रवैया अपनाने के कारण आपके सभी काम समय पर हो जायेंगे।

**कुंभ**
रिश्तेदारों की बातें आपको बुरी लग सकती हैं। बिना जाँच-परख के किसी से मित्रता न करें। उच्च अधिकारियों पर आँख-मूँदकर भरोसा न करें।

**मीन**
दाम्पत्य जीवन में कुछ विघ्नता रहेगी। प्रियजनों का व्यवहार दु:ख पहुँचा सकता है। मन की चञ्चलता पर नियन्त्रण रखें। अपने स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

## संक्षिप्त समाचार

### सम्राट सरकार के 100 दिन पूरे, कार्यक्रम का आयोजन

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड सभागार में शनिवार को सम्राट सरकार के सौ दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजकिशोर सिंह, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी श्वेता आनंद, बीस सूत्री अध्यक्ष मृगेंद्र प्रताप मंटू सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सेवा संकल्प समर्पण के साथ वर्तमान सरकार के 100 दिन पूरा होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का उद्बोधन वेब कास्ट के माध्यम से सुना गया।इस मौके पर जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक में बेहतर कार्य करने वाले प्रखंड एवं अंचल कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजकिशोर सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा कई लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है। प्रखंड के अधिसंख्यक निवासी इससे लाभान्वित हों, इसे सुनिश्चित करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। अब किसी भी समस्या के निष्पादन के लिए अत्यंत सरल व्यवस्था की गई है। जिसका आमजनों को लाभ उठाना चाहिए।



### जमीन विवाद में मारपीट, बाप-बेटों समेत 3 गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना पुलिस ने जमीन विवाद में जानलेवा हमला और महिलाओं से छेड़छाड़ के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बजरंगी चौधरी, पिता स्वर्गीय शिव गोविंद चौधरी, अरविंद कुमार, पिता बजरंगी चौधरी और नीरज कुमार, पिता बजरंगी चौधरी, सभी निवासी ग्राम चामुचक शामिल हैं। पीड़ित औरंगजेब चौधरी, उम्र 67 वर्ष, पिता स्वर्गीय शिव गोविंद चौधरी ने पिपरा थाना कांड संख्या 81/26 दिनांक 08.07.26 में आवेदन देकर बताया कि 3 जुलाई 2026 को दोपहर करीब 2 बजे उनकी पत्नी विवादित जमीन पर ईंट से दीवार बना रही थीं। मामला कोर्ट में लंबित है। इसी दौरान उपरोक्त तीनों लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों घर में घुस गए और लाठी-डंडे से मारपीट की। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि आरोपितों ने पीड़ित की पत्नी के साथ अभद्र व्यवहार और छेड़छाड़ की तथा जान से मारने की धमकी भी दी।

### मथुरा प्रसाद बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत

**पालीगंज(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उज्ज्वल आयरन प्रतिष्ठान के संस्थापक एवं प्रख्यात समाजसेवी मथुरा प्रसाद को अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा का बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर पटना जिले सहित पूरे क्षेत्र के रौनियार समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके मनोनयन की घोषणा के बाद बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं रौनियार वैश्य न्यास परिषद, पटना के आजीवन सदस्य मुन्ना कुमार गुप्ता ने कहा कि मथुरा प्रसाद का मनोनयन उनके लंबे सामाजिक योगदान, कुशल नेतृत्व एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण का सम्मान है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाज के हितों की प्रभावी ढंग से रक्षा एवं विकास के लिए कार्य करेगा। मुन्ना कुमार गुप्ता एवं पालीगंज वैश्य नेता जवाहर गुप्ता ने मथुरा प्रसाद को नई जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि उनके कुशल नेतृत्व में रौनियार समाज नई ऊंचाइयों को प्राप्त करे और संगठन निरंतर प्रगति एवं सशक्तिकरण के मार्ग पर अग्रसर रहे।




### लग्जरी कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय पुलिस ने एक उजले रंग की लग्जरी कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब को बरामद करने के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि विगत संध्या में पुलिस को गुप्त सूचना मिली की एक उजला रंग का कार अवैध शराब लेकर सगुना मोड़ की तरफ से आ रहा है। थानाध्यक्ष रूपसपुर थाना के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सघन वाहन जांच के क्रम में आरपीएस मोड़ के पास एक उजला रंग का कार रूकने का ईशारा किया गया। जो पुलिस बल को देख भागने लगें। जिसे छापामारी दल द्वारा पीछा कर गणेश दत्त मोड़ से आगे मैदान के पास पकड़ा गया तथा कार का विधिवत तालाशी लिया गया तो कार से कुल-300.750 ली० विदेशी शराब बरामद कर उक्त वाहन के चालक भदौर का रहने वाला आदित्य चौहान को गिरफ्तार किया गया। पूछ ताछ के क्रम में चालक द्वारा बताया गया कि ये हरियाणा से शराब लेकर बिहार के सगुना मोड़ पटना आ रहा था। उन्होंने बताया कि कार को भी जब्त कर लिया गया है और अभियुक्त पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### बिहार सरकार के 100 दिनका हुआ लाइव प्रसारण

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य में शनिवार को नगर परिषद, मोकामा के सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना था। इस अवसर पर राज्यस्तरीय समारोह का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया, जिसे बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने देखा।लाइव प्रसारण के दौरान सरकार की ओर से पिछले 100 दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों और उपलब्धियों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सड़क एवं आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा, रोजगार सृजन सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों को कॉपी एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद मोकामा के सभापति नीतेश कुमार, ब्राण्ड एम्बेसडर छितेंद्र कुमार सिंह ,प्रवक्ता महेश सिंह, पार्षद धीरज कुमार के साथ कई वार्ड पार्षद, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### ट्रेन में चोरी हुआ मोबाइल बरामद, एक गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा रेल थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल चोरी के एक मामले का उद्भेदन किया है।सोमवार को ट्रेन संख्या 63571 जसीडीह - मोकामा पैसेंजर में यात्रा कर रहे छोटन कुमार सिंह पिता चंद्रदेव सिंह, निवासी गिरिडीह का टेक्नो स्पार्क कंपनी का मोबाइल चार्ज में लगा हुआ था। इसी दौरान अज्ञात चोर ने मोबाइल चोरी कर लिया। पीड़ित द्वारा इसकी सूचना मोकामा रेल थाना को दी गई।मामले को गंभीरता से लेते हुए मोकामा रेल थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज को खंगाला और [illegible] की मदद से संदिग्ध की पहचान की।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सतीश सिंह, पिता स्व. महेंद्र सिंह, साकिन बर्मा, थाना शेखपुरा, जिला शेखपुरा को पकड़ लिया। उसके पास से चोरी गया मोबाइल बरामद कर लिया गया है।रेल थानाध्यक्ष ने बताया कि आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद प्राथमिकी अभियुक्त को माननीय न्यायालय में भेज दिया गया है।

### एनसीसी कैडेट्स ने निकाली टीबी जागरूकता रैली

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 29 बिहार बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में शनिवार को एसएमडी कॉलेज, पुनपुन, पटना की एनसीसी इकाई के कैडेट्स ने पुनपुन बाजार में टीबी यानी क्षय रोग जागरूकता रैली निकाली। रैली का नेतृत्व एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने किया।रैली के दौरान कैडेट्स ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा', 'टीबी का इलाज संभव है, समय पर जांच कराएं' और 'दो सप्ताह से अधिक खांसी होने पर तुरंत जांच कराएं' जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कैडेट्स ने आम लोगों को बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है लेकिन इसका पूरी तरह इलाज संभव है। समय पर जांच, नियमित दवा और डॉक्टर की सलाह मानने से मरीज पूरी तरह स्वस्थ हो सकता है।लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार ने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति समाज में जागरूकता फैलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। एनसीसी कैडेट्स सामाजिक सेवा और जनजागरूकता अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं और लोगों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रेरित करते हैं। रैली के दौरान स्थानीय लोगों ने भी अभियान की सराहना की और टीबी मुक्त भारत के संकल्प को सफल बनाने में सहयोग देने का संकल्प लिया।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर बिहार बंद का पालीगंज में व्यापक असर

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्र संगठनों एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के आह्वान पर शनिवार को आयोजित बिहार बंद का पालीगंज अनुमंडल में व्यापक असर देखने को मिला। बंद पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। सुबह से ही नगर बाजार की अधिकांश दुकानें स्वतः बंद रहीं, जबकि सड़कों पर वाहनों का परिचालन लगभग ठप रहा। सुबह से ही आइसा एवं इंकलाबी नौजवान सभा के बैनर तले कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर पूरे बाजार में भ्रमण किया। इस दौरान बंद समर्थकों ने नारेबाजी करते हुए नगर बाजार में घूम घूम कर बंद का समर्थन मांगा तथा खुली दुकानों को बंद कराया। अधिकांश दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद रखीं। बंद के कारण सड़कों पर केवल एंबुलेंस एवं अन्य आवश्यक सेवाओं से जुड़े इक्का-दुक्का वाहन ही चलते दिखाई दिए। बंद कराने वाले, आइसा,इंकलाबी नौजवान सभा के कार्यकर्ताओं के अलावा किसी दल के कार्यकर्ता ने सड़क पर नहीं दिखाई दिये। बंद समर्थकों ने बिहटा मोड़ के समीप मुख्य सड़क पर बैठकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सभा को संबोधित किया। दोपहर बाद प्रदर्शनकारियों ने अपना आंदोलन समाप्त कर सड़क खाली कर दीया, जिसके बाद यातायात सामान्य होने लगा। बंद को लेकर पूरे अनुमंडल क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। अनुमंडल कार्यालय, प्रखंड कार्यालय सहित सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार एवं एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह स्वयं बिहटा मोड़ पर मौजूद रहकर स्थिति की निगरानी करते रहे। अतिरिक्त सुरक्षा के लिए पटना से भी पुलिस बल मंगाया गया था। इसके अलावा पालीगंज थाने में पदस्थापित सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया था। एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह पूरे समय सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते रहे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण बंद के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और पूरा आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। बंद का नेतृत्व करने वालों में प्रमुख रूप से भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य विनेश चौधरी, सुरेंद्र पासवान, कृष नंदन कुमार, अविनाश कुमार, संतलाल सिंह, इंकलाबी नौजवान सभा के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य राजेश कुमार सहित दर्जनों नेता इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे।




## नीट पेपर लीक के विरोध में बिहार बंद मसौढ़ी

# धनरूआ और पुनपुन में दुकानें बंद, जोरदार प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नीट पेपर लीक मामले और पटना में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को आइसा और आरवाईए के संयुक्त तत्वावधान में बिहार बंद का आह्वान किया गया। इसका असर मसौढ़ी अनुमंडल के मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन में देखने को मिला। मसौढ़ी शहर में सुबह से ही आइसा और इंकलाब नौजवान कमेटी के राज पार्षद शशि रंजन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाजार में विरोध प्रदर्शन किया और सभी दुकानें बंद करवायीं। मसौढ़ी बाजार की तकरीबन 80 प्रतिशत दुकानें स्वतः बंद रहीं। धनरूआ बाजार भी पूरी तरह बंद रहा। पुनपुन में भी चंद दुकानों के अलावा सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। धनरूआ में प्रदर्शन का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष अकलू पासवान और कमलेश कुमार ने किया। प्रदर्शन में माले नेता जितेंद्र राम, रिंकू कुमारी आदि शामिल रहे हैं वहीं मसौढ़ी में नागेश्वर पासवान, संजय कुमार, प्रखंड सचिव राकेश कुमार समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे,प्रदर्शन कारीयों ने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री को हर हाल में इस्तीफा देना होगा। छात्रों और छात्राओं पर जिस तरह बर्बरतापूर्वक लाठियां चलाई गईं, जैसे मानो वे आतंकवादी हों, यह बेहद शर्मनाक घटना है। स्थानीय पुलिस प्रशासन की इस करतूत पर कार्रवाई होनी चाहिए, प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा मंत्री और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन में जोरदार नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने हाथों में बैनर पोस्टर लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।बंद के कारण बाजारों में आवागमन प्रभावित रहा। पुलिस प्रशासन ने स्थिति पर नजर रखने के लिए अतिरिक्त बलों की तैनाती की थी।

# रेलवे के सिग्नल का कॉपर तार काटा, 45 मिनट तक ठप रहा परिचालन

## वंदे भारत, जनशताब्दी समेत कई ट्रेनें जहां-तहां खड़ी रहीं, मैनुअल सिग्नल से बहाल हुआ परिचालन

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार शाम करीब 9:20 बजे उचक्कों ने सिग्नल सिस्टम का कॉपर वायर काट कर चोरी कर लिया। इससे अप लाइन का ऑटोमैटिक सिग्नल सिस्टम फेल हो गया और करीब एक घंटे तक ट्रेनों का परिचालन ठप रहा।जानकारी के अनुसार चोरों ने मोकामा स्टेशन के होम सिग्नल के पास अप लाइन के ट्रैक वन टी का कॉपर वायर काट दिया। तार कटते ही सिग्नल को करंट मिलना बंद हो गया और सिग्नल लाल हो गया। इससे अप लाइन से गुजरने वाली सभी ट्रेनें जहां-तहां रुक गईं।इस दौरान हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस टाल जंक्शन पर रोक दी गई, जबकि 12023 हावड़ा-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस 45 मिनट तक मोकामा के होम सिग्नल पर ही खड़ी रही। इसके अलावा साहिबगंज इंटरसिटी एक्सप्रेस को हाथीदह स्टेशन पर रोका गया, वहीं हावड़ा-देहरादून उपासना एक्सप्रेस का परिचालन भी प्रभावित हुआ।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मोकामा स्टेशन मास्टर जीतेंद्र कुमार ने सूझबूझ दिखाते हुए जनशताब्दी एक्सप्रेस को मैनुअल प्रक्रिया से प्लेटफॉर्म पर लिया। उसके बाद वंदे भारत एक्सप्रेस को टाल से मोकामा लाया गया। सिग्नल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद तार को जोड़ा, तब जाकर परिचालन सामान्य हो सका।मोकामा आरपीएफ प्रभारी मृणाल कुमार ने बताया कि सिग्नल विभाग के अभियंता द्वारा अज्ञात चोरों के विरुद्ध कॉपर तार चोरी का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### बिहार बंद के आह्वान पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शनिवार को दानापुर बीएस कॉलेज के पास बिहार बंद के आह्वान पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे समाजिक कार्यकर्ता पीटी गजेन्द्र कुमार ने कहा कि हमारी संख्या,जो मोदी जी के द्वारा छात्रों के साथ पुलिसिया दमन एवं साथ-साथ जनप्रतिनिधियों में डर के माहौल से भले ही कम तो जरूर थी परंतु क्रांति के लिए तो कुछ लोग ही धारा के विपरीत जानें का काम करते हैं। पंचायत समिति सदस्य मुस्कान कुमार ने कहा कि छात्र एवं युवा एकता के कारण ही धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा सम्भवत हो सका है। इस अवसर पर मौलवी हसन उर्फ मक्खन, प्रदीप कुमार, राजीव रंजन, विकास कुमार, पृथ्वी राज सिंह आदि उपस्थित थे।

### जमीन विवाद में मारपीट, महिला से बाली छीनी, पुलिस से भी की बदसलूकी

**मसौढ़ी के कुम्हारटोली में 8-9 लोगों ने घर में घुसकर किया हमला, एक की उंगली टूटी**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कुम्हारटोली गांव में जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। आरोपियों ने घर में घुसकर एक व्यक्ति और उसकी पत्नी की पिटाई कर दी। इस दौरान महिला के गले से सोने की बाली भी छीन ली गई। हमलावरों ने डायल 112 पर पहुंची पुलिस के साथ भी बदसलूकी की पीड़ित जगत चौधरी ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर बताया कि दोपहर करीब 12 बजे गांव के ही सिबोधी चौधरी, गोलू कुमार, चुन्नू चौधरी और अन्य 6-7 अज्ञात लोग एकमत होकर उसके घर आए। पहले गाली-गलौज की, मना करने पर लाठी-डंडे और चाकू से हमला कर दिया। हमले में जगत चौधरी के बाएं हाथ की एक उंगली टूट गई और शरीर पर कई जगह चोटें आईं। आवेदन में कहा गया है कि बीच-बचाव करने आई पत्नी कुंती देवी की भी पिटाई की गई और उसके गले से सोने की बाली जबरन तोड़ ली गई। शोर सुनकर पुत्र ने डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर आरोपित पुलिसकर्मियों से भी उलझ गए और जान से मारने की धमकी दी।

# खगौल में पटना विश्वविद्यालय के छात्र नेता सैयद ईमाम और विकास सिंह के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से निकला आक्रोश मार्च



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के चारों तरफ शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करते हुए बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राओं शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन के घटनाक्रम को स्पष्ट रूप से दशार्ती है कि इस आंदोलन से जुड़े मुख्य बिंदु और संदेश इस प्रकार हैं।आंदोलन की मुख्य वजहें नीट नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट पेपर लीक । परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के खिलाफ देशव्यापी गुस्से को दर्ज कराना। दिल्ली पुलिस की कार्रवाई का विरोधः दिल्ली के जंतर-मंतर पर लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिसिया बर्बरता और उसमें घायल हुए सैकड़ों छात्रों के समर्थन में आवाज उठाना।बिहार पुलिस की कार्रवाई का विरोधः पटना में भी आंदोलनकारी छात्रों पर हुए बल प्रयोग और बर्बरता का विरोध करना।खगौल आंदोलन का रूट और स्वरूपरूटः यह शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक मार्च खगौल के गाड़ीखाना से शुरू होकर जगत नारायण लाल कॉलेज तक निकाला गया।एकता का संदेशः इस मार्च के जरिए खगौल में छात्र एकता की एक मजबूत मिसाल पेश की गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र और छात्राएं शामिल हुए।छात्र नेता सैयद ईमाम एवं विकाश सिंह का मुख्य संदेशकलम और किताब ही हथियार हैं । इस आंदोलन में पूरे छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का असली हथियार सिर्फ और सिर्फ उनकी कलम और किताब है।अहिंसा का मार्गः उन्होंने सभी साथियों से अहिंसावादी बने रहने और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें उठाने की अपील की। और पूरे देश के छात्र-छात्राओं कोआभार प्रकट किया और उन्होंने आंदोलन को सफल और शांतिपूर्ण बनाने के लिए सभी छात्र-छात्राओं का धन्यवाद किया।

# बिहार बंद के दौरान तरेगना रेलवे स्टेशन छावनी में तब्दील

## आरपीएफ, जीआरपी और मजिस्ट्रेट की तैनाती, उपद्रव की आशंका के बीच अलर्ट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार बंद को लेकर शनिवार को पूरे राज्य में पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। सड़कों पर चौकसी के साथ-साथ रेलवे स्टेशनों को भी खास टारगेट पर रखा गया। उपद्रव की आशंका के मद्देनजर तारेगना रेलवे स्टेशन को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर तारेगना स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस की भारी तैनाती की गई। दिनभर जवान मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करते नजर आए। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर और प्रवेश द्वारों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। अनुमंडल प्रशासन की ओर से विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्टेशन पर मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की गई। अधिकारियों ने यात्रियों से शांति बनाए रखने की अपील की और अफवाहों पर ध्यान न देने को कहा। रेलवे सूत्रों के अनुसार बंद के दौरान ट्रेनों का परिचालन सामान्य रहा, लेकिन सुरक्षा कारणों से कुछ ट्रेनों की अतिरिक्त निगरानी की गई। पुलिस का कहना है कि बंद शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए थे। इस मौके पर तरेगना रेल थानाध्यक्ष सोनू कुमार,आरपीएफ की पूरी टीम, मसौढ़ी सर्किल इंस्पेक्टर एवं दंडाधिकारी के तौर पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी और रंजीत कुमार आदि के साथ पूरी पुलिस टीम शामिल रहे।



### धनरूआ पुलिस ने 2 महीने की बच्ची बेचने वाले गिरोह की 2 महिलाओं को किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना कांड संख्या 434/26 में 2 महीने की बच्ची साधना कुमारी को बेचने के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान मिता भौमिक, पति विकास भौमिक, निवासी खरसिया, जिला रायगढ़ छत्तीसगढ़ और सुनीता भट्टाचार्य, पति पार्थ भट्टाचार्य, निवासी दुर्गानगर, जिला नार्थ 24 परगना पश्चिम बंगाल के रूप में हुई है। दरअसल पीड़िता पूजा कुमारी, पति राजू गिरि, ग्राम पभेड़ा ने आवेदन में बताया कि 23 जून 2026 को गांव की ही सुशीला देवी उसे पटना में काम दिलाने के बहाने बच्चों समेत ले गई। वहां सुनीता देवी और उसके पति अनिल राम तथा नीलू देवी के साथ मिलकर उसे राजस्थान कोटा में नौकरी का झांसा दिया। इसी दौरान उसकी 2 महीने की बेटी साधना कुमारी को रिश्तेदार के पास रखने के नाम पर ले लिया और बाद में किसी अन्य महिला को सौंप दिया था,पूजा ने बताया कि कोटा पहुंचने के बाद आरोपितों ने कहा कि बच्ची को बेच दिया गया है और अब उसे लाना संभव नहीं है।

# मोकामा में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत कला उत्सव का भव्य आयोजन





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सीआरपीएफ मोकामा घाट में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत कला उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार जैसवारा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के कला शिक्षक मृत्युंजय कुमार, सुमंतो गंगोपाध्याय, नवीन झा, रणबिजय कुमार तथा अनुराधा मैम सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री सुनील कुमार जैसवारा ने कहा कि कला एवं संस्कृति किसी भी राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होती है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय एकता तथा विभिन्न राज्यों की कला एवं परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं।कार्यक्रम के संयोजक एवं कला शिक्षक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि इस कला उत्सव का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि जागृत करना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को सुदृढ़ करना है।उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने चित्रकला, लोक कला सहित विभिन्न कलात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे परिसर में कला और संस्कृति के रंगों से उत्साह का माहौल रहा।कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### जमीन विवाद में मारपीट और लूट, महिला का मंगलसूत्र छीना, 3 लोग घायल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के अदलचक गांव में जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। आरोपितों ने घर में घुसकर एक ही परिवार के तीन लोगों को लाठी-डंडे और बंदूक से पीटा। इस दौरान एक महिला के गले से मंगलसूत्र भी छीन लिया गया।पीड़ित दीना प्रसाद ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर बताया कि वह अपने खेत से घर लौटे थे। इसी दौरान गांव के ही कामता प्रसाद और उनके पुत्र संजय कुमार, मुकेश कुमार अपने अन्य सहयोगियों के साथ उनके घर पर चढ़ आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर कामता प्रसाद ने लाठी से उनके सिर पर वार कर दिया जिससे सिर फट गया और खून बहने लगा। आवेदन के अनुसार मुकेश कुमार ने बंदूक लहराकर धमकाया और उनकी पुत्रवधू ललिता देवी पति सुभाष के गले से लगभग 65 हजार रुपये का मंगलसूत्र छीन लिया।


# एक पीपल का पेड़ करोड़ों की ऑक्सीजन फैक्ट्री

## युवाओं व बुद्धिजीवियों को इसके संरक्षण और नए पीपल वृक्ष लगाने के लिए आगे आने की जरूरत

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पर्यावरण संरक्षण और आयुर्वेद में पीपल के वृक्ष को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। इसका वानस्पतिक नाम Ficus religiosa है और इसे संस्कृत में 'अश्वत्थ' तथा 'गुह्यपुष्पक' भी कहा जाता है। हिलसा ब्लॉक परिसर में शिवालय के पास स्थित यह विशाल पीपल वृक्ष इसी का जीता-जागता उदाहरण है।

#### वैज्ञानिक तथ्य

वानस्पतिक विशेषज्ञों के अनुसार पीपल दीघार्यु वृक्षों की श्रेणी में आता है। यह सैकड़ों वर्षों तक जीवित रह सकता है। पीपल का फल बरगद-गूलर की तरह बीजों से भरा होता है और आकार में मूंगफली के दाने जैसा दिखता है। इसके बीज राई के दाने से भी छोटे होते हैं, लेकिन इन्हीं से विशाल वृक्ष बनता है। पीपल की सबसे खास बात यह है कि यह 24 घंटे ऑक्सीजन छोड़ने वाला वृक्ष माना जाता है। इसके पत्ते कोमल, सुंदर और चंचल होते हैं। वसंत में इस पर धानी रंग की नई कोपलें आती हैं जो बाद में गहरे हरे रंग की हो जाती हैं। इसकी छाया भले ही बरगद से कम हो, लेकिन पर्यावरणीय महत्व बहुत अधिक है।





#### आयुर्वेदिक उपयोग

### हिलसा ब्लॉक परिसर का विशाल वृक्ष पर्यावरण और आस्था दोनों का केंद्र

आयुर्वेद में पीपल को औषधीय गुणों का भंडार माना गया है। इसकी टहनी, लकड़ी, पत्तियों, कोपलों और सीकों का प्रयोग पीलिया, रतौंधी, मलेरिया, खांसी, दमा, सर्दी और सिरदर्द जैसी बीमारियों में किया जाता है। इसके पत्ते जानवरों विशेषकर हाथियों के लिए उत्तम चारा भी माने जाते हैं।

#### संरक्षण की जरूरत

पर्यावरणविद एक बड़े पीपल वृक्ष की कीमत करोड़ों रुपये आंकते हैं क्योंकि यह वायु शुद्धिकरण, भूजल संरक्षण और जैव विविधता में अहम भूमिका निभाता है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि ब्लॉक परिसर जैसे सार्वजनिक स्थानों पर और अधिक फलदार व छायादार पौधों का रोपण कर इनका संरक्षण किया जाए।

जानिए पीपल के बारे में

- **वानस्पतिक नाम:** Ficus religiosa
- **परिवार:** Moraceae
- **विशेषता:** 24 घंटे ऑक्सीजन देने वाला वृक्ष
- **जीवन:** सैकड़ों वर्ष तक जीवित,धार्मिक महत्व,हिन्दू धर्म में आस्था सोमवती अमावस्या व अन्य कर्मकांड में उपयोगी !

## संक्षिप्त समाचार

### बुजुर्ग महिला को ई-रिक्शा ने मारी टक्कर, अस्पताल में भर्ती

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के अथुआरा गांव में एक बुजुर्ग महिला को ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान डोमिनी देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। परिजनों ने शनिवार को लगभग 1 बजे बताया कि डोमिनी देवी अपने घर से पूजा करने के लिए मंदिर जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आए एक ई-रिक्शा ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक ई-रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया। फिलहाल अस्पताल में महिला का इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### रास्ते के विवाद ने लिया हिंसक रूप, दो लोग घायल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक प्रखंड के ढिबर पंचायत अंतर्गत जिगरिया टोला गांव में वर्षों पुराने रास्ता विवाद को लेकर शनिवार को दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी हिंसक झड़प में बदल गई। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष के दो लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बना रहा। घायल पक्ष के चंदन पासवान ने बताया कि रास्ते को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। वहीं शोभा देवी का आरोप है कि पड़ोसी अक्सर शराब के नशे में गाली-गलौज करता है और कई बार घर में घुसकर मारपीट भी कर चुका है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना तत्काल डायल-112 पुलिस को दी गई। दूसरी ओर शैलेंद्र पासवान ने कन्हैया पासवान, श्रवण पासवान समेत तीन अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आरोपित शराब के नशे में उनके घर पहुंचकर गाली-गलौज करते रहे थे। जब शनिवार को उन्हें समझाने का प्रयास किया गया तो आरोपितों ने मारपीट शुरू कर दी, जिसमें उनका सिर फट गया और अन्य लोग भी घायल हो गए। घायलों का इलाज बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी ली। पुलिस का कहना है कि आवेदन प्राप्त होने के बाद पूरे मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रावणी मेला के अवसर पर अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा पटना और इसलामपुर के मध्य 26 जुलाई से 29 ट्रिप श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह स्पेशल गाड़ी सं. 19313/14 एवं 19321/22 इंदौर-पटना एक्सप्रेस के रेक का उपयोग करते हुए पटना और इसलामपुर के मध्य 03297/03298 नंबर से परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 03297 पटना-इसलामपुर श्रावणी मेला स्पेशल 26 जुलाई से 29.सितंबर तक प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार एवं रविवार को पटना जं. से 16.10 बजे प्रस्थान कर 16.17 बजे राजेन्द्रनगर, 16.31 बजे पटना साहिब, 16.55 बजे फतुहा, 17.13 बजे दनियावां बाजार हाल्ट, 17.38 बजे हिलसा, 17.53 बजे एकंगरसराय स्टेशनों पर रुकते हुए 19.00 बजे इसलामपुर पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 03298 इसलामपुर-पटना श्रावणी मेला स्पेशल दिनांक 27 जुलाई से 30 सितंबर तक प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं सोमवार को इसलामपुर से 07.45 बजे खुलकर 07.55 बजे एकंगरसराय, 08.09 बजे हिलसा, 08.35 बजे दनियावां बाजार हाल्ट, 08.56 बजे फतुहा, 09.12 बजे पटना साहिब, 09.25 बजे राजेन्द्रनगर रुकते हुए 11.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी।

### वाहन जांच अभियान में 9,500 रुपये जुर्माना वसूला

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को एकमा थाना की पुलिस ने एकमा स्थित परसागढ़ मोड़ के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व एसआई विनायक राम ने किया। जांच के दौरान बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के आवश्यक कागजात एवं फिटनेस प्रमाणपत्र के वाहन चलाते पाए गए आठ दोपहिया चालकों का चालान काटते हुए कुल 9,500 रुपये जुर्माना वसूला गया। अचानक शुरू हुए अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी नियमित रूप से सघन जांच अभियान चलाया जाएगा तथा यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

### एकमा पुलिस अनुमंडल में निकाला गया फ्लैग मार्च


**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नीट पेपर लीक मामले एवं दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को छपरा में प्रस्तावित छात्र संगठनों के धरना-प्रदर्शन को देखते हुए शुक्रवार को एकमा पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस-प्रशासन ने व्यापक फ्लैग मार्च निकाला। छपरा सदर-2, एकमा के एसडीपीओ राजकुमार के नेतृत्व में निकाले गए मार्च का उद्देश्य शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखना तथा आम लोगों में सुरक्षा का विश्वास कायम करना था। फ्लैग मार्च में बीडीओ डॉ. अरुण कुमार, सीओ रवि शेखर, एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव, रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रिंस राज, दाउदपुर थानाध्यक्ष निर्भय कुमार, मांझी थानाध्यक्ष विनोद कुमार सहित कोपा, जलालपुर, जनता बाजार, बनियापुर एवं सहाजितपुर थानों के पुलिस पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में पुलिस बल शामिल रहे। यह मार्च एकमा बाजार से शुरू होकर पारसागढ़, रसूलपुर, बिदानलाल, रामपुर, केसरी व लहलादपुर होकर विभिन्न क्षेत्रों से गुजरा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने प्रमुख चौक-चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि विधि-व्यवस्था भंग करने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पैदल गामी पुल के अधूरेपन से जनता मायूस

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुख तो तब होता है जब अपने लोग ही घाव देते है यह उक्ति आदापुर प्रखंड की जनता की नही है, दुख से पिडित भाजपाईयों की है भाजपा से जुड़े होने के नाते कुछ बोलना अच्छा नहीं लगता, अनगिनत समस्याओं में सबसे बड़ी समस्या यह है कि आदापुर स्टेशन पर एक पैदल पुल की आवश्यकता है जहां यात्रियों के प्लेटफार्म संख्या एक से तीन पार करने के लिए बेहद जरूरी है जिसे माननीय सांसद डाक्टर संजय जायसवाल ने वर्षों से पुल निर्माण के लिए अटकलें का शिकार बनते जा रहे हैं इन्होंने एक दशक से आदापुर विधानसभा क्षेत्र के जनता के आंख में धूल झोंक कर गुमराह किया जा रहा है,नाम नहीं छापने के सवाल पर सुबोध कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिंह विकास कुमार जायसवाल ने बताया कि जब-जब चुनाव आता है तब तब पुल निर्माण की काम शुरू होकर रुक जाती है,अभी हाल ही में टेंडर के साथ पैदल गामी पुल का निर्माण शुरू हुआ आधे बनने के बाद कार्य स्थगित होना आम जनता में मायूसी बनीं हुई हैं, अनगिनत लोगों ने सांसद के खिलाफ बोलते हैं।

### पिकअप से छह मवेशी बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश नंबर की एक पिकअप से छह मवेशी बरामद किए। पड़ताल के दौरान पाया गया कि मवेशियों को अमानवीय तरीके से वाहन में ठूंसकर ले जाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने पिकअप वाहन जब्त कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज के समीप गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान की गई। थानाध्यक्ष रामबालक यादव ने बताया कि सूचना मिली थी कि पिकअप से मवेशियों की तस्करी की जा रही है। इसके बाद पुलिस टीम ने आमदाढ़ी ओवरब्रिज के पास घेराबंदी कर वाहन जांच शुरू की। इसी दौरान उत्तर प्रदेश नंबर की संदिग्ध पिकअप को रोककर तलाशी ली गई। जांच में वाहन के भीतर छह मवेशियों को क्षमता से अधिक संख्या में ठूंसकर ले जाया जा रहा था। मवेशियों के खड़े होने तक की पर्याप्त जगह नहीं थी, जिससे उनके साथ क्रूरता किए जाने की पुष्टि हुई। पुलिस ने सभी मवेशियों को सुरक्षित कब्जे में लेकर वाहन जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के जीयनपुर थाना क्षेत्र के चुनुकपार निवासी मो. अली शेर मियां के 23 वर्षीय पुत्र मो. रेहान तथा मऊ जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के मीरपुर मौजाया निवासी परवेज के 20 वर्षीय पुत्र अरमान के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपित मवेशियों के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों आरोपितों के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 एवं भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि मवेशियों को कहां से लाया गया था और उन्हें किस स्थान पर ले जाया जा रहा था।



# कृषि अनुसंधान परिसर की 22वीं अनुसंधान सलाहकार समिति की दो दिवसीय बैठक

## पूर्वी भारत के लिए भूमि एवं जल उत्पादकता तथा जलवायु-स्मार्ट कृषि पर दिया गया विशेष बल




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना की 22वीं अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक 23-24 जुलाई, 2026 को डॉ. ए.के. सिंह, पूर्व उप महानिदेशक (प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन), आईसीएआर, नई दिल्ली की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संस्थान की अनुसंधान उपलब्धियों की समीक्षा की गई तथा पूर्वी भारत में उभरती कृषि चुनौतियों का समाधान करने और किसानों की समृद्धि बढ़ाने के लिए कृषि अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी प्रसार को और सुदृढ़ बनाने संबंधी रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। बैठक में अनुसंधान सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. सी.एल. आचार्य, पूर्व निदेशक, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल; डॉ. ए.एस. पंवार, पूर्व निदेशक, भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम; डॉ. महेश गाथाला, कंट्री हेड एवं सिस्टम्स एग्रोनोमिस्ट, सीआईएमएमवाईटी, नई दिल्ली; डॉ. रंजीत कुमार, प्रधान वैज्ञानिक, राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान प्रबंधन अकादमी, हैदराबाद; डॉ. के.के. बरुआ, पूर्व विभागाध्यक्ष, पूर्वोत्तर पर्वतीय क्षेत्र अनुसंधान परिसर, उमियाम; डॉ. राकेश कुमार, सहायक महानिदेशक (सस्य विज्ञान विज्ञान, कृषिवानिकी एवं जलवायु परिवर्तन), आईसीएआर, नई दिल्ली; डॉ. अनुप दास, निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना; संस्थान के विभिन्न प्रभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक तथा बक्सर एवं रामगढ़ स्थित कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ. ए.के. सिंह ने विशेष रूप से बिहार एवं झारखंड सहित पूर्वी भारत के लघु एवं सीमांत किसानों के लिए संसाधन-कुशल एवं जलवायु-स्मार्ट कृषि पद्धतियों के माध्यम से भूमि एवं जल उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जल एवं पोषक तत्व उपयोग दक्षता में सुधार तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देकर कृषि की उत्पादकता एवं जलवायु सहनशीलता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. अनुप दास ने संस्थान की प्रमुख उपलब्धियों, वर्तमान अनुसंधान कार्यक्रमों तथा भावी प्राथमिकताओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के साथ-साथ विकसित प्रौद्योगिकियों को विस्तार गतिविधियों एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि धान परती भूमि प्रबंधन संस्थान का एक प्रमुख कार्यक्रम बनकर उभरा है, जिसने संसाधन संरक्षण तकनीकों तथा धान, दलहन एवं तिलहन की उन्नत किस्मों के माध्यम से सतत कृषि सघनीकरण को बढ़ावा दिया है। इसके परिणामस्वरूप पिछले एक दशक में पूर्वी भारत में धान परती क्षेत्र में लगभग 15 लाख हेक्टेयर की कमी दर्ज की गई है। पिछली अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक में दिए गए सुझावों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट डॉ. पी.सी. चंद्रन, प्रधान वैज्ञानिक एवं सदस्य सचिव, अनुसंधान सलाहकार समिति द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर चार प्रकाशनों का विमोचन किया गया तथा जी-बायोम प्राइवेट लिमिटेड के साथ सूक्ष्मजीव आधारित इनोक्यूलेशन तकनीक द्वारा कृषि अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। तकनीकी सत्रों के दौरान विभिन्न प्रभागाध्यक्षों तथा कृषि विज्ञान केंद्रों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी इकाइयों की अनुसंधान उपलब्धियों, विकसित प्रौद्योगिकियों, विस्तार गतिविधियों एवं भावी कार्ययोजनाओं पर प्रस्तुतियाँ दीं। संस्थान की 25 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा के दौरान प्राप्त उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त करते हुए अनुसंधान सलाहकार समिति के सदस्यों ने किसानों एवं पूर्वी भारत के कृषि विकास के लिए किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान की सराहना की।

# डेढ़ करोड़ रुपये की आभूषण चोरी मामले में किन्नरों का जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन

## दो महीने बाद भी पुलिस को नहीं मिला कोई सुराग



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर थाना क्षेत्र में ट्रांसजेंडर से डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक के आभूषण और ₹8.75 लाख नकद चोरी के मामले में करीब दो महीने बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से किन्नर समाज का गुस्सा फूट पड़ा। शनिवार को सैकड़ों किन्नरों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और चोरी गई संपत्ति की बरामदगी की मांग की।मामला 12 मई की शाम का है। पीड़ित ट्रांसजेंडर सपना कुमारी ने सदर थाना में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, वह अपने चालक सौरभ कुमार के साथ एक्सयूवी से पटना से महुआ लौट रही थीं। स्टेशन रोड स्थित रेल कोच रेस्टोरेंट और पेट्रोल पंप के बीच एक अज्ञात व्यक्ति ने चलती गाड़ी के रेडिएटर के पास कोई वस्तु फेंकी। कुछ दूरी आगे बढ़ने पर दूसरे व्यक्ति ने गाड़ी से धुआं निकलने का इशारा किया। चालक ने वाहन रोक दिया। सपना कुमारी और चालक बोनट खोलकर जांच करने लगे। इसी दौरान बदमाश गाड़ी की बीच वाली सीट पर रखा बैग लेकर फरार हो गए।पीड़िता के अनुसार, बैग में डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक के आभूषण और ₹8.75 लाख नकद थे। उनका कहना है कि यह आभूषण और नकदी किन्नर समाज को वर्षों से शगुन के रूप में प्राप्त हुई थी।घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और जल्द खुलासा करने का दावा किया था। हालांकि, पीड़ित पक्ष का आरोप है कि अब तक न तो आरोपियों की पहचान हो सकी है और न ही चोरी गई संपत्ति बरामद हुई है।आक्रोशित किन्नर समाज ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर धरना देते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस दौरान वैशाली के पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी जिलाधिकारी से मुलाकात की मांग पर अड़े रहे।उल्लेखनीय है कि इससे पहले 18 जून को भी किन्नर समाज ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया था।

# हुस्सेपुर के अंशु कुमार ओझा बने एसबीआई के सर्किल बेस्ड ऑफिसर, दी बधाई

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड के हुस्सेपुर गांव निवासी सुनील कुमार ओझा एवं श्रीमती कुंती देवी के पुत्र अंशु कुमार ओझा ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की सर्किल बेस्ड ऑफिसर (सीबीओ) परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। क्षेत्र के विभिन्न समाज के लोगों ने शुभकामनाएं दी है। बताया गया है कि अंशु कुमार ओझा ने अपने बैंकिंग करियर की शुरूआत मणिपाल यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस करने के बाद आईसीआईसीआई बैंक, बेंगलुरु से की। वहां लगभग तीन वर्षों तक कार्य करते हुए उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में अनुशासन, जिम्मेदारी और कार्यकुशलता का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। इसी दौरान उन्होंने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) की परीक्षा भी दी, लेकिन मात्र एक अंक से चयन से वंचित रह गए। इस असफलता के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार कठिन परिश्रम, लगन तथा आत्मविश्वास के बल पर एसबीआई की सर्किल बेस्ड ऑफिसर परीक्षा में सफलता हासिल कर अपना सपना साकार किया। अंशु कुमार ओझा ने अपनी सफलता का श्रेय भगवान, पूर्वजों, माता-पिता, परिवार, गुरुजनों एवं शुभचिंतकों के आशीर्वाद को दिया है। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनकी मंजिल नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारियों और नए लक्ष्यों की शुरूआत है। उनकी इस उपलब्धि पर समाजसेवी योगेंद्र शर्मा, जदयू नेता सत्येंद्र भवानी, बंटी ओझा, अविनाश चंद्र उपाध्याय, डॉ. अमित कुमार तिवारी, मुकेश कुमार सिंह, कृष्णा तिवारी, अजय पंडित, रवि कुंवर, कमल कुमार सिंह, छविनाथ मांझी, पवन कुमार, विजय कुमार सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था सुदृढ़, नियमित निगरानी से उपभोक्ताओं को मिल रही समयबद्ध गैस आपूर्ति

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था पूरी तरह सामान्य एवं सुव्यवस्थित बनी हुई है। जिला आपूर्ति कार्यालय द्वारा प्रतिदिन गैस एजेंसियों की आपूर्ति, स्टॉक, लंबित बुकिंग एवं वितरण की समीक्षा की जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम की कुल 67 गैस एजेंसियाँ कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से 8,06,738 घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी की आपूर्ति की जा रही है। 23 जुलाई 2026 तक गैस एजेंसियों के पास 17,552 एलपीजी सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। जिला आपूर्ति कार्यालय के अनुसार वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 12,624 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है। कुल लंबित बुकिंग 36,265 है तथा औसत बैकलॉग केवल 2.9 दिन का है, जो वितरण व्यवस्था की प्रभावशीलता को दर्शाता है। जिला प्रशासन का लक्ष्य शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के भीतर अंतिम उपभोक्ता तक गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

# बीडी कॉलेज में एनसीसी कैडेटों ने टीबी उन्मूलन को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बी. डी. कॉलेज, पटना मेंएन.सी.सी इकाई के तत्वावधान में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पेंटिंग-पोस्टर प्रतियोगिता तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें एन.सी.सी. कैडेटों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को यह संदेश देना था कि टीबी एक पूरी तरह से इलाज योग्य बीमारी है, जिसे समय पर जांच, नियमित दवा और उचित पोषण के माध्यम से पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। कैडेटों ने अपने आकर्षक पोस्टरों एवं प्रभावशाली स्लोगनों के माध्यम से लोगों को टीबी के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी दी। कैडेटों ने अपने स्लोगनों के माध्यम से टीबी से प्रभावित लोगों के प्रति सहानुभूति रखने, भेदभाव न करने तथा सही जानकारी के प्रचार-प्रसार की अपील की। कार्यक्रम के दौरान कैडेटों द्वारा तैयार किए गए पोस्टरों एवं स्लोगनों का अवलोकन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिवाकर प्रसाद एवं अन्य शिक्षकों ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य एनसीसी कैडेटों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य संबंधी चेतना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में डॉ. अमित कुमार (बरसर ), डॉ. विशाल विजय, कार्यक्रम पदाधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना ), डॉ. बिनोद कुमार, डॉ. शत्रुघ्न शरण सिंह, डॉ. राजीव कुमार, ले. राहुल कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं छात्र -छात्रा उपस्थित रहे।





# नेपाल निवासी तस्कर 2.6 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार



**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा से सटे पलनवा थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के एक मामले का खुलासा करते हुए नेपाल निवासी एक युवक को 2.6 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद गांजा मोटरसाइकिल की टंकी और सीट के नीचे विशेष रूप से छिपाकर रखा गया था। पुलिस के अनुसार, पलनवा थाना क्षेत्र के डिब्नी टोला छठ घाट के समीप नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर उसकी गहन तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल की टंकी और सीट के नीचे छिपाकर रखा गया करीब 2.6 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नेपाल के भथौड़ा निवासी बीरबहादुर महतो, पिता चनर महतो, के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से आरोपी को हिरासत में लेकर गांजा एवं मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। पलनवा थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि गांजा कहां से लाया गया था और इसकी आपूर्ति किसे की जानी थी। मामले में मादक पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सीमा क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सघन जांच अभियान चला रही है। पुलिस का कहना है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एमजीसीयू में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर ओपन काउंसलिंग से प्रवेश 31 जुलाई तक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिहार ने शैक्षणिक सत्र 2026 - 27 के लिए विभिन्न स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर ओपन काउंसलिंग के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 31 जुलाई, 2026 तक विश्वविद्यालय के समर्थ प्रवेश पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। निम्नलिखित स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ओपन काउंसलिंग आयोजित की जा रही है- एम.बी.ए.- एम.बी.ए. (फूड एंड एग्रीबिजनेस) एम.कॉम.- एम.एससी. (वनस्पति विज्ञान) एम.एससी. (भौतिकी) एम.एससी. (गणित) एम.एससी. (रसायन विज्ञान) एम.एससी. (प्राणी विज्ञान) मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस (एम.लिब.आई.एससी.) एम.ए. (संस्कृत) एम.ए. (गांधी एवं शांति अध्ययन) एम.ए. (गणित) एम.ए. (शिक्षा) प्रवेश प्राथमिक रूप से सीयूईटी (पीजी)-2026 स्कोर के आधार पर किया जाएगा। यदि सीयूईटी मेरिट सूची के बाद भी सीटें रिक्त रहती हैं, तो विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों के अनुरूप 10वीं (20%), 12वीं (35%) एवं स्नातक (45%) में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार समग्र (कम्पोजिट) मेरिट के अनुसार प्रवेश प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पूर्व संबंधित पाठ्यक्रम की पात्रता शर्तों का भली-भांति अध्ययन कर लें।ऑनलाइन आवेदन हेतु समर्थ पोर्टल पर पाठ्यक्रमवार काउंसलिंग कार्यक्रम, प्रवेश अधिसूचनाओं तथा अन्य अद्यतन जानकारियों के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करें।

# राणा बिगहा उच्च माध्यमिक विद्यालय का उद्घाटन, अब स्थानीय छात्रों को मिलेगी +2 तक की शिक्षा



**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ प्रखंड के राणा बिगहा गांव में शनिवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बाढ़ के विधायक डॉ. सियाराम सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विद्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, सभी शिक्षक, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सियाराम सिंह ने कहा कि इस विद्यालय में पहले केवल दसवीं कक्षा तक की पढ़ाई होती थी, लेकिन अब इसे उच्च माध्यमिक विद्यालय (+2) का दर्जा मिलने के बाद छात्र-छात्राओं को 12वीं तक की पढ़ाई अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होगी। इससे विशेष रूप से ग्रामीण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे स्थानों पर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'सात निश्चय' योजना के तहत विद्यालयों के विकास, शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किए गए हैं।

# प्रस्तावित विश्वविद्यालय विधेयक के विरोध की तैयारी निमित्त राज्य स्तरीय शिक्षक-कर्मी संगठन की संयुक्त बैठक



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक महासंघ (फुटाब), बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय सेवा शिक्षक महासंघ (फुस्टाब) तथा बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ एवं बिहार राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ की संयुक्त बैठक आज शनिवार को पटना के लोहिया नगर, कंकड़बाग स्थित बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के कार्यालय (डॉ.ए.के.सेन भवन) में संपन्न हुई। इसमें पटना विश्वविद्यालय सहित राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के शिक्षक व कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने अपनी भागीदारी निभाई। बैठक की अध्यक्षता फुस्टाब के उपाध्यक्ष सह विधान पार्षद डॉ. वीरेन्द्र नारायण यादव, फुटाब के उपाध्यक्ष प्रो.अशोक कुमार सिंह, दोनों राज्य कर्मचारी महासंघों के नेता द्वय वेंकटेश कुमार एवं राधवेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता फुटाब के महासचिव सह विधान पार्षद प्रो.संजय कुमार सिंह ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम-1976 तथा पटना विश्वविद्यालय अधिनियम-1976 को निरस्त कर नया विश्वविद्यालय विधेयक-2026 लाने की तैयारी चल रही है, लेकिन सभी शिक्षक प्रतिनिधियों तथा शिक्षकों एवं कर्मचारी महासंघों के पदाधिकारियों के संयुक्त प्रयास से उसे तत्काल स्थगित कराने में सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्तावित विधेयक से विश्वविद्यालय की स्वायत्तता समाप्त हो जाएगी और उच्च शिक्षा व विश्वविद्यालयों का उद्देश्य ही नष्ट हो जाएगा। अतएव हम सभी शिक्षक व कर्मी एक साथ संयुक्त रूप से विरोध कर रहे हैं। इस अवसर पर विधान पार्षद मदन मोहन झा ने कहा कि प्रस्तावित व्यवस्था विश्वविद्यालयों की अपने ही अंगीभूत महाविद्यालयों पर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अधिकारिता को काफी हद तक सीमित कर देगी। शिक्षकों के पदस्थापन, स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति, तैनाती, प्रशासनिक नियंत्रण तथा संस्थागत संचालन से जुड़े निर्णय क्रमशः विश्वविद्यालयों के वैधानिक निकायों के स्थान पर कार्यपालिका के अधीन चले जाने की आशंका है। विधान पार्षद डॉ. वीरेन्द्र नारायण यादव ने कहा कि बिहार देश का एकमात्र राज्य है, जहाँ संबद्ध तथा सरकारी महाविद्यालयों के अतिरिक्त बड़ी संख्या में अंगीभूत महाविद्यालय भी हैं जिनकी शैक्षणिक उपलब्धियां एवं अनुसंधान राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित संस्थानों के समकक्ष हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगे राज्यव्यापी आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक राज्यस्तरीय संघर्ष समिति का गठन किया गया, जिसमें चारों राज्यस्तरीय संगठनों के दो-दो प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। इस राज्यस्तरीय संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक द्वय प्रो. संजय कुमार सिंह एवं गंगा प्रसाद झा बनाए गए हैं।

CMYK

# नाली समस्या के समाधान हेतु कार्यपालक अभियंता ने किया स्थल निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा में एनएच-139 के किनारे जर्जर व जाम नाली की समस्या के समाधान को लेकर प्रशासनिक पहल तेज हो गई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में कंचन गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, विवेक कुमार एवं दिलीप कुमार शामिल थे। पूर्व सांसद ने एनएच के कार्यपालक अभियंता से दूरभाष पर बात कर अंबा की नाली समस्या का अविलंब समाधान करने का निर्देश दिया तथा स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इसके बाद प्रवीण कुमार ने जिला पदाधिकारी से भी मुलाकात कर समस्या की जानकारी दी। डीएम ने




मामले में तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसी क्रम में गुरुवार को करीब दोपहर एनएच के कार्यपालक अभियंता अंबा पहुंचे और विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। अंबा पेट्रोल पंप के पास जेसीबी से मिट्टी की परत हटाकर नाली की स्थिति देखी गई, जहां नाली कचरे से पूरी तरह भरी मिली। अभियंता ने नाली की सफाई कराने का निर्देश दिया और पेट्रोल पंप के पास पहले नाली का ढक्कन लगाने को कहा। इसके बाद सतबहिनी मंदिर और मध्य विद्यालय चिल्हकी के बीच सड़क के पश्चिम टूट चुकी नाली का निरीक्षण कर उसे जोड़ने का निर्देश दिया गया। अंबा बाजार से हरदत्ता तक निरीक्षण के दौरान नाली सड़क के स्तर से करीब 2-3 फीट नीचे मिट्टी में दबा पाया गया। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि तत्काल राहत के लिए औरंगाबाद रोड से अंबा चौक तक शुक्रवार से नाली की सफाई कराई जाएगी। वहीं, अंबा की जर्जर और काफी गहराई में दब चुकी नाली के स्थायी समाधान के लिए नई नाली निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजा जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को जलजमाव और नाली जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

## शहर को जोडने वाले रेल ऊपरी पुल का कायार्रंभ शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने रेलवे ऊपरी पुल साहब पाड़ा से संतोषी कॉलोनी तक जाकर शहर के बाटा चौक से सड़क मार्ग द्वारा जुड़ेगी का कायार्रंभ नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर भाजपा, एनडीए नेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस रेल ऊपरी पुल का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने किया था । पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान लगभग दो अरब की लागत से इस रेल ऊपरी पुल के निर्माण की घोषणा की थी। यह रेल ऊपरी पुल शहर के दो भागों को जोड़ता है। इस रेल ऊपरी पुल के निर्माण से मिरचाईबाड़ी एवं इस क्षेत्र की अन्य मोहल्ले के नागरिकों को आवागमन में काफी सुविधा हो जाएगी। अभी इस क्षेत्र के नागरिकों का आवागमन मात्र एक रेलवे ऊपरी पुल जो कई वर्ष पूर्व बना था से हो रहा है। इस पुल पर जाम की स्थिति बन जाती है।

## छात्र आंदोलन के समर्थन में आइसा व आरवाईए का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** नीट पेपर लीक के खिलाफ देशभर में उठ रही छात्रों की आवाज को दबाने, छात्र आंदोलनों पर लगातार हो रहे पुलिसिया दमन तथा छात्र नेताओं की गिरफ्तारियों के विरोध में शनिवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) एवं




इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के राज्यव्यापी आह्वान पर यहां भखरुआं मोड़ चौराहा पर छात्र-युवाओं ने शांतिपूर्ण ढंग से सड़क जाम कर बिहार बंद को सफल बनाया। बताया गया कि इस आंदोलन को स्थानीय नागरिकों, वाहन चालकों और आम जनता का व्यापक समर्थन मिला। आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने स्पष्ट संदेश दिया कि शिक्षा और लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। शिक्षा बचाओ-भविष्य बचाओ, नीट पेपर लीक के दोषियों को सजा दो, गिरफ्तार छात्र नेताओं को अविलंब रिहा करो और लोकतांत्रिक अधिकारों पर दमन बंद करो जैसे नारे लगाए गए। इस प्रतिवाद कार्यक्रम में कैश खान, शमशाद आलम, गणेश कुमार, विकास कुमार, अरमान अंसारी, मिन्हाज शाह, दीपक कुमार, अमानत अंसारी, हसनैन अंसारी, राजा खान, जाहिद अंसारी, बब्लू कुरैशी, संजय कुमार शामिल हुए। कहा गया कि पेपर लीक ने लाखों मेहनतकश, गरीब एवं मध्यमवर्गीय छात्रों के सपनों और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि पेपर लीक के असली दोषियों और शिक्षा माफियाओं पर कठोर कार्रवाई करने के बजाय सरकार छात्र आंदोलन को कुचलने, आवाज उठाने वाले छात्रों को गिरफ्तार करने और लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन करने में लगी हुई है। कहा गया कि नीट पेपर लीक की निष्पक्ष, समयबद्ध एवं न्यायिक जांच कराई जाए। शिक्षा माफिया और सभी दोषियों को कठोर सजा दी जाए। शिक्षा व्यवस्था को भ्रष्टाचार और पेपर लीक के गिरोह से मुक्त किया जाए। पटना आंदोलन के दौरान गिरफ्तार दीपांकर मिश्रा, धनंजय पासवान, सबा आफरीन, कुमार दिव्यम, नौशाद अहमद, कुमार परवेज तथा विधायक संदीप सौरभ सहित सभी आंदोलनकारियों को बिना शर्त तत्काल रिहा किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### राजगीर की ऐतिहासिक जगन्नाथ रथ यात्रा शांतिपूर्ण संपन्न, सभी को दी बधाई

**राजगीर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ऐतिहासिक भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के सफल, भव्य एवं शांतिपूर्ण आयोजन पर श्री जगन्नाथ रथ यात्रा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष उपेंद्र कुमार विभूति ने समस्त राजगीरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजीत कुमार गुप्ता, थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार, सिलाव थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, अपर थाना अध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह, समिति के सदस्यों, प्रशासन, पुलिस बल, स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से एसडीपीओ संजीत कुमार गुप्ता की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने रथ यात्रा की शुरूआत से समापन तक स्वयं मैदान में रहकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की लगातार निगरानी की। उनके कुशल नेतृत्व में भारी भीड़ के बावजूद कहीं भी अव्यवस्था या जाम की स्थिति नहीं बनी।

### जहरीला पदार्थ खाने से शिक्षक की मौत

**हरनौत (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वेना थाना क्षेत्र के बनवारीपुर मोरा गांव निवासी 50 वर्षीय शिक्षक कृष्णनंदन कुमार सिन्हा उर्फ गोपाल की जहरीला पदार्थ खाने के बाद इलाज के दौरान पावापुरी स्थित भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान (विम्स) में मौत हो गई। घटना से पूरे गांव और शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।परिजनों के अनुसार, कृष्णनंदन कुमार सिन्हा ने दो दिन पूर्व किसी कारणवश जहरीला पदार्थ खा लिया था। तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पहले बिहारशरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए पावापुरी विम्स रेफर किया गया। दो दिनों तक चले उपचार के बावजूद चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके।मृतक हरनौत प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय रामसंग डिहरा में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनके मामू मोहन प्रसाद ने बताया कि कृष्णनंदन शांत, मिलनसार और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक थे। उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार और परिचितों में गहरा शोक व्याप्त है।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में झंडू कुमार ने जीता कांस्य, हरनौत और नालंदा का बढ़ाया मान

**हरनौत (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार के गौरव और अंतरराष्ट्रीय पैरा पावरलिफ्टर झंडू कुमार ने कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक जीतकर भारत, बिहार, नालंदा और हरनौत का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। पुरुष हैवीवेट वर्ग में 190 किलोग्राम भार उठाकर उन्होंने यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उनकी सफलता से पूरे जिले में खुशी का माहौल है और खेलप्रेमियों ने इसे बिहार के पैरा खेलों के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया है।झंडू कुमार इससे पहले भी विश्व और एशियाई स्तर की पैरा पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उनकी मेहनत, अनुशासन और संघर्ष ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई है।नालंदा पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. ए.के. सिन्हा ने कहा कि झंडू की सफलता पूरे बिहार के खिलाडियों के लिए प्रेरणा है। सचिव एवं कोच कुंदन कुमार पांडे ने इसे वर्षों की कठिन मेहनत का परिणाम बताते हुए भविष्य में स्वर्ण पदक जीतने का विश्वास जताया। कोषाध्यक्ष रवि कुमार ने कहा कि झंडू का संघर्ष दिव्यांग खिलाडियों के लिए नई प्रेरणा है। इस अवसर पर बिहार पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव संदीप कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने झंडू कुमार को बधाई दी।

### छात्राओं ने किया थानाध्यक्ष को सम्मानित

**दाउदनगर/औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुराना शहर स्थित ज्ञान ज्योति शिक्षण केन्द्र में थानाध्यक्ष विकास कुमार को बेहतर कार्य हेतु इन्टर की छात्राओं द्वारा सम्मानित किया गया। जानकारी देते हुए संस्था के निदेशक सह सम्पूणार्नंद एजुकेशनल एन्ड सोशल डेवलपमेंट ट्रस्ट के सचिव डा.चंचल कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में थानाध्यक्ष का कार्य प्रशंसनीय है। उनके कुशल नेतृत्व में छात्रायें सुरक्षित पढ़ाई हेतु शिक्षण संस्थान जाते एवं आते है। लड़कियों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने हेतु थानाध्यक्ष को सम्मानित किया गया। छात्रायें थानाध्यक्ष पर गर्व महसूस कर रही हैं। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने भरोसा दिलाया कि उनके कार्य काल में सभी छात्रायें सुरक्षित पढ़ाई करेगें। इसके लिए सभी छात्रायें थानाध्यक्ष को धन्यवाद दियें।

### सीडीपीओ को भावभीनी विदाई, आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन ने किया सम्मानित

**रफीगंज/औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन, शाखा रफीगंज के तत्वावधान में शनिवार को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) ओणम कुमारी के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह भावुक माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं, कार्यालय कर्मियों, अभिभावकों एवं यूनियन सदस्यों ने उन्हें भावपूर्ण विदाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि सीडीपीओ अपने सरल व्यवहार, कार्यकुशलता एवं सेवाभाव के कारण सेविकाओं, कार्यालय कर्मियों तथा आम लोगों के बीच काफी लोकप्रिय रहे। उनके कार्यकाल में बेहतर समन्वय और प्रशासनिक दक्षता देखने को मिली, जिसकी सभी ने सराहना की। इस अवसर पर सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल जीवन की कामना करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी। कार्यक्रम में यूनियन की अध्यक्ष सविता कुमारी यादव, कार्यकारी अध्यक्ष सुधा कुमारी, कोषाध्यक्ष प्रीति कुमारी, सरिता कुमारी, पूनम कुमारी, चिंता कुमारी, रेखा कुमारी, जिला महासचिव रंजीत कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी मुन्ना रजक, चंदन राम, रिंकू कुमार, रामबाबू, राजा राम, मनोज कुमार, जगनंदन राम, सुनील कुमार, सभी महिला पर्यवेक्षक, बड़ा बाबू, डाटा ऑपरेटर हर्ष, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मुस्तफा सहित कार्यालय कर्मी एवं बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### घायल युवक की मौत

**रफीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रफीगंज शहर के पाठक टोला निवासी स्व कमलेश मिश्र के 45 वर्षीय पुत्र बबलु मिश्र का जमुहार मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे निधन हो गया है। 21 जूलाई को अपने घर के छत पर गिर गये थे। जिसमे रड पेट मे काफी गहराई तक चला गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज मे ईलाज कराया गया। चिकित्सक स्थिति गंभीर देखते हुये औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां से रेफर करने के बाद जमुहार मेडिकल कॉलेज मे ले गये। इलाज के दौरान शुक्रवार की रात की मौत हो गयी।

## बरारी नगर पंचायत कार्यालय में बिहार सरकार के सौ दिनों की उपलब्धियों का लाइव प्रसारण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बरारी नगर पंचायत कार्यालय परिसर में मुख्य पार्षद बबीता कुमारी के द्वारा एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार के कार्यकाल के प्रथम एक सौ दिनों में किए गए जनहित में विकास कार्यों को लेकर शिविर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया।जिसमें सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों नगर पंचायत के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने लाइव प्रसारण के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों को देखा और



सुना।प्रसारण के दौरान बताया गया कि सरकार ने अपने पहले एक सौ दिनों में सड़क पुल-पुलिया शिक्षा स्वास्थ्य कृषि सिंचाई रोजगार महिला सशक्तिकरण शहरी एवं ग्रामीण विकास सहित कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।सरकार की ओर से यह भी बताया कि विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पारदर्शिता तथा आम लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सभी विभागों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार को विकसित आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने के संकल्प को दोहराते हुए अधिकारियों को योजनाओं की नियमित निगरानी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की तथा जनहित से जुड़े विकास कार्यों को लेकर अपने विचार भी साझा किए।नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मियों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।इस अवसर पर मुख्य पार्षद बबीता कुमारी प्रतिनिधि नीरज कुमार उर्फ हिटलर यादव, नगर पंचायत कार्यालय के विशाल कुमार, जीविका का बीपीएम सविता कुमारी, अरुणा कुमारी, पुनम कुमारी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राज कुमार राय, जित्तन यादव, मो. मैयमूर, रामनाथ चौधरी, आजाद अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे ।

## 95 हजार रुपये रिश्वत के वायरल वीडियो पर राजस्व कर्मचारी निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** सोशल मीडिया पर 95 हजार रुपये रिश्वत लेने का कथित वीडियो वायरल होने के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। समाहरणालय के जिला स्थापना प्रशाखा से जारी आदेश के अनुसार बारसोई अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी रविकांत रंजन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय अनुमंडलीय राजस्व कार्यालय मनिहारी निर्धारित किया गया है।जारी आदेश में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यापक रूप से प्रसारित वीडियो में राजस्व कर्मचारी को राजस्व संबंधी कार्य के निष्पादन के एवज में अवैध रूप से रिश्वत की राशि स्वीकार करते हुए प्रदर्शित किया गया है। प्रथम दृष्टया आरोप गंभीर प्रतीत होने तथा सरकारी सेवक के आचरण, कर्तव्यनिष्ठा एवं लोकसेवा की गरिमा के प्रतिकूल पाए जाने के कारण यह कार्रवाई की गई है।मामले की विस्तृत जांच के लिए दो सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया है. समिति के अध्यक्ष अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण मनोज कुमार बनाए गए हैं। जबकि भूमि सुधार उप समाहर्ता, बारसोई मंकेश्वर कुमार को सदस्य नामित किया गया है।जांच समिति को निर्देश दिया गया है कि वायरल वीडियो, समाचार रिपोर्ट, उपलब्ध अभिलेखों एवं संबंधित पक्षों के बयान का परीक्षण कर आरोपों की सत्यता और प्रामाणिकता की जांच करे।

## जय जगन्नाथ' के जयघोष के साथ संपन्न हुई रथयात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** बारसोई घाट स्थित अति प्राचीन नर्मदेश्वर शिव मंदिर में आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु का नौ दिवसीय धार्मिक महोत्सव भव्य उल्टा रथयात्रा के साथ श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में संपन्न हो गया। नौ दिनों तक मंदिर परिसर में गीता पाठ,श्रीमद्भागवत कथा, हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन,आरती एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन एवं कथा-श्रवण के लिए उमड़ते रहे। शुक्रवार को भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं माता सुभद्रा की वैदिक मंत्रोच्चार के बीच



विशेष पूजा-अर्चना के बाद उल्टा रथयात्रा निकाली गई। रथ के आगे-पीछे हजारों श्रद्धालु "जय जगन्नाथ" के जयघोष के साथ चल रहे थे। शंखध्वनि, घंटों की गूंज और भजन - कीर्तन से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान के रथ को खींचकर स्वयं को धन्य महसूस किया तथा मार्ग में कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर भगवान का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के उपमुख्य पार्षद प्रमोद कुमार साह, महिला नेत्री सीमा उमेश यादव, पिंटू यादव, विजय साह, समाजसेवी विमल चंदा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने भगवान श्री जगन्नाथ से क्षेत्र में सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष शंकर प्रसाद साह ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो प्रेम, समरसता, सेवा, त्याग और मानव कल्याण का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि नौ दिनों तक चले धार्मिक अनुष्ठानों में श्रद्धालुओं की अपार भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र में धार्मिक आस्था निरंतर सशक्त हो रही है।उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, समिति सदस्यों, स्वयंसेवकों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ 84 वांछित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** जिले में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार के निर्देश पर शुक्रवार को विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बरारी थाना क्षेत्र में लेथ मशीन की आड़ में संचालित एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने बड़ी मात्रा में निर्मित एवं अर्द्धनिर्मित हथियार, हथियार बनाने के उपकरण तथा अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। इस कार्रवाई में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 84 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 3,09,500 जुमार्ना भी वसूला गया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बरारी थाना क्षेत्र के बलुआ-कलिकापुर मार्ग स्थित सूजापुर के निकट टीन के घर में लेथ मशीन की आड़ में अवैध हथियार बनाए जा रहे हैं। सूचना के आधार पर बरारी पुलिस ने एसटीएफ एवं डीआईयू टीम के साथ संयुक्त छापेमारी की। इस दौरान लेथ मशीन संचालक भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे पुलिस ने मौके पर ही दबोच लिया। तलाशी के दौरान जमीन के अंदर छिपाकर रखी गई दो बोरियों से एक बड़ा दोनाली बंदूक, चार देशी कट्टा, एक अर्द्धनिर्मित कट्टा, तीन बैरल, तीन अर्द्धनिर्मित देशी कट्टा, एक कट्टा की बॉडी, एक लोहे का फार्मा, तीन ट्रिगर, दो खोखा, एक मोटर लेथ मशीन, एक मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल,16 लीटर देशी शराब तथा 91.5 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने बताया कि अपराधियों, अवैध हथियार निर्माण एवं शराब कारोबारियों के विरुद्ध जिले में विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार)।** थाना पुलिस ने कुरसेला - फारबिसगंज स्टेट हाईवे-77 पर अमरपुर बरेटा के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार के निर्देश पर वाहन जांच का नेतृत्व थानाध्यक्ष प्रहलाद यादव ने किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अपराध नियंत्रण,संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के उद्देश्य से यह विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान करीब दो दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन



पंजीकरण, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र सहित अन्य आवश्यक कागजात की जांच की गयी. जिन वाहन चालकों के पास आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे. हेलमेट नहीं पहन रखा था अथवा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग नहीं किया जा रहा था. उनसे मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुमार्ना वसूला गया। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की. उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। अचानक चले इस सघन वाहन जांच अभियान से हाईवे से गुजरने वाले दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों में कुछ हड़कंप का माहौल रहा।

## श्रावणी मेला को लेकर कटिहार-मनिहारी के बीच दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** श्रावणी मेला के दौरान बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने कटिहार झ मनिहारीझकटिहार रेलखंड पर निर्धारित अवधि के लिए दो जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया है। कटिहार रेलमंडल के सीनियर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा विशेष ट्रेनों का परिचालन शुरू किया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 07540/07539 कटिहार-मनिहारी-कटिहार श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन 25 जुलाई से 24 अगस्त 2026 तक कुल 22 फेरों में निर्धारित दिन अप डाउन में परिचालित होगी जबकि ट्रेन संख्या 07542/07541 कटिहारझ मनिहारीझ कटिहार श्रावणी मेला स्पेशल का परिचालन 27 जुलाई से 21 अगस्त 2026 तक कुल 8 फेरों के लिए निर्धारित किया गया है।दोनों स्पेशल ट्रेनें कटिहार, मनिहारी के बीच निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए परिचालित होगी। वही इसके अलावा स्टेशन परिसर में होल्डिंग एरिया में ठहरने के साथ पेय जल, अतिरिक्त टिकट काउंट भी खोला जा रहा है। जिससे श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय यात्रियों को भी सीधा लाभ मिलेगा। सीनियर डीसीएम श्री सिंह ने कहा कि रेलवे का उद्देश्य श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों को भीड़भाड़ से राहत देते हुए समयबद्ध, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराना है।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** विकास भवन के सभागार में जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य और हर्षोल्लास वातावरण के साथ मनाने एवं सफलतापूर्वक आयोजन की तैयारियों के संबंध में सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सर्वप्रथम स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को लेकर पूर्व वर्ष में की तैयारी के संबंध में सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा दिये गये फीडबैक के आधार पर इस वर्ष की तैयारियों को प्रारंभ करने का निर्देश जिला पदाधिकारी ने दिया।जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने



संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि पूर्व के वर्षो की भांति स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा ।उक्त अवसर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में माननीय, वरीष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं वरीय पदाधिकारियों के साथ आम नागरिक को आमंत्रित किया जाएगा ।पूर्व की भांति आकर्षक परेड विभिन्न पुलिस की टुकड़ियों एवं एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा किया जाएगा। सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियां जैसे राजेंद्र स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग रोगन, साफ - सफाई,भाषण मंच, विशिष्ट ,महानुभावों एवं सम्मानित व्यक्तियों के बैठने के लिए स्थान पर बेरिकेडिंग कर घेराबंदी इत्यादि की व्यवस्था एवं सभी प्रकार की आवश्यक तैयारी स-समय स्वतंत्रता दिवस के पूर्व ही पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस समारोह पर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारित सोशल मीडिया,फेसबुक, वेबकास्ट, केवल टीवी आदि के माध्यम से भी किया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां स-समय पूरा करने हेतु निर्देशित किया गया। ताकि आमजन अपने घर पर रहकर भी स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को देख सकें। स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा स-समय तैयारियों को पूरा करने का भी आदेश दिया गया। बैठक में नगर आयुक्त संतोष कुमार, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन फिरोज अख्तर, अपर समाहर्ता डॉ.बिनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कुमार ,जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मनोज कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय मृदूलता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर विशाल आनंद, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व प्रशाखा, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य प्रशाखा, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय प्रशाखा, निदेशक डीआरडीए जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,समादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी कटिहार के एवं अन्य वरीय जिला पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

# राज्य सरकार के उद्देश्य के अनुरूप मुजफ्फरपुर जिला प्रगति के पथ पर

## सरकार के सौ दिन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मुजफ्फरपुर।** शनिवार को हमारे गौरवशाली राज्य की नई सरकार के गठन का 100 दिन पूरा हुआ है। इस अवसर पर जिला प्रशासन, मुजफ्फरपुर द्वारा आज सम्पूर्ण जिला में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर कुमार गौरव ने कहा कि जिला के सभी पंचायतों, महादलित-बाहुल्य टोलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, जीविका ग्राम संगठनों, प्रखण्डों एवं जिला-स्तर पर उत्सवी माहौल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लाखों जिलेवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्षेत्रों से प्राप्त सूचनानुसार 12,147 से अधिक स्थानों पर आज 11:00 बजे पूर्वाह्न से समारोहपूर्वक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इन कार्यक्रमों में माननीय जन-प्रतिनिधियों, आम जनता सहित काफी बड़ी संख्या में अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिलान्तर्गत इन सभी कार्यक्रम स्थलों पर में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया। मुजफ्फरपुर जिला के सभी कार्यक्रम स्थलों पर उपस्थित जन-प्रतिनिधियों, आम जनता एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री का संबोधन ध्यानपूर्वक सुना तथा सरकार के लोक-कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। जिलाधिकारी ने कहा कि यह एक अत्यंत ऐतिहासिक अवसर था। माननीय मुख्यमंत्री के मार्ग-दर्शन से हम सबमें असीम ऊर्जा एवं उत्साह का संचार होता है। जन-प्रतिनिधियों, आम जनता सहित कार्यक्रम में काफी बड़ी संख्या में उपस्थित अन्य सभी गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकासात्मक एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सैकड़ों योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से लोगों की जीवन-शैली में अत्यंत सकारात्मक बदलाव आया है। जिलान्तर्गत कार्यक्रम स्थलों पर उपस्थित लोगों को मुजफ्फरपुर जिला के विकास पर आधारित एक डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म भी दिखाया गया। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में माननीय विधायक, मीनापुर श्री अजय कुमार; माननीय विधायिका, बोचहाँ श्रीमती बेबी कुमारी; माननीय विधान पार्षद श्री वंशीधर ब्रजवासी; जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर श्री कुमार गौरव; जिला 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के माननीय सदस्यगण; अन्य पदाधिकारीगण तथा जन-प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। विभिन्न क्षेत्रों यथा खेल, समाज कल्याण, जीविका इत्यादि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले जिलेवासियों के साथ-साथ जिलान्तर्गत विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत कार्यालय परिचारियों को माननीय विधायकों एवं जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। विधायकों एवं जिलाधिकारी ने पुरस्कार पानेवाले इन सभी व्यक्तियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए जिला के विकास में उनके योगदान की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में कुछ लाभुकों को बासगीत-पर्चा भी प्रदान किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार के आदेश एवं उद्देश्य के अनुरूप इन 100 दिनों की अवधि में मुजफ्फरपुर जिला में भी जनहित की अनेक योजनाओं का शुभारंभ किया गया है एवं सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के कर-कमलों से 12 जुलाई को 213 करोड़ रुपए की अधिक की राशि से मुजफ्फरपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड परियोजना के अन्तर्गत सिकन्दरपुर लेक फ्रंट का उद्घाटन किया गया। इससे लाखों लोगों को एक बेहतरीन सुविधा की प्राप्ति हुई तथा मुजफ्फरपुर के सौन्दर्यीकरण के प्रयास को चार चांद लगा। 03 नये डिग्री कॉलेज का संचालन प्रारंभ किया गया है। 17 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालयों) का भी संचालन प्रारंभ किया गया है। सभी पंचायतों एवं नगर निकायों में सहयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है एवं प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के अंदर निष्पादन किया जा रहा है। जिला में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने तथा औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से पारू प्रखण्ड में लगभग 700 एकड़ जमीन को चिन्हित की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि जरूरतमंदों के ईलाज हेतु तेजी से आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया जा रहा है।

# 'सरकार के सौ दिन' पर कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** गुरुवार को जिला प्रशासन द्वारा प्रेक्षा गृह सह आर्ट गैलरी में बिहार सरकार के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इसके बाद जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किए गए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित विशेष प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, नगर निगम की महापौर पिंकी देवी, उप महापौर अनीता राय, अपर समाहर्ता बृज किशोर चौधरी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में जिले में 22 सरस्वती विद्या निकेतन आदर्श विद्यालय संचालित हैं। उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए विभिन्न प्रखंडों में 10 नए डिग्री कॉलेज शुरू किए गए हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 19.5 लाख आभा कार्ड बनाए गए हैं। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 3,34,494 लोगों की घर-घर स्क्रीनिंग हुई। अनुमंडलीय अस्पताल मंझौल, बलिया एवं तेघड़ा में निःशुल्क डायलिस सुविधा प्रारंभ की गई है। नागरिक सेवाओं के लिए सहयोग पोर्टल एवं हेल्पलाइन-1100 के माध्यम से 213 पंचायतों में सहयोग शिविर लगे। इनमें 27,263 आवेदन प्राप्त हुए और 26,122 शिकायतों का निष्पादन किया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ 46,185 लाभार्थियों को मिला। मल्हीपुर पंचायत के 255 भूमिहीन परिवारों को वासगीत पर्चा दिया गया।प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 119 घरों पर रूफटॉप सोलर प्लांट लगाए गए। तेघड़ा की श्री गौशाला में गोवर्धन योजना के तहत बायोगैस संयंत्र जीविका दीदियों द्वारा संचालित है। कृषि में 750 हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती और 4,000 हेक्टेयर में जैविक खेती को बढ़ावा मिला। 100 दिनों में 9,100 नए किसानों का पंजीकरण हुआ।ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत 18 नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो रही हैं, जिनसे 493.60 करोड़ का निवेश और 846 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। सिमरिया धाम का सौंदर्यीकरण और हाट निर्माण कार्य प्रगति पर है। रामसर स्थल कावर झील और जयमंगला गढ़ में पर्यटक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। 'ज्ञान भारतम' अभियान के तहत 75 वर्ष से पुरानी पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटलीकरण का कार्य भी जारी है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने विकसित बिहार के निर्माण में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

# जनता दरबार में भूमि विवाद मामलों का निष्पादन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल कार्यालय में शनिवार को भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान अंचल के विभिन्न राजस्व ग्रामों से जुड़े पुराने लंबित भूमि विवादों की सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान चार मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि एक नए भूमि विवाद मामले को दर्ज कर अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई।जनता दरबार में हसनपुर बागर के दिग्विजय सिंह एवं देवनंदन सिंह के मामले में पक्षकारों को सक्षम न्यायालय की शरण लेने का निर्देश दिया गया। वहीं समसा के किशोरी शर्मा एवं राम नारायण शर्मा तथा टेकनपुरा के रामानंद पोद्दार एवं दिनेश यादव के विवादित भूखंड की मापी कराने का आदेश दिया गया। डफरपुर के गोविंद कुमार एवं अंकित कुमार के मामले में भी सक्षम न्यायालय में जाने का निर्देश दिया गया।

# बच्चे को टैंक में धक्का देने पर लोगों ने किया हंगामा

## नकाबपोश बदमाशों पर वारदात का आरोप, घटना के बाद ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

### पुलिस की जल्द कार्रवाई के आश्वासन पर आंदोलन हुआ समाप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के मिडिल स्कूल रजाकपुर में कक्षा छह के एक छात्र को कथित रूप से दो नकाबपोश बदमाशों द्वारा लैट्रीन टैंक में धक्का देकर ढक्कन बंद कर फरार हो जाने की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के विरोध में शनिवार की सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण स्कूल पहुंच गए और बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। पुलिस के हस्तक्षेप और शीघ्र कार्रवाई के आश्वासन के बाद करीब तीन घंटे बाद स्थिति सामान्य हुई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार दोपहर कक्षा छह का छात्र अमन कुमार शौचालय गया था। इसी दौरान आरोप है कि दो नकाबपोश युवक स्कूल की दीवार फांदकर परिसर में घुसे और छात्र को लैट्रीन टैंक में धक्का देकर ऊपर से ढक्कन बंद कर फरार हो गए। कुछ देर बाद शौचालय पहुंचे दूसरे छात्र ने टैंक के भीतर से हाथ दिखाई देने पर शिक्षकों को सूचना दी। शिक्षकों ने तत्काल छात्र को बाहर निकालकर उसकी साफ-सफाई कराई तथा अभिभावकों को सूचना देकर उसे घर भेज दिया। घटना की जानकारी पुलिस एवं जनप्रतिनिधियों को भी दी गई। शनिवार सुबह घटना से आक्रोशित ग्रामीण स्कूल गेट पर जुट गए और स्कूल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर उप प्रमुख नंद किशोर पासवान, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार, वार्ड पंच मो. आदम एवं मो. मोहित मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। सूचना पर थानाध्यक्ष मो. फिरदौस, एसआई अबोध कुमार सिंह, एसआई रंजीत कुमार पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, पीड़ित छात्र से पूछताछ की तथा मामले की जांच शुरू कर दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार शर्मा ने घटना को लेकर थाने में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस के आश्वासन के बाद घंटो तक चले ग्रामीणों के विरोध-प्रदर्शन का शांतिपूर्ण समापन हुआ।

# टीबी मुक्त भारत बनाने को लेकर जागरूकता अभियान

## निक्षय पोर्टल के प्रभावी उपयोग का दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

TB MUKT BHARAT ABHIYAAN

**नावकोठी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा एवं निक्षय पोर्टल के प्रभावी संचालन को लेकर प्रशिक्षण-सह-समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी ने की। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों (सीएचओ), एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को अभियान को अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में प्रशिक्षक रवि शंकर कुमार ने निक्षय पोर्टल के संचालन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि टीबी मरीजों की पहचान, ऑनलाइन पंजीकरण, उपचार की नियमित निगरानी, फॉलोअप तथा समय पर डेटा अपडेट करने की पूरी प्रक्रिया इसी पोर्टल के माध्यम से संचालित होती है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों से पोर्टल पर शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध डेटा अपलोड सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि प्रत्येक मरीज को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान को जनसहभागिता के बिना सफल नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में संभावित टीबी मरीजों की सक्रिय खोज करने, समय पर जांच कराने, नियमित दवा सेवन सुनिश्चित कराने तथा आम लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समय पर पहचान और नियमित उपचार से टीबी को पूरी तरह समाप्त किया जा सकता है। बैठक में प्रियदर्शिनी कुमारी, राजा कुमार, राजनंदनी कुमारी, भारती कुमारी, सुजीत कुमार चौधरी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रतिभागियों ने टीबी मुक्त भारत अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने तथा निक्षय पोर्टल के प्रभावी उपयोग के माध्यम से प्रत्येक मरीज तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया।

# खोदावंदपुर में धड़ल्ले से चल रहे अवैध नर्सिंग होम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खोदावंदपुर।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों दर्जनों अवैध नर्सिंग होम, हॉस्पिटल, क्लिनिक बिना किसी रोक-टोक के संचालित हो रहे हैं। बिचौलियों के चक्कर में पड़कर भोले-भाले मरीज इन अवैध संस्थानों में पहुंच रहे हैं, हाल ही में इसी में से एक अवैध हॉस्पिटल में ईलाज के दौरान महिला की डिलीवरी के बाद मौत का भी मामला सामने आया है. इससे पहले भी ऐसा मामला सामने आ चुका है. घटना के बाद बिल्डिंग में नाम बदल के भी हॉस्पिटल खोल दिए जा रहे हैं. जिनके पास न तो स्वास्थ्य विभाग का वैध लाइसेंस है और न ही काम करने का कोई अनुभव, ऐसे लोग प्रखंड अस्पताल में पोस्टेज डॉक्टर का सहारा लेकर उनके नाम का बोर्ड लगा इलाज कर रहे हैं. इसके कारण मरीजों को समुचित इलाज मिलना तो दूर, अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ रहा है। खोदावंदपुर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल प्रसाद ने कार्रवाही करते हुए हॉस्टिल सील करने के साथ ही आगे की कानूनी कार्रवाई का की बात बताई है लेकिन सिविल सर्जन की लापरवाही से कानूनी कार्रवाई होते दिख नहीं रहा है। सिर्फ प्रखंड में मामले को दबाया जा रहा है. प्रखंड में कई अवैध क्लीनिक और जांच घर के संचालक मरीजों का आर्थिक शोषण करने के लिए छोटी-सी बीमारी को भी गंभीर और भयावह बताकर डरा देते हैं, जिससे गरीब मरीज कर्ज लेकर इलाज कराने पर मजबूर हो जाते है। विगत वर्षों में इन संस्थानों की लापरवाही के कारण कई मरीजों की जान जा चुकी है। ऐसी घटनाएं होने के बाद संस्थान अपनी साख बचाने और कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए तुरंत 'मैनेज-मैनेज' का खेल शुरू कर देते हैं और मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। स्वास्थ्य विभाग हर दो से तीन महीने पर अवैध अस्पतालों और पैथोलॉजी सेंटरों के खिलाफ पत्र जारी कर कार्रवाई का दावा तो करता है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका कोई असर दिखाई नहीं देता। सूत्रों की मानें तो प्रखंड क्षेत्र या अन्य जिले के सरकारी अस्पताल में पोस्टेज डॉक्टर ही ऐसे अवैध हॉस्पिटल का संचालन करते हैं. जिस वजह से जिला प्रशासन को भी ये डॉक्टर गलत रिपोर्ट भेजकर गुमराह कर रहे हैं। बता दें कि विभाग द्वारा बार-बार नोटिस निकाला जाता है और संबंधित संस्थानों तक पहुंचाया भी जाता है, लेकिन इसके बाद यह फाइलें ठंडे बस्ते में चली जाती हैं। विभाग की इसी ढिलाई की वजह से प्रखंड क्षेत्र में फर्जी डॉक्टरों और अवैध जांच घरों का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। प्रखंड में संचालित ऐसे फर्जी संस्थानों में एक बात समान देखने को मिलती है। बोर्ड पर शहर के नामी-गिरामी डॉक्टरों के नाम और डिग्रियां लिखी होती हैं, लेकिन अंदर बिना किसी डिग्री के फर्जी डॉक्टर मरीजों का इलाज और गंभीर ऑपरेशन तक कर डालते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे फर्जी संस्थानों पर जल्द से जल्द ठोस और कड़ी कार्रवाई की जाए।

# यूडीआईडी कार्ड निर्माण को लेकर विशेष शिविर का आयोजन

**नावकोठी।** दिव्यांगजनों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने तथा शत-प्रतिशत यूडीआईडी (यूनिक डिसएबिलिटी आईडी) कार्ड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नावकोठी में विशेष जांच एवं प्रमाणीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल चार दिव्यांगजनों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। इनमें दो अस्थि दिव्यांग, एक नेत्र एवं अस्थि दिव्यांग तथा एक मस्तिष्क दिव्यांग शामिल थे। चिकित्सीय परीक्षण के उपरांत सभी पात्र दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड निर्गत करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दिव्यांगजनों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक प्रमाणन किया तथा यूडीआईडी कार्ड के महत्व और इससे मिलने वाली सरकारी सुविधाओं की जानकारी भी दी। अधिकारियों ने अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों से शिविर का लाभ उठाकर यूडीआईडी कार्ड बनवाने की अपील की।इस अवसर पर आर्थो विशेषज्ञ डॉ. कुमार दिवाकर, नेत्र सहायक हर्ष राज कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं फिजिशियन डॉ. राजीव रंजन चौधरी, डॉ. नीतिन कुमार, कार्यपालक सहायक पंकज प्रसाद सिंह, बीसीएम उषा कुमारी, संदीप चंद्र सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

**बंद का रहा मिला जुला असर :** बलिया। प्रखण्ड क्षेत्र में आहूत बिहार बंद का शनिवार को बलिया में कोई खास असर देखने को नहीं मिला। बाजार, बैंक, सरकारी कार्यालय और सार्वजनिक परिवहन सामान्य दिनों की तरह संचालित होते रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के एडीआर भवन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक का मुख्य उद्देश्य 12 सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय केसभी न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों का अधिक से अधिक निपटारा सुनिश्चित करना था। बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सभ एसीजेएम सभी न्यायिक पदाधिकारी प्रथम श्रेणी एवं द्वितीय श्रेणी के साथ समन्वय स्थापित कर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।सभी न्यायिक पदाधिकारी अपने-अपने न्यायालय में लंबित सुलहनेय वादों की अधिक से अधिक संख्या चिन्हित कर उन्हें अलग करेंगे। चिन्हित वादों में नोटिस तैयार करवाने एवं समन का वितरण करवाने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी। प्री-लिटिगेशन के माध्यम से पक्षकारों से सहमति बनाकर उन वादों को 12 सितम्बर के राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित करने हेतु तैयार किया जाएगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार करुणानिधि प्रसाद आर्य ने सभी पदाधिकारियों से अपील किया राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए ताकि अधिक से अधिक मामलों का आपसी सुलह के आधार पर त्वरित निपटारा हो सके। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सहायक सौरभ कुमार उपस्थित थे।

# जनता दरबार में एक मामले का निष्पादन

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए जमीन संबंधी विवादों के निपटारे के लिए पुर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को वीरपुर अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर के अंचलाधिकारी भाई वीरेंद्र ने बताया कि पुर्व का 4 आवेदनों की सुनवाई की गई जिसमें से एक आवेदन को आपसी समझौता के आधार पर निष्पादित किया गया। शेष बचे हुए तीन आवेदन के आलोक में दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर अगली तिथि में बुलाया जाएगा।

# भागलपुर में सेवा, संकल्प, समर्पण के सौ दिन पूरे होने पर कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** बिहार सरकार के प्रथम एक सौ दिनों की उपलब्धियों, जनहित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों एवं राज्य के भावी विकास के रोडमैप को आमजन तक पहुँचाने के उद्देश्य से सेवा, संकल्प, समर्पण के 100 दिन के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में शनिवार को आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ भागलपुर के प्रमंडलीय प्रेम सिंह मीणा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रमोद कुमार यादव,उप विकास आयुक्त रवि राकेश,अपर समाहर्ता (राजस्व), दिनेश राम, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साह, जिला परिषद अध्यक्ष बिपिन कुमार मंडल, जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रणव कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान पटना से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) किया गया। इस दौरान सरकार के प्रथम 100 दिनों की प्रमुख उपलब्धियों, जनहित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों तथा बिहार के समग्र विकास हेतु निर्धारित भावी कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी साझा की गई भागलपुर जिले में सरकार के प्रथम 100 दिनों के दौरान किए गए उल्लेखनीय कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित एक विशेष वीडियो का प्रदर्शन किया गया, जिसमें विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी पहलों को प्रदर्शित किया गया। इसके उपरांत भागलपुर जिले में सरकार के प्रथम 100 दिनों के दौरान किए गए उल्लेखनीय कार्यों एवं उपलब्धियों पर आधारित एक विशेष वीडियो का प्रदर्शन, जिसमें विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी पहलों को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में जिला राजस्व शाखा, जिला गोपनीय शाखा, जिला शिक्षा कार्यालय, डीआरडीए, समाज सुरक्षा कोषांग, पंचायती राज कार्यालय, जिला कल्याण शाखा, आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, जीविका तथा पुलिस विभाग के कर्मी एवं स्वयं सहायता समूह की प्रतिनिधि शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान आयुक्त महोदय द्वारा 10 लाभुकों के बीच बंदोबस्ती पर्चा का वितरण भी किया गया। उन्होंने लाभुकों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाना है तथा सभी पात्र लाभार्थी इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएँ। कार्यक्रम का समापन राज्य एवं समाज के सर्वांगीण विकास, सुशासन एवं जनसेवा के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित अतिथियों ने सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :— 09/2026—27**

1 विभाग का नाम :— भवन निर्माण विभाग।
2 विज्ञापन दाता का नाम :— कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :— 03/08/2026 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :— 04/08/2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5 मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :— 04/08/2026 को 03:30 बजे अपराह्न से।
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :— 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा .कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0—02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
7 निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :— क्रमांक—6 के क्र0सं0—1 के स्थान पर।
8 **कार्य का विवरण:—**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Primary Health Center (10 Nos) at Morbey, Kharoundha, Kandi, Chataniya, Danda, Dandai, Chiniya, Ramkanda, Arangi and Medhana) Under Garhwa District for the year 2026-27 | ₹ 7,44,900.00 | ₹15,100.00 | ₹1250.00 | 21 दिन |
| 2. | Installation of Electrification work H.S.C.(111 Nos) at Garhwa Under Garhwa District for the year 2026-27 | ₹ 5,55,600.00 | ₹11,500.00 | ₹1250.00 | 15 माह |
| 3. | E/R to C.H.C Hospital (13 Nos) at Kharoundhi, Manjhiaon, Kandi, Garhwa, Meral, Ramna, Dhurki, Bhawnathpur, Ranka, Ramkanda, Bhandariya & Chiniya under Garhwa District for the year 2026-27 | ₹7,67,000.00 | ₹15,500.00 | ₹1250.00 | 21 दिन |
| 4 | E/R of D Type Quarter and Campus Development of Judicial Officer Near Block Building Campus, Nagar Untari Under Garhwa Distt for the year 2026-27. | ₹ 15,87,200.00 | ₹32,000.00 | ₹5000.00 | 01 माह |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोट :— Updated Character PAN, GST Return File Latest, पंजीकरण प्रमाण—पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति एवं निविदा प्रकाशन होने की तिथि से निर्गत बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा। निविदा में केवल गढ़वा जिला के संवेदक हीं भाग ले सकते हैं।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 385767 Building (26-27)_D

# स्कूलों में चला साइबर और महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान

## डीएसपी चित्रा सिंह ने छात्रों को दिया विस्तृत मार्गदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढी गोला (रोहतास)।** बिहार पुलिस की पुलिस दीदी अभियान के तहत तथा छात्र सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को रोहतास जिले में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए तीन विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र के रामप्यारी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय और अशोक कुमार जैन प्लस टू उच्च विद्यालय तथा आयर कोठा थाना क्षेत्र के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय टड़वा में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को डिजिटल खतरों और सामाजिक अपराधों से बचाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और कानून के प्रति जागरूक नागरिक बनाना है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रोहतास की डीएसपी चित्रा सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युग डिजिटल युग है। ऐसे में जागरूकता ही हमारी सबसे बड़ी सुरक्षा है। उन्होंने बच्चों को बताया कि ओटीपी, बैंक डिटेल और पासवर्ड किसी से साझा न करें, अनजान लिंक और फर्जी कॉल से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। साथ ही सोशल मीडिया पर अज्ञात फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने, फर्जी प्रोफाइल और ऑनलाइन उत्पीड़न से बचने की सलाह दी। डीएसपी ने महिला सुरक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि छेड़खानी, पीछा या किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की स्थिति में घबराएं नहीं, तुरंत डायल 112 या महिला हेल्पलाइन 1091 पर कॉल करें। उन्होंने पॉक्सो एक्ट, जेजे एक्ट और नाबालिग की सहमति से जुड़े कानूनी पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम आयु में किसी भी प्रकार की सहमति कानूनन मान्य नहीं है। 'गलत व्यवहार का विरोध करें' का संदेश देते हुए उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए भी प्रेरित किया। अंत में उन्होंने बच्चों से पढ़ाई पर ध्यान देकर सुनहरा करियर बनाने का आह्वान किया। मौके पर रामप्यारी बालिका विद्यालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार, अशोक कुमार जैन विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार, स्थानीय थाने के पुलिसकर्मी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यालय प्रशासन ने पुलिस के इस प्रयास की सराहना की और इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी बताया। कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्रों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं जागरूक रहेंगे और अपने परिवार व समाज को भी साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत करेंगे।

# ग्रामीण बैंक का पुलिस संग चला छापेमारी अभियान, कर्ज वसूले

## कर्ज चुकाएं, सीमित समय में महाछूट योजना का लाभ मिलेगा : रमेश कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**भभुआ।** बिहार ग्रामीण बैंक की भभुआ शाखा ने सोहनन पुलिस के सहयोग से विशेष छापेमारी अभियान चलाया। यह अभियान ग्राम मिव एवं सुखारीपुर में हठी ऋण धारकों के खिलाफ चलाया गया। अभियान का उद्देश्य वर्षों से बकाया ऋण रखने वाले उधारकर्ताओं को ऋण चुकाने की हिदायत दी गई। अभियान के दौरान तीन उधारकर्ताओं द्वारा एकमुश्त पैसा जमा कर समझौता किया गया एवं बैंक द्वारा ऋणियों को नो ड्यूज भी दिया गया। अभियान में भभुआ शाखा के अधिकारी विक्रम तथा सर्टिफिकेट ऑफिसर मनोज सैनी पुलिस बल के साथ संबंधित ऋणियों के घर पहुंचे। शाखा प्रबन्धक आनंद ने ऋण धारको से समय पर अपना खाता प्रहार अभियान में ऋणियों एवं उनके परिजनों को ऋण चुकाने की हिदायत दी। साथ ही बैंक की महाछूट योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि पात्र ऋण खातों में बैंक द्वारा 50 से 75 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है जिसका लाभ उठाकर ऋणी अपने खाते का शीघ्र निपटारा कर सकते हैं। रिजनल मैनेजर रमेश कुमार ने बताया कि बिहार ग्रामीण बैंक अपने सभी पात्र ऋणधारको के लिए विशेष ऋण छूट योजना, वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) लेकर आया है। इस योजना के अंतर्गत पात्र ऋणधारको को बैंक के नियमानुसार आकर्षक छूट का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने सभी पात्र ऋणियों से अपील की है कि वे महाछूट योजना का अधिकतम लाभ उठाकर अपने ऋण का निपटारा करें और अनावश्यक कानूनी कार्रवाई से बचें।

# सिम बदलकर महिला के खाते से 2.42 लाख उड़ाए, पड़ोसी धर्मेंद्र गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** साइबर ठगी के एक मामले में रोहतास पुलिस ने दरिहट थाना क्षेत्र के धरहरा गांव निवासी महिला के खाते से 2.42 लाख की निकासी करने के आरोप में उसके पड़ोसी धर्मेंद्र कुमार को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार धरहरा निवासी विमला देवी ने जून माह में साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 27 मई को उनका मोबाइल अचानक बंद हो गया। 18 जून को बैंक खाता जांचने पर पता चला कि उनके दोनों बैंक खातों से कुल 2.42 लाख की अवैध निकासी कर ली गई है। साइबर थाना के डीएसपी गौरव कुमार यादव ने बताया कि आरोपी ने झांसा देकर महिला का सिम कार्ड अपने कब्जे में ले लिया और उसकी जगह दूसरा बंद सिम लगा दिया। इसके बाद उसने बैंकिंग ऐप सक्रिय कर डिहरी, नोखा एवं अन्य स्थानों के एटीएम से पैसे निकाल लिए। तकनीकी जांच के दौरान एटीएम से रुपये निकालते समय की तस्वीरों के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। पूछताछ में धर्मेंद्र कुमार ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने किसी व्यक्ति से कर्ज लिया था और उसका भुगतान करने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बंद पड़ी डालमियानगर चीनी मिल को पुनर्जीवित करने की पहल

## विधायक सोनू सिंह ने बियाडा को लिखा पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने लिक्विडेशन में चल रही रोहतास इंडस्ट्रीज, डालमियानगर की बंद पड़ी चीनी मिल की भूमि का अधिग्रहण कर वहां नई चीनी मिल शुरू करने अथवा किसी नए उद्योग की स्थापना करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) के प्रबंध निदेशक को पत्र भेजा है। विधायक ने अपने पत्र में कहा है कि डालमियानगर स्थित रोहतास इंडस्ट्रीज लिमिटेड की चीनी मिल लगभग 12 एकड़ भूमि में स्थापित थी। इसकी स्थापना प्रसिद्ध उद्योगपति रामकृष्ण डालमिया ने 15 मई 1933 को की थी, जबकि वर्ष 1935 से यहां चीनी उत्पादन शुरू हुआ। प्रारंभ में प्रतिदिन एक हजार टन चीनी का उत्पादन होता था, जिसे वर्ष 1937 में बढ़ाकर 1800 टन प्रतिदिन कर दिया गया। बेहतर गुणवत्ता की चीनी के कारण इसकी देशभर में मांग थी, लेकिन वर्ष 1970 में यह चीनी मिल बंद हो गई। पत्र में विधायक ने उल्लेख किया है कि इसी चीनी मिल से रोहतास इंडस्ट्रीज के औद्योगिक विस्तार की शुरुआत हुई। बाद के वर्षों में यहां सीमेंट, कागज, वनस्पति, एसबेस्टस, फाइबर, पावर प्लांट, स्टील मैकेनिकल फैक्ट्री, एल्युमिनियम एसिड प्लांट और साबुन कारखाना जैसे कई उद्योग स्थापित हुए जिससे डालमियानगर एक विकसित औद्योगिक टाउनशिप के रूप में पहचान बना सका। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई 1984 को रोहतास उद्योग समूह में तालाबंदी हो गई थी। बाद में वर्ष 2008 में परिसमापन की प्रक्रिया के दौरान उद्योग समूह की 219 एकड़ भूमि रेलवे ने रेल वैगन मरम्मत एवं निर्माण परियोजना के लिए अधिग्रहित की। इस परियोजना के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 403 करोड़ का बजटीय प्रावधान भी किया गया है। विधायक सोनू सिंह ने बियाडा से आग्रह किया है कि लिक्विडेशन में चल रही रोहतास इंडस्ट्रीज की चीनी मिल की भूमि का अधिग्रहण कर वहां नई चीनी मिल स्थापित की जाए। यदि यह संभव न हो तो उस भूमि पर कोई अन्य बड़ा उद्योग स्थापित किया जाए, जिससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ें और डालमियानगर की औद्योगिक पहचान फिर से स्थापित हो सके।

# मुख्यमंत्री के 100 दिन पूरे होने पर रोहतास प्रखंड कार्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर (रोहतास)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यकाल के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को रोहतास प्रखंड कार्यालय परिसर में 'सेवा, समर्पण और संकल्प' अभियान के तहत 'नई सोच, नई उड़ान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से पौधरोपण किया और हरित बिहार के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान दूरदर्शन के माध्यम से राज्य सरकार के 100 दिनों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न विकास कार्यों पर आधारित विशेष वृत्तचित्र का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। उपस्थित लोगों ने सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर बीडीओ ऋषिकेश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और संतुलित पर्यावरण सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सीओ ललिता कुमारी, पीएचसी प्रभारी डॉ. अनुज चौधरी, सिद्धेश्वर वर्मा, हरिनाथ पासवान, प्रिंस कुमार, संतोष कुमार भोला सहित प्रखंड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रशासन ने रेलवे स्टेशन और तेंदुनी चौक का किया संयुक्त निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल में विधि - व्यवस्था संधारण एवं आमजन को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय टीम द्वारा बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन के साथ-साथ तेंदुनी चौक का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण दल में भूमि सुधार उप समाहर्ता बिक्रमगंज, कार्यपालक दंडाधिकारी बिक्रमगंज, प्रखंड विकास पदाधिकारी बिक्रमगंज तथा अन्य संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी भी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों की आवाजाही, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अवैध वेंडिंग की स्थिति का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात टीम तेंदुनी चौक पहुंची जहां प्रतिदिन लगने वाली भीड़-भाड़, जाम की समस्या एवं यातायात अव्यवस्था को गंभीरता से देखा गया। चौक पर अनियंत्रित ठेला, खोमचा, अवैध अतिक्रमण एवं बेतरतीब वाहन पार्किंग के कारण आम नागरिकों एवं स्कूली बच्चों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए मौके पर ही यातायात को सुचारू बनाने के लिए जरूरी कदम उठाए गए। निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारियों ने आमजन एवं वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का अक्षरशः पालन करें, नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा न करें, सड़क पर अनावश्यक रूप से भीड़ न लगाएं तथा प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। साथ ही दुकानदारों को अतिक्रमण नहीं करने और निर्धारित सीमा में ही व्यवसाय करने के निर्देश दिए गए।

# देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल नबीनगर ने ऑपरेशन सतर्क के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 18.6 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ पोस्ट नबीनगर से मिली जानकारी के अनुसार 24 जुलाई 2026 को निरीक्षक राम विलास राम के नेतृत्व में गठित टीम ने अभियान चलाकर एक व्यक्ति को 18.6 लीटर अवैध देशी शराब के साथ पकड़ा। गिरफ्तार तस्कर की पहचान अनिल कुमार सिंह (काल्पनिक नाम), उम्र करीब 50 वर्ष, निवासी सोनवर्षा, थाना नबीनगर, जिला औरंगाबाद के रूप में की गई है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक जे.पी. यादव, आरक्षी संतोष कुमार मिश्रा एवं आरक्षी कालीचरण शामिल रहे। आरपीएफ ने जब्त देशी शराब एवं गिरफ्तार तस्कर को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद अग्रिम कार्रवाई हेतु स्थानीय नबीनगर थाना के सुपुर्द कर दिया। आरपीएफ ने बताया कि ऑपरेशन सतर्क के तहत रेलवे क्षेत्र में अवैध शराब, मादक पदार्थों की तस्करी एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मध्य विद्यालय शिवगंज में कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय मध्य विद्यालय शिवगंज में प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने कारगिल के वीर शहीदों को नमन करते हुए पेंटिंग बनाई, अमर जवान स्मारक का प्रतीकात्मक निर्माण कर मोमबत्तियां जलाईं और पुष्प अर्पित किए। प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कारगिल विजय दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि 26 जुलाई 1999 को भारतीय सैनिकों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए देश की रक्षा की थी। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 7 एवं 8 के विद्यार्थियों ने पिरामिड बनाकर देशभक्ति का संदेश दिया जबकि छात्रा अंशिका कुमारी ने 'मेरा कर्मा तू, मेरा धर्मा तू' गीत प्रस्तुत कर सभी में देशभक्ति का उत्साह भर दिया। कार्यक्रम में छात्रों ने राष्ट्र की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ भी ली। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# डिहरी में हाशमी वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट का 'बिरादरी जोड़ो अभियान', संगठन विस्तार पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** हाशमी वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट, बिहार प्रदेश की ओर से डिहरी ऑन सोन में 'बिरादरी जोड़ो अभियान' चलाकर संगठन को मजबूत बनाने की पहल की गई। इस दौरान प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की टीम ने हाशमी बिरादरी के लोगों के घर-घर जाकर ट्रस्ट के उद्देश्यों की जानकारी दी और संगठन से जुड़ने की अपील की। अभियान के दौरान पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन से जुड़ने पर शिक्षा, सामाजिक विकास, आपसी सहयोग और जनकल्याण से जुड़े कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने बिरादरी के लोगों से एकजुट होकर समाज की मजबूती और विकास में योगदान देने का आह्वान किया। प्रदेश से पहुंचे पदाधिकारियों का स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान बिरादरी के लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। कुछ समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया जबकि अन्य मुद्दों पर सामूहिक चर्चा के बाद आवश्यक कार्रवाई का दायित्व संबंधित पदाधिकारियों को सौंपा गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आपसी मोहब्बत, भाईचारा, नैतिक मूल्यों और संगठन की मजबूती से समाज के हित में बड़े कार्य आसानी से किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही समाज की प्रगति का आधार है। वारिस अली, प्रदेश सचिव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से सभी जिलों में जिला अध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। इस क्रम में लगभग आधा दर्जन जिलों के जिला अध्यक्षों का भी चयन किया गया। बैठक में बिहार प्रदेश अध्यक्ष सरफुद्दीन हाशमी (अरवल), प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अब्दुस सलाम हाशमी (मधुबनी), प्रदेश कोषाध्यक्ष इरफान हाशमी (फुलवारी शरीफ, पटना), जिला सचिव रोहतास मोहम्मद शाहिद हाशमी उर्फ सोनू, सरफराज हाशमी, आमिर हाशमी एवं असलम हाशमी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष सरफुद्दीन हाशमी ने बताया कि सभी जिलों में संगठनात्मक ढांचा तैयार होने के बाद एक बड़े राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें हाशमी बिरादरी के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में फुलवारी शरीफ में प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक होगी जिसमें नव-निर्वाचित जिला अध्यक्षों का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि प्रदेश उपाध्यक्ष लाडले हाशमी (फुलवारी शरीफ) एवं इकबाल हाशमी (आरा टाउन) आवश्यक कार्यों के कारण डिहरी ऑन सोन के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।

# आर्म्स एक्ट और एससी-एसटी एक्ट के फरार आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट थाना पुलिस ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आर्म्स एक्ट और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम से जुड़े एक पुराने मामले में वांछित फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के सकला अंतर्गत कौपा गांव निवासी स्वर्गीय बृजदा पांडे के 45 वर्षीय पुत्र संतोष पांडे उर्फ संतोष कुमार पांडे के रूप में हुई है। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि संतोष पांडे काराकाट थाना कांड संख्या 392/25 में नामजद था और उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के साथ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत मामला दर्ज है। पुलिस को आरोपी के ठिकाने के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी जिसके आधार पर टीम ने छापेमारी कर उसे दबोच लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में शामिल अन्य आरोपितों और अज्ञात व्यक्तियों की भूमिका को लेकर अनुसंधान अभी जारी है और पुलिस साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर आम जनता में संतोष देखा जा रहा है और अधिकारियों ने कहा है कि ऐसे फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।


बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन सं.-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/10 दिनांक-25.07.2026

**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में द्वितीय चक्र सीट आवंटन के पश्चात् उन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के अंतर्गत विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में उपलब्ध रिक्तियों के विरुद्ध Offline MOP-UP कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार हेतु आवश्यक सूचना**

1. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2026 मे सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित ITI संस्थान के प्राचार्य तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ITICAT-2026 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों में हुए सीट आवंटन एवं तद्नुसार नामांकन के पश्चात् शेष रिक्तियों की पाठ्यक्रमवार/ संस्थानवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर दिनांक **29.07.2026** को उपलब्ध करा दी जायेगी। रिक्तियों में यदि कोई परिवर्त्तन होता है तो उसे कॉउन्सेलिंग प्रारम्भ होने के पूर्व पर्षद के website पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

**इन सीटों को भरने हेतु Offline Mop-up Counselling दिनांक 17.08.2026 से प्रारम्भ होगा।** यह Offline Counselling पर्षद कार्यालय, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना में आयोजित होगा। उक्त Mop-up कॉउन्सेलिंग में भाग लेने हेतु ITICAT-2026 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों, चाहे वे पूर्व की online कॉउन्सेलिंग के आधार पर नामांकित हों या न हों, से Mop-up Counselling में भाग लेने हेतु Online Willingness आमन्त्रित किये जाते हैं। Online Willingness दिनांक **30.07.2026** से दिनांक **08.08.2026** तक प्राप्त किये जायेंगे। मेधाक्रम सहित साक्षात्कार कार्यक्रम पर्षद की वेबसाईट पर दिनांक **11.08.2026** को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

2. **Online Willingness Submit करने एवं कॉउन्सेलिंग से सम्बन्धित पूर्ण विवरणी / प्रक्रिया विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2026/09 दिनांक- 25.07.2026 के माध्यम से पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।**

3. अभ्यर्थियों का मेधाक्रम पर्षद के विज्ञापन सं.-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी)- 2026/05 दिनांक- 04.06.2026 के माध्यम से पर्षद के उक्त वेबसाईट पर पूर्व में ही उपलब्ध करा दी गयी है। Mop-up कॉउन्सेलिंग में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी पर्षद की वेबसाईट पर जाकर "Willingness for ITICAT-2026 Mop-up Round Offline Counselling" Link पर Click करने के बाद अपना रौल नं. एवं जन्म तिथि डालकर मेधाक्रम प्राप्त करें एवं "Submit Your Willingness" बटन पर Click करें।

परीक्षा नियंत्रक



बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

विज्ञापन सं.-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)-2026/09 दिनांक-25.07.2026

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026**

**सरकारी/ निजी अभियंत्रण महाविद्यालयों में UGEAC-2026 की 2nd Counselling के आधार पर नामांकन उपरांत शेष रिक्त सीटों पर BCECE-2026 (PCM / PCM of PCMB Group) की मेधासूची के आधार पर नामांकन हेतु Online Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

**UGEAC-2026 के मेधासूची के आधार पर राज्य के विभिन्न अभियंत्रण संस्थानों में 2nd Counselling में सीट आवंटन / नामांकन उपरान्त शेष रिक्त सीटों को पर्षद द्वारा आयोजित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (BCECE)-2026 की परीक्षा के मेधासूची के आधार पर भरा जाना है।**

(2) BCECE (PCM / PCM of PCMB)-2026 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों / अभिभावकों/ सम्बन्धित संस्थानों को विज्ञापन संख्या-BCECEB(BCECE)-2026/05 दिनांक 24.06.2026 के क्रम में Choice filling एवं अग्रेत्तर Counselling कार्यक्रम हेतु सूचित किया जाता है कि राज्य के विभिन्न अभियंत्रण महाविद्यालयों अन्तर्गत संचालित स्नातक अभियंत्रण पाठ्यक्रमों, संजय गाँधी गव्य प्रौद्योगिकी संस्थान, पटना के अंतर्गत B.Tech. (Dairy Technology) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में नामांकन तथा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के अंतर्गत संचालित Dr. APJ Abdul Kalam Womens Institute of Technology, Navodaya Complex, Kameshwar Nagar, Darbhanga में UGEAC-2026 की 2nd Counselling के आधार पर नामांकन उपरांत शेष रिक्त सीटों को पर्षद द्वारा आयोजित बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (BCECE)-2026 की परीक्षा के आधार पर विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.)- 2026/05 दिनांक-24.06.2026 द्वारा प्रकाशित मेधासूची के आधार पर **PCM / PCM of PCMB Group** के अभ्यर्थियों से मेधा-सह-विकल्प के अनुसार भरा जायेगा तथा Online Counselling की प्रक्रिया दिनांक **26.07.2026** से प्रारम्भ होगी।

(3) Online Counselling कार्यक्रम की पूर्ण विवरणी एवं Choice Filling की विधि आदि पर्षद के वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर **विज्ञापन संख्या- BCECEB(BCECE)-2026/08 दिनांक 25.07.2026 द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। उक्त निदेश के अनुसार संस्थान एवं ब्रांच का Choice of Preference of Colleges/ Branches भरें।** अगर कोई अभ्यर्थी अपना Choice Filling नहीं करते हैं तो वैसे अभ्यर्थी को दुबारा Choice Filling का मौका नहीं दिया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक

# पेपर लीक और छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में पथराव

## शनिवार को आहूत बंद के दौरान छात्रों का उग्र प्रदर्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पेपर लीक और छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में आहूत बिहार बंद का मिला जुला असर औरंगाबाद शहर में देखने को मिला। शनिवार सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में छात्र सड़कों पर उतर आए और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफ़े की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे। प्रदर्शन के दौरान छात्र बैरिकेडिंग को साइकिल बनाकर चलाते नजर आए। जबकि बैरिकेडिंग छात्रों को रोकने के लिए लगाई गई थी। इस बीच रमेश चौक पर भारी संख्या में पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इस घटना के बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा और कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया। भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने टियर गैस (आंसू गैस) भी छोड़ें, ताकि स्थिति पर काबू पाया जा सकें। हालांकि इसके वावजूद प्रदर्शनकारी मौके पर डटे हुए है और प्रदर्शन जारी रखा है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा, सदर एसडीओ गौरव सिंह, एसडीपीओ सुशील कुमार, सीओ अनुज सिंह एवं नगर थानाध्यक्ष बबन बैठा समेत कई वरीय पुलिस अधिकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पथराव की घटना में हवलदार मो. मतलूब अली समेत 3 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और पुलिस के वरीय अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने तीनों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार किसी को गंभीर चोट नहीं आई है और सभी की स्थिति सामान्य होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि लोकतंत्र में अपनी बात शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से रखने की इजाजत है, लेकिन प्रदर्शन की आड़ में हिंसा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। आज के महाबंद के मद्देनजर पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था को बेहद कड़ा कर दिया गया है, और पुलिस पथराव मामले में वीडियो व तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एक-एक आरोपी की पहचान कर धर-पकड़ में जुटी है ताकि बंद के दौरान दोबारा कोई कानून-व्यवस्था को हाथ में न ले सके। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आम जनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## प्रशासन की सक्रिय रणनीति के कारण विधि-व्यवस्था कायम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार बंद और छात्रों के आंदोलन के दौरान जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की पूर्व तैयारियां कारगर साबित हुईं। उक्त प्रदर्शन के लिए सक्षम पदाधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी। इसके बावजूद जिला प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने पर किसी प्रकार की आपत्ति व्यक्त नहीं की गई तथा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान कुछ उपद्रवी तत्वों द्वारा अचानक पथराव किए जाने का प्रयास किया गया, जिससे विधि-व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हुई। पुलिस एवं प्रशासन की टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए उपद्रवी तत्वों को घटनास्थल से हटाया तथा स्थिति को पूर्णतः नियंत्रण में कर लिया। इस संबंध में कुछ व्यक्तियों को डिटेन किया गया तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। विधि सम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक नागरिक को लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार है, किंतु इसके लिए निर्धारित कानूनी प्रक्रिया एवं आवश्यक अनुमति का पालन करना अनिवार्य है। यदि कोई व्यक्ति या समूह नियमों की अवहेलना करते हुए विधि-व्यवस्था भंग करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने विशेष रूप से छात्रों से अपील की है कि यदि वे अपनी किसी मांग अथवा समस्या को प्रशासन के समक्ष रखना चाहते हैं, तो वे विधिवत ज्ञापन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिला प्रशासन उनकी बात सुनने एवं नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के लिए सदैव तत्पर है। उक्त स्थल का निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी गौरव सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशील कुमार सहित अन्य दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों द्वारा किया गया। अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लेते हुए क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, शांति एवं सौहार्द बनाए रखें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

## तालाब में डूबने से किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** तालाब में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। घटना बंदेया थाना क्षेत्र के मायापुर गांव की है। मृतक की पहचान उस गांव निवासी रंजय यादव के आठ वर्षीय पुत्र रौशन कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, रौशन शौच के लिए गया हुआ था। इसी क्रम में उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। स्थानीय लोगों द्वारा जब तक बचाव कर कार्य किया जाता तब तक काफी देर हो चुका था। गहरे पानी में डूबने से किशोर की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। बताया जाता है कि रोशन कुमार अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी असमय मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। मां रंती देवी बेटे के वियोग में बार-बार बेहोश हो रही थीं, जबकि पिता रंजय यादव समेत अन्य परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल था।

## रेलवे ट्रैक से मिला लापता युवती का शव

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शुक्रवार शाम से लापता दाउदनगर के मनहार गांव निवासी संजय कुमार सिन्हा की पुत्री नेहा कुमारी (22) का शव झारखंड के कोडरमा में रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह कोडरमा रेलवे स्टेशन के समीप ट्रैकमैन को युवती का शव पड़ा मिला। ट्रैकमैन ने तत्काल इसकी सूचना कोडरमा आरपीएफ को दी जिसके बाद जवान मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। घटनास्थल से बरामद एक बैग में रखे आधार कार्ड और अन्य दस्तावेजों के आधार पर मृतका की पहचान नेहा कुमारी के रूप में हुई। बैग से औरंगाबाद जिले के दाउदनगर स्थित एक विद्यालय के बच्चों की मार्कशीट, नेहा के कॉलेज के सर्टिफिकेट और अन्य महत्वपूर्ण कागजात भी मिले हैं ।आरपीएफ ने प्रारंभिक जांच में आशंका जताई है कि नेहा जिस ट्रेन से यात्रा कर रही थी, संभवतः उसी से गिरने के कारण उसकी मौत हुई है। हालांकि, मामले की जांच जारी है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पड़ताल की जा रही है। घटना की सूचना मृतका के परिजनों को दे दी गई है। मृतका की बहन लवली सिन्हा ने बताया कि वह और नेहा दाउदनगर स्थित डिवाइन स्ट्रीम मिशन स्कूल में साथ पढ़ाती थीं। शुक्रवार को नेहा स्कूल से पढ़ाने के बाद बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने के लिए निकली थी। लवली के अनुसार, नेहा रोज शाम 5 बजे तक ट्यूशन पढ़ाकर घर लौट आती थी, लेकिन उस दिन देर शाम तक वह वापस नहीं आई।

## हत्या और दुष्कर्म सहित अन्य अपराधों में 45 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए औरंगाबाद पुलिस लगातार विशेष अभियान चला रही है। शुक्रवार की देर रात जिलेभर में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 45 लोगों को गिरफ्तार किया जिसमें 10 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। कार्रवाई के दौरान हत्या, दुष्कर्म, दहेज हत्या, हत्या के प्रयास और मद्यनिषेध अधिनियम से जुड़े मामलों में गिरफ्तारी की गई। पुलिस के अनुसार अभियान में हत्या के एक, दुष्कर्म के एक, दहेज हत्या के एक, हत्या के प्रयास के तीन तथा मद्यनिषेध अधिनियम के छह अभियुक्तों समेत कुल 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा विभिन्न अन्य मामलों में भी 33 आरोपितों को पकड़ा गया। पुलिस कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार नवीनगर थाना क्षेत्र से 18.60 लीटर देसी शराब के साथ अनिल कुमार सिंह को गिरफ्तार किया गया। कुटुंबा थाना क्षेत्र में एक विधि-विरुद्ध बालक को 39.50 लीटर देसी शराब और एक बाइक के साथ निरुद्ध किया गया। इसी थाना क्षेत्र के एक अन्य मामले में 21 लीटर देसी शराब भी बरामद की गई। साइबर थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए साइबर ठगी के शिकार जितेंद्र प्रसाद के खाते में 90 हजार रुपये वापस कराए। पुलिस ने इसे साइबर अपराध के खिलाफ अभियान की बड़ी उपलब्धि बताया। ओबरा पुलिस की दबिश पर हत्या मामले में फरार अरण्डा गांव निवासी राकेश कुमार ने न्यायालय में आत्म समर्पण किया है। इसके अलावा ओबरा पुलिस की दबिश पर दुष्कर्म के कांड में फरार रोहतास जिले के गोड़ारी थाना क्षेत्र के कुरूर गांव निवासी प्रिंस कुमार ने न्यायालय में आत्म समर्पण किया है। पुलिस पदाधिकारी उपेंद्र नाथ वर्मा के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## 'सेवा, संकल्प, समर्पण' के 100 दिन पूरे, विकास व जनकल्याण की उपलब्धियों से कराया गया अवगत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के 'सेवा, संकल्प, समर्पण' के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का जिले के जिला, अनुमंडल, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर उत्साहपूर्वक सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सरकार द्वारा विगत 100 दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए जनकल्याणकारी कार्यों, विकास योजनाओं एवं उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई गई। जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय स्थित नगर भवन में किया गया, जिसका उद्घाटन रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, औरंगाबाद अध्यक्ष नगर परिषद एवं जिला परिषद अध्यक्षा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत रफीगंज विधायक, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा आकाश में गुब्बारे छोड़कर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार सरकार के 'सेवा, संकल्प, समर्पण' के 100 दिन पूर्ण होने का संदेश दिया गया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सरकार के प्रथम 100 दिनों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए विकसित बिहार के निर्माण के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने औरंगाबाद जिले में विगत 100 दिनों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में हुए उल्लेखनीय कार्यों एवं उपलब्धियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अल्प अवधि में जनहित एवं विकास से जुड़े अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, जिनका प्रत्यक्ष लाभ राज्य की जनता को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन तथा सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रभावी पहल करते हुए विकास की नई दिशा निर्धारित की है। उन्होंने औरंगाबाद जिले में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा विकास कार्यों में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों से औरंगाबाद विकास के नए आयाम स्थापित करेगा तथा सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। हाल ही में आदर्श विद्यालय का शुभारंभ होने के साथ जिले में अब कुल 14 आदर्श विद्यालय संचालित हो रहे है। साथ ही डिग्री कॉलेज विहीन प्रखंडों में डिग्री कॉलेजों के शुभारंभ से स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा के अवसर बढ़े हैं, जिससे विशेष रूप से छात्राओं को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में औरंगाबाद ने पूरे बिहार में नई पहचान बनाई है। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है तथा टीबी स्क्रीनिंग में निर्धारित लक्ष्य की तुलना में छह गुना से अधिक उपलब्धि प्राप्त की गई है। उन्होंने कहा कि विगत 100 दिनों की उपलब्धियां प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के सामूहिक प्रयासों का परिणाम हैं। जिला प्रशासन भविष्य में भी पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए विकास की प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों, जीविका दीदियों, खिलाड़ियों तथा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान औरंगाबाद जिले की विगत 100 दिनों की उपलब्धियों पर आधारित एक वृत्तचित्र (डॉक्यूमेंट्री) का प्रदर्शन किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। अंत में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं बेबी प्रिया, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली, जिला परियोजना प्रबंधक (जीविका), विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी, जीविका समूह की दीदियां, जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

## जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नगर थाना क्षेत्र के रामाबांध मोहल्ले में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। हालांकि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। आरोप है कि शनिवार की सुबह प्रेमिका से बातचीत के बाद युवक ने यह कदम उठाया है। हालांकि युवक द्वारा यह कदम किन परिस्थितियों में उठाया गया, इसका स्पष्ट कारण जांच के बाद ही सामने आएगा। प्रथम दृष्टया मामला में आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, मृतक की पहचान रामाबांध निवासी अजय राम के पुत्र मुन्ना कुमार के रूप में हुई है। वह पेशे से पेंटर था और अपनी मेहनत की कमाई से परिवार का भरण-पोषण करने में सहयोग करता था। सदर अस्पताल पहुंची मृतक की मां ने बताया कि मुन्ना एक युवती से लंबे समय से बातचीत करता था और उसी से शादी करना चाहता था। उनके अनुसार शनिवार की सुबह भी उसने उस युवती से फोन पर बात की थी। बातचीत के कुछ ही देर बाद उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। जब उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी तो परिजनों को इसकी जानकारी हुई। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन उसकी हालत बेहद गंभीर होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## भूमि विवाद में मारपीट, छह से अधिक घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रिसियप थाना क्षेत्र के बड़का गांव में शुक्रवार देर रात जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने लगे। मारपीट में दोनों पक्षों के छह से अधिक लोग घायल हो गए। एक पक्ष के चार घायलों का इलाज औरंगाबाद सदर अस्पताल में कराया गया, जबकि दूसरे पक्ष के घायलों का इलाज प्राइवेट क्लीनिक में कराया गया।सदर अस्पताल में भर्ती घायलों में विकास सिंह, अनीता देवी, अखिलेश सिंह एवं नीलम कुमारी शामिल है। सभी को गंभीर चोटें आई हैं। विकास सिंह का सिर फट गया, जबकि अखिलेश सिंह का एक हाथ फ्रैक्चर हो गया। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बन गया, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नियंत्रित किया। घायलों ने बताया कि गोतिया (पाटीदार) के साथ लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा है। दोनों पक्ष एक ही जमीन पर अपना-अपना दावा कर रहे हैं। शुक्रवार को जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि गांव के चौधरी चरण सिंह, रिंकू सिंह, काली सिंह, पिंटू सिंह और चितरंजन सिंह समेत उनके परिवार की महिलाओं ने भी घर में घुसकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर से हमला किया, जिससे कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही रिसियप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि आवेदन या फर्द बयान प्राप्त होने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। दोनों पक्षों के बयान और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य है, लेकिन एहतियात के तौर पर पुलिस मामले पर नजर बनाए हुए है।

## शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लोकतंत्र और छात्र आंदोलन की जीत : डॉ. सुरेश पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े को लोकतंत्र, संविधान और छात्र आंदोलन की जीत बताया है। डॉ. पासवान ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन के साथ-साथ देशभर में विभिन्न विपक्षी दलों, सामाजिक संगठनों और छात्र संगठनों की ओर से नीट पेपर लीक तथा केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में महीनों से लगातार प्रदर्शन किए जा रहे थे। उनके अनुसार इन आंदोलनों के दबाव में केंद्र सरकार को झुकना पड़ा और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। उन्होंने यह भी दावा किया कि आंदोलनकारियों की अन्य मांगों को भी सरकार ने स्वीकार करने पर मजबूरी दिखाई। उन्होंने कहा कि कुछ लोग लगातार यह कहते रहे कि मोदी सरकार में कोई इस्तीफा नहीं देता और धरना-प्रदर्शनों का कोई असर नहीं होता। उनका कहना था कि कई आंदोलनों को सरकार ने पहले विफल कर दिया था और यही स्थिति सीजेपी तथा विपक्ष के इस आंदोलन की भी होगी। डॉ. पासवान ने कहा कि ताजा घटनाक्रम ऐसे लोगों के लिए बड़ा सबक है। उन्होंने कहा कि यदि कोई आंदोलन देशहित और जनसरोकार के मुद्दों पर आधारित हो तो जनता उसे कमजोर नहीं होने देती। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती है। डॉ. पासवान के अनुसार यह घटनाक्रम केवल किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संविधान, छात्र आंदोलन, संपूर्ण विपक्ष और देश की जनता की जीत है।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


## अभियान बसेरा-2 के लाभुकों को मिला बंदोबस्त प्रमाणपत्र



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के नगर भवन में अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत बिहार सरकार के 'सेवा, समर्पण एवं संकल्प' के 100 दिन पूर्ण होने के अवसर पर चिह्नित योग्य परिवारों के बीच बंदोबस्त प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर रफीगंज विधायक प्रमोद सिंह, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा लाभुकों को बंदोबस्त प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। जिले में अभियान बसेरा-2 के अंतर्गत चिन्हित कुल 130 पात्र लाभुको को बंदोबस्त प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया गया। जिला मुख्यालय के साथ-साथ जिले के सभी प्रखंडों में भी वरीय पदाधिकारियों एवं संबंधित अंचल अधिकारियों के माध्यम से पात्र लाभुकों के बीच प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया। जिला प्रशासन ने कहा कि अभियान बसेरा-2 का उद्देश्य भूमिहीन एवं पात्र परिवारों को भूमि संबंधी अधिकार सुनिश्चित कर उन्हें सम्मानजनक एवं सुरक्षित आवासीय जीवन उपलब्ध कराना है। प्रशासन आगे भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## अंबा में नाली समस्या के समाधान की कवायद तेज, कार्यपालक अभियंता ने किया स्थल निरीक्षण

**मिथिलेश/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** अंबा में एनएच-139 के किनारे जर्जर व जाम नाली की समस्या के समाधान को लेकर प्रशासनिक पहल तेज हो गई है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष प्रवीण कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में कंचन गुप्ता, सत्येंद्र कुमार, विवेक कुमार एवं दिलीप कुमार शामिल थे। पूर्व सांसद ने एनएच के कार्यपालक अभियंता से दूरभाष पर बात कर अंबा की नाली समस्या का अविलंब समाधान करने का निर्देश दिया तथा स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इसके बाद प्रवीण कुमार ने जिला पदाधिकारी से भी मुलाकात कर समस्या की जानकारी दी। डीएम ने मामले में तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसी क्रम में गुरुवार को करीब दोपहर एनएच के कार्यपालक अभियंता अंबा पहुंचे और विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। अंबा पेट्रोल पंप के पास जेसीबी से मिट्टी की परत हटाकर नाली की स्थिति देखी गई, जहां नाली कचरे से पूरी तरह भरी मिली। अभियंता ने नाली की सफाई कराने का निर्देश दिया और पेट्रोल पंप के पास पहले नाली का ढक्कन लगाने को कहा। इसके बाद सतबहिनी मंदिर और मध्य विद्यालय चिल्हकी के बीच सड़क के पश्चिम टूट चुकी नाली का निरीक्षण कर उसे जोड़ने का निर्देश दिया गया। अंबा बाजार से हरदत्ता तक निरीक्षण के दौरान नाली सड़क के स्तर से करीब 2-3 फीट नीचे मिट्टी में दबा पाया गया। कार्यपालक अभियंता ने बताया कि तत्काल राहत के लिए औरंगाबाद रोड से अंबा चौक तक शुक्रवार से नाली की सफाई कराई जाएगी। वहीं, अंबा की जर्जर और काफी गहराई में दब चुकी नाली के स्थायी समाधान के लिए नई नाली निर्माण का प्रस्ताव विभाग को भेजा जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को जलजमाव और नाली जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद जगी है।